सेंसेक्स 72,790.13 ▲ -352.66
डॉलर 82.874 ▼ -0.008

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 28.0 | 16.0 | 24.0 |
| धनबाद | 30.0 | 19.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 33.0 | 20.0 | 27.0 |
| पलामू | 30.0 | 18.0 | 24.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 27 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 131, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — अमूल : भारत की डेयरी क्रांति की यात्रा ...8



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



'लीकेज-घोटालों को रोकने से रेलवे के ... 12 — देश/विदेश



## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।


## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,230
चांदी (किलो) 69,830

## एक नजर

### पद्मश्री से सम्मानित मशहूर गजल गायक पंकज उधास का निधन



**नई दिल्ली।** अपनी जादुई आवाज से लोगों का दिल जीतने वाले गायक पंकज उधास का निधन सोमवार को हो गया। वे 72 साल के थे। यह जानकारी उनके बेटी ने दी है। उन्होंने मुंबई के ब्रीचकैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली। पंकज उधास के निधन से संगीत जगत में शोक छा गया है। फिल्म नाम में 'चिठ्ठी आई है...'गाना से पंकज उदास चर्चा में आए थे। "चांदी जैसा रंग हो तेरा सोने जैसा बाल.." गजल गाने वाले पंकज उधास की आवाज हमेशा के लिए शांत हो गई है। पंकज की बेटी नायब उधास ने अपनी एक पोस्ट में लिखा कि हमें आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि पद्मश्री पंकज उधास का निधन हो गया है। पिछले दस दिन से उनका इलाज चल रहा था। पंकज उधास का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा। सरकार ने उन्हें 2006 में पद्मश्री से सम्मानित किया था। पंकज उधास के निधन के बाद गायक शंकर महादेवन और अन्य मशहूर हस्तियों ने भी दुख व्यक्त किया है। उनका जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के जेतपुर में हुआ था।

**प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मशहूर गजल गायक पंकज उधास के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी गजलें सीधे आत्मा से बात करती थीं। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर अपने शोक संवेदना में लिखा है हम पंकज उधास के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, जिनकी गायकी कई तरह की भावनाओं को व्यक्त करती थी और जिनकी गजलें सीधे आत्मा से बात करती थीं। वह भारतीय संगीत के एक प्रकाश स्तंभ थे, जिनकी धुनें पीढ़ियों से चली आ रही थीं।

### आज सदन में पेश किया जाएगा सरकार का अंतिम फुल बजट

# विपक्ष के हंगामे और बायकाट के बीच अनुपूरक बजट पास

### पेपर लीक का मामला गूंजा सदन में, सीबीआई जांच की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन 4981 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट पास हो गया। इस दौरान विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। वहीं वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव मंगलवार को वर्तमान सरकार का अंतिम फुल बजट पेश करेंगे। अनुपूरक बजट पास होने के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई । इसके पूर्व झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई । सत्र शुरू होते ही सदन में जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक का मामला गूंज उठा। भाजपा विधायक वेल में पहुंचकर जोरदार हंगामा करने लगे और पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग करने लगे। इस बीच प्रश्नकाल में भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक का मामला उठाया। भाजपा विधायक ने कहा कि 25 से 30 लाख रुपये में पेपर बेचा गया। आयोग के अध्यक्ष ने इस्तीफा दे दिया। यह पूरे राज्य को शर्मसार करने वाली घटना है। आखिर इस मामले का किंग पिन कौन है, राज्य की जनता यह जानना चाहती है। सरकार इस मामले की सीबीआई जांच कराये। इस पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि नौजवानों की जिंदगी से कोई खिलवाड़ नहीं होगा। एसआईटी का गठन किया गया है। अगर एसआईटी जांच सफल नहीं होती है तो आगे की कार्रवाई की जायेगी। भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी ने कहा कि एसआईटी के बड़े लोगों तक पहुंचने से पहले मामले को दबा दिया जायेगा। इस मामले में विधानसभा के कर्मचारी भी संलिप्त है। सरकार अपने लोगों को बचाने के लिए सीबीआई जांच से भाग रही है। इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि जल्द से जल्द परीक्षा ली जानी चाहिए। इसके बाद भाजपा विधायक वेल में आ गये और नारेबाजी करने लगे। भाजपा विधायकों के हंगामे के कारण स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके पहले भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर भी जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा विधायकों ने झारखंड सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### कर्ज और सूद के बोझ से जनता को निकालने का हर प्रयास कर रही राज्य सरकार



वित्त मंत्री वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने तृतीय अनुपूरक बजट पर बोलते हुए कहा कि पिछली सरकारों में जनता पर कर्ज का बोझ लाद दिया गया था, लेकिन मौजूदा सरकार इसे लगातार कम करने में लगी है। सरकार फिजूल खर्ची कम कर रही है । उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार ने 11 से 12 प्रतिशत तक ब्याज पर कर्ज लिया था। लेकिन हमने बैंकों से प्री-रिपेमेंट के आधार पर लोन लिया। हम सूद का बोझ खत्म करना चाहते हैं। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि बार-बार कहा जा रहा है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष की बजट राशि उम्मीद के मुताबिक खर्च नहीं हुई है लेकिन यह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी 2024 तक बजट राशि में से 75 हजार 684 करोड़ रु. खर्च हो चुके हैं। राज्य सरकार सिर्फ राजस्व वसूली और खर्च ही नहीं कर रही बल्कि बुरे समय के लिए बचत भी कर रही है, सरकार ने अब तक 1600 करोड आरबीआई में जमा कर रखा है। जिसे जब चाहे निकल सकती है। वित्त मंत्री ने माना कि पूर्व में हुई गलतियों की वजह से करीब 10 हजार करोड़ का हिसाब नहीं मिल पा रहा है। उसपर सरकार का ध्यान है। इसी वजह से वर्तमान सरकार ने खर्च का ऑडिट कराना शुरू किया है ताकि यह पता चल सके कि वाकई प्लान पर खर्च हो रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने काफी फिजूलखर्ची की थी लेकिन वर्तमान सरकार इसको चेक एंड बैलेंस कर रही है। इसके पहले 12.30 बजे सदन के शुरू होते ही दुबारा भाजपा विधायक वेल में हंगामा और नारेबाजी करने लगे, हंगामा और नारेबाजी के बीच ही सत्ता और विपक्ष के विधायकों ने अपने क्षेत्र के समस्याओं को सदन में रखा, शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड विधानसभा में झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 रिपोर्ट पेश किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि झारखंड की जीएसडीपी राष्ट्रीय लेखा के आधार पर 2011-12 में लगभग एक लाख 50 हजार करोड़ रुपये का था, जो 2018-19 में बढ़कर दो लाख 29 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है और वर्तमान में 3 लाख 05 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। कोविड काल में ये आंकड़े गिर गया था। हालांकि, तब से राज्य की जीएसडीपी में लगातार वृद्धि हुई है। वित्तमंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने बताया कि वर्ष 2020-21 में झारखंड का देश की जीडीपी में 1.6 प्रतिशत का योगदान था, जो वर्ष 2021-22 में बढ़कर 1.63 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2022-23 में इसमें मामूली गिरावट आई और यह आंकड़ा 1.62 प्रतिशत पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रति व्यक्ति के संदर्भ में झारखंड देश के शेष पृष्ठ 11 पर

### कुडू में उग्रवादियों ने की फायरिंग

## जेसीबी ऑपरेटर को लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कुडू में सोमवार को उग्रवादियों द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। इस दौरान सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए जेसीबी के ऑपरेटर को गोली लग गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि कुडू प्रखंड के ब्लॉक मोड़ में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क रोजगार योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। सोमवार को वहां हथियार से लैस तीन उग्रवादी पहुंचे और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। इस फायरिंग में जेसीबी ऑपरेटर धीरज कुमार सिंह के बाएं हाथ में गोली लगी है। जिसके बाद उसे लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि सड़क निर्माण के काम का ठेका चरण महादेव कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि तीन उग्रवादी पैदल निर्माण स्थल पर पहुंचे और जेसीबी को रुकवा कर फायरिंग की। जिससे ऑपरेटर धीरज कुमार सिंह के बाएं हाथ में गोली लग गई। इसके बाद वह जेसीबी स्टार्ट कर भागने लगे। इसपर उग्रवादियों द्वारा दोबारा फायरिंग की गई। वहीं घटनास्थल पर भाकपा माओवादी ने चार हस्तलिखित पर्चा छोड़ते हुए घटना की जिम्मेदारी ली है। पर्चा में लिखा है कि बिचौलिए-दलाल होश में आएं। घमंड में चूर रहकर पुलिस के साथ मिलकर गलत कार्य करना बंद करें।

### हेमंत के विस के बजट सत्र में शामिल होने के मामले में

## झारखंड हाई कोर्ट का फैसला सुरक्षित



**रांची।** जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मामले में सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी कोर्ट की ओर से बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दिए जाने को हेमंत सोरेन की ओर से हाई कोर्ट में चुनौती दी गयी है। इससे पहले सोमवार को मामले में ईडी की ओर से जवाब दायर किया गया। हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वर्चुअल मोड में पक्ष रखते हुए कहा कि हेमंत सोरेन चार्जशीटेड नहीं हैं। वे चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं और झारखंड के पूर्व सीएम रह चुके हैं। सिब्बल ने कहा कि विधानसभा सत्र में भाग लेना उनका संवैधानिक अधिकार है। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में प्रतिदिन हरेक विभाग का मनी बिल पास होता है। इसलिए हेमंत सोरेन का सदन में रहना जरूरी है। यह बजट शेष पृष्ठ 11 पर

### पीएम ने किया दस नवनिर्मित एलएचएस का उद्घाटन

## नये स्टेशन में लगेगा देवी मां का चित्र : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलामू जिले के रेलवे सीआईसी सेक्शन अंतर्गत हैदरनगर व मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही 10 स्थानों पर क्रमशः सिंगरा खुर्द, सिंगरा कला, गाड़ीगांव, गुरहा, दंगवार, हरिहर चौक जपला, मोहम्मदगंज, हैदरनगर बहेरा एवं काजी विगहा में निर्मित अंडरपास का उद्घाटन किया। ऑनलाइन आयोजित सभा में पीएम श्री मोदी ने कहा कि रेलवे से जुड़ी समस्याएं हमेशा बनी रहेगी पर बड़ी-बड़ी समस्याओं का समय रहते निदान होना चाहिए, ताकि जनता की कठिनाई दूर हो सके। जनता को आवागमन में सुविधा मिल सके। अपने देश का जो विकास हो रहा है इसके पीछे एक और भी सोच है यदि हमें 2045 तक इस देश की अर्थ व्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित करना है तो वैश्विक स्तर पर सुविधाओं का होना आवश्यक है। ऑनलाइन आयोजित शेष पृष्ठ 11 पर

## चाईबासा से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा भाजपा में शामिल




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चाईबासा से कांग्रेस की सांसद गीता कोड़ा सोमवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की मौजूदगी में प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति करती है। सबको साथ लेकर चलने की बात करने वाली पार्टी में केवल एक परिवार का कब्जा है। उन्होंने कहा कि वे वहां असहज हो रही थीं। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली से प्रभावित हैं। भाजपा के नेतृत्व में ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। साथ ही शेष पृष्ठ 11 पर

# राज्य के 27 स्टेशनों का होगा पुर्नविकास



- राज्य के बीस स्टेशनों पर आयोजित किए गए कार्यक्रम
- नामकुम स्टेशन पर मौजूद रहे डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा व सांसद

**रांची/नई दिल्ली।** शहर के रेलवे स्टेशनों के दोनों किनारों को एक साथ मिलाकर 'शहर के केंद्र' के रूप में विकसित करने की महत्वकांक्षी योजना को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रेलवे इंफ्रस्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने के एक बड़े अभियान की शुरूआत की। इसके तहत प्रधानमंत्री ने 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2,000 रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास किया जाएगा। इस दौरान रांची रेल मंडल की 27 परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया गया। इसके लिए रांची के नामकुम रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद संजय सेठ, सांसद महुआ मांझी, मंत्री दीपक बिरूवा, डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा समेत कई रेलवे अधिकारी मौजूद थे। पुनर्विकास के बाद स्टेशनों पर सुंदर भूदृश्य, इंटर मॉडल कनेक्टिविटी, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट समेत आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इन स्टेशनों को पर्यावरण और दिव्यांगों के अनुकूल पुनर्विकसित किया जाएगा।

### इन स्टेशनों के पुनर्विकास का हुआ है ऑनलाइन शिलान्यास

टाटानगर, चाईबासा, चक्रधरपुर, गम्हरिया, गोड्डा, जामताड़ा, दुमका, देवघर, डंगवापोसी, लोहरदगा, सीनी, विद्यासागर, बासुकिनाथ, बड़ाजामदा जंक्शन, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, बालसिरिंग, बानो, गंगाघाट, रामगढ़ कैंट, मूरी जंक्शन, सिल्ली, टाटीसिल्वे, नामकुम, ओरगा, गोविंदपुर रोड और शंकरपुर।

### इन स्टेशनों पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

महुआबुआंग, बानो, लोहरदगा, झालदा, तुलिन, मुरी, नामकुम, टाटीसिल्वे, सिल्ली, गंगाघाट, ओरगा, इटकी, अरगोड़ा, बालसिरिंग, लोधमा, रामगढ़, गोविंदपुर रोड, सुइसा, बकरकुदी, बकसपुर।

### पुनर्विकास के बाद मिलेंगी ये सुविधाएं

- वेटिंग रूम, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं मिलेंगी।
- स्टेशन सिटी सेंटर के रूप में विकसित होंगे।
- स्टेशनों पर रूफ प्लाजा बनेगा।
- लिफ्ट, एस्कलेटर, लाउंज की बेहतर व्यवस्था होगी।
- स्टेशन में फूड कोर्ट की सुविधा होगी।
- स्टेशन पर शॉपिंग जोन की व्यवस्था होगी।
- बच्चों के लिए खेलने की सुविधा भी होगी।
- प्रवेश एवं निकास द्वार अलग-अलग होंगे।
- बहुस्तरीय पार्किंग व्यवस्था बनेगी।

## इंडिया

# खुशी का राज और भ्रष्टाचार का कारण



सुनील बादल



**दुनिया** का सबसे खुशमिजाज, खुशहाल देश कौन सा है। ऐसा देश जहां कभी कोई मायूस नहीं नजर आता है। हर कोई मस्ती में अपनी जिंदगी जीता रहता है। गत मार्च में जारी वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2023 के मुताबिक, दुनिया के 146 देशों में से हर देश के एक हजार नागरिकों को सर्वे में शामिल कर 0 से 10 के रेटिंग स्केल पर उनकी लाइफ क्वालिटी,सोशल स्पोर्ट सिस्टम, भरोसा, करप्शन, पर्सनल लाइफ जैसे फैक्टर्स पर खुशी का अनुमान लगाया गया।जिसमें फिनलैंड सबसे टॉप पोजिशन पर पाया गया।आइए देखते हैं बाकी देशों का क्या हाल है और अपना आकलन करें। दुनिया के सबसे खुशहाल देशों में पहला नंबर फिनलैंड का है। जो सबसे हैप्पी कंट्री है। इस देश के लोग आपस में प्रेम पूर्वक रहते हैं। उनके रिश्ते काफी मजबूत हैं। यहां आजादी के साथ लोग लाइफ जीना पसंद करते हैं। लोवर इनकम इनिक्वालिटी, हाई सोशल सपोर्ट, फैसले लेने की आजादी और न के बराबर करप्शन के आधार पर इस देश को सबसे खुशहाल देश माना गया है फिनलैंड के बाद उसके ही पास बसा डेनमार्क दुनिया का दूसरा सबसे खुशहाल देश है। डेनमार्क में फ्री मेडिकल केयर, शैक्षिक विशेषाधिकार, बच्चों की देखभाल के लिए सब्सिडी और पैरेंट्स की छुट्टी जैसे कई आधार उसे खुशमिजाज देशों की श्रेणी में लाता है। दुनिया का तीसरा सबसे खुशहाल देश आइसलैंड है आग और बर्फ की भूमि के नाम से मशहूर यह देश खुशियां बांटने के साथ ही सुरक्षा और लैंगिक समानता के तौर पर काम करता है।यहां के लोग काफी मस्ती से लाइफ एंजॉय करते हैं। दुनिया के सबसे खुशहाल देशों की लिस्ट में चौथा नंबर नीदरलैंड का है। जहां स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और पर्सनल लिबर्टी पर सबसे ज्यादा फोकस दिया जाता है। यहां की सांस्कृतिक विविधता परंपराओं को आपस में जोड़कर इस देश के लोगों को खुशहाल बनाने का काम करती है। दुनिया के खुशहाल देशों में स्कैंडिनेवियाई स्वीडन का भी नाम है। यहां के लोग कम तनाव लेना पसंद करते हैं। लाइफ के प्रति इनका नजरियां भी बिल्कुल अलग होता है। इनके जीवन जीने की कला ही इनकी खुशी का राज माना जाता है। अब हमारा ध्यान अपने देश की ओर जाता है जहां की रेटिंग थोड़ी सुधारी अवश्य है पर अभी भी हम भ्रष्ट और बेचैन राष्ट्र हैं जहां के बारे में कहा जाता था कि यह सोने की चिड़िया थी जिसके आकर्षण में हजारों मील दूर से आक्रमणकारी और लुटेरे बार बार यहां आते रहे । तब की मौखिक कथाओं और प्राचीन ग्रंथों में जिस सुखी भारत देश की चर्चा है वह बेचैन तो बिल्कुल ही नहीं था जिस कारण लोग सुखी थे । आज क्या है कि हम भ्रष्ट भी हैं और बेचैन भी? कहा जाता है कि भूखे इंसान का कोई धर्म या जात या सिद्धांत नहीं होता ।सदियों की गुलामी ने हमें लाचार ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से कमजोर बना दिया है और हमारे अंदर एक असुरक्षा की भावना भर गई है जो ऊपर वर्णित सबसे सुखी देशों में नहीं है। अपने देश के सभी लोग भ्रष्ट हैं ऐसा भी नहीं है पर आज भ्रष्टाचार शिष्टाचार का रूप ले चुका है यह भी सच है। सत्ता की शक्ति और संगठन की ताकत जिसके पास आई उसमें से बहुत से नए लोग उसे संभाल नहीं पाते और उनके अंदर एक हवस एक अतृप्ति रहती है जो किसी भी रास्ते कितना भी धन आ जाए उनकी इच्छाएं नहीं मरती ये लोग स्वेच्छा से यानी करप्ट बाई चॉइस हैं। दूसरे प्रकार के भ्रष्ट वे मामूली लोग हैं जो मजबूरी में भ्रष्ट हैं। इन्हें समाज की दुत्कार से बचने के लिए या भ्रष्ट तंत्र से अपना काम निकालने के लिए भ्रष्ट तरीके अपनाने पड़ते हैं ये करप्ट बाई फोर्स हैं ।अन्य सामान्य लोग हैं जो समाज को दिखाने और झूठी शान के लिए महंगी शादियां कराने या रहने के लिए घर बनाने के लिए भ्रष्ट तरीके अपनाने को मजबूर हैं। ऑनलाइन से भ्रष्टाचार कम तो हुआ पर अभी भी भारत को बहुत सुधार करना है। सादा जीवन उच्च विचार सबसे उत्तम जीवन शैली है और इसमें आवश्यकताएं सीमित हो जाती हैं जिससे मन दिखावे की ओर नहीं जाता और शांति अपने आप आ जाती है। यदि हम किसी किसी साधारण वस्त्र और रखरखाव वाले ईमानदार व्यक्ति को बढ़ावा और सम्मान देते हैं तो हम अच्छाई को बढ़ाने की मुहिम में योगदान दे रहे होते हैं।

### ज्ञानवापी केस : मुस्लिम पक्ष को झटका व्यासजी तहखाने में जारी रहेगी पूजा

**प्रयागराज।** ज्ञानवापी केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी। मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज होने से व्यास जी तहखाने में पूजा अर्चना जारी रहेगी। मुस्लिम पक्ष ने तहखाने में काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को पूजा का अधिकार दिए जाने को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट द्वारा मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज होने के बाद व्यास जी तहखाने में पूजा अर्चना जारी रहेगी। हाईकोर्ट ने वाराणसी जिला जज के 31 जनवरी के पूजा शुरू कराए जाने के आदेश को सही करार दिया। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने फैसला सुनाया। मुस्लिम पक्ष यानि अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने जिला जज वाराणसी के पूजा शुरू कराए जाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने 15 फरवरी को दोनों पक्षों की लंबी बहस के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। मामले में हिंदू पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट सीएस वैद्यनाथन व विष्णु शंकर जैन ने बहस की थी। जबकि मुस्लिम पक्ष की ओर से सीनियर एडवोकेट सैयद फरमान अहमद नकवी व यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता पुनीत गुप्ता ने पक्ष रखा था। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट की ओर से अधिवक्ता विनीत संकल्प ने दलीलें पेश की। मुस्लिम पक्ष अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने व्यास जी तहखाने में पूजा अर्चना की इजाजत दिए जाने के जिला जज वाराणसी के फैसले को चुनौती थी. बता दें कि जिला जज वाराणसी ने 31 शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### अकीदत के साथ मनी शब-ए-बारात

**छतरपुर।** खाटीन जामा मस्जिद के साथ पूरे प्रखंड में रौशनी का त्योहार शब-ए-बारात पूरे अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र स्थित सभी कब्रिस्तानों पर रौशनी से सुसज्जित कर मस्जिदों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मुस्लिम धर्म के लोगों ने मस्जिदों में जाकर पूरी रात इबादत कर अपने गुनाहों की माफी के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। बताया कि शब-ए-बारात को एक साल की रोजी-रोटी व बरकत अल्लाह मुकद्दर में लिखता है।

### राजेश रंजन ने थाना प्रभारी का लिया पदभार



**छतरपुर।** नए थाना प्रभारी राजेश रंजन ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छतरपुर पुलिस हमेशा क्षेत्र के आम लोगों की मदद के लिए तैयार रहेगी। पुलिस और आम लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर बेझिझक उनसे कभी भी मिल सकता है। आपराधिक गतिविधियों पर रोकथाम के लिये असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जायेगी।

### भाजपा जनप्रनिधियों ने थाना प्रभारी से की मुलाकत



**मनातू।** भारतीय जनता पार्टी के कई जनप्रतिनिधियों ने नवनियुक्त थाना प्रभारी निर्मल उरांत से मुलाकात कर उन्हें नव पदस्थापना की शुभकामना दी। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रतिनिधि विगु साव, उप प्रमुख पति अयोध्या प्रसाद, मंडल उपाध्यक्ष हरेंद्र पासवान, लक्ष्मण साव,मीडिया प्रभारी अंतू यादव, शत्रुघ्न साहू, जितेश्वर यादव आदि मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने समवेत स्वर में कहा कि क्षेत्र में शांति व सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ यथासंभव सहयोग किया जायेगा। थाना प्रभारी ने कहा कि जन सहयोग से ही सामाजिक कुरीतियों का खात्मा किया जा सकता है।

## पीएम ने 41 हजार करोड़ से 554 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का किया शिलान्यास

# रेलवे के विकास से देश के विकास को मिलेगी गति



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के कुल 554 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य सहित अन्य योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इससे पूर्व सांसद विष्णु दयाल राम ने पंडाल में उपस्थित लोगों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौतरफा विकास के तहत 1500 रोड ओवर ब्रिज / अंडरपास का शिलान्यास व उदघाटन करने के बाद राष्ट्र को समर्पित किया है। इस कार्यक्रम में हैदरनगर स्टेशन का पुनर्विकास भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत योजना में हैदरनगर व मोहम्मदगंज स्टेशन भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कुल 41 हजार करोड़ की लागत से एक साथ पूरे देश भर में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 स्टेशनों के पुनर्विकास व 1500 रोड ओवर ब्रिज तथा आरयूबी / एलएचएस का लोकार्पण करने का ऐतिहासिक कार्य होने से देश के विकास को गति मिलेगी। इस कड़ी में पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेलमंडल से 33 स्टेशनों के पुनर्विकास व 72 आरओबी, अंडरपास निर्माण को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में वरीय मंडल अभियंता (सिग्नल) प्रदीप कुमार, जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, भाजपा नेता रविन्द्र कुमार सिंह, विनोद सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, रामप्रवेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. अजय जायसवाल, पंसस शैलू जायसवाल, मुखिया संतोष कुमार सिंह मौजूद थे। इस कार्यक्रम में स्थानीय माता देवरानी पब्लिक स्कूल सहित पांच स्कूलों के बच्चों ने देशभक्ति आधारित गीतों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

**13 करोड़ से बदलेगी हैदरनगर की सूरत :** सांसद ने बताया कि इस दौरान 13 करोड़ रुपये की लागत से हैदरनगर स्टेशन की सूरत बदली जायेगी। जिसमें सामान्य व दिव्यांग जनों के लिये फुट ओवर ब्रिज, रोशनी, पानी, प्रतीक्षालय की बेहतर सुविधा बहाल की जायेगी। साथ ही प्लेटफार्म पर ट्रेनों के आगमन व प्रस्थान की सूचना डिस्पले पर दी जायेगी। इस दौरान पीएम के लाइव कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध



**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सोमवार को हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित वीडियो कांफ्रेसिंग कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान हैदरनगर प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बहेरा से सटे नवनिर्मित रेलवे अंडरपास का प्रधानमंत्री ने उद्घाटन भी किया। इससे पूर्व रेल अधिकारियों के दिशा-निर्देश के तहत प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय, सहायक शिक्षक संजय राम व कुसुम देवी ने वर्ग चार व पांच के स्कूली बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल कराया। चित्रकला, निबंध प्रतियेगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर नौ बच्चों को मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक) सुरजीत सिंह ने बच्चों को सम्मान पत्र प्रदान किया। उत्कृष्ट बच्चों में रुपेश कुमार, अभिषेक, राहुल, सागर, अनिका कुमारी, अंजली, प्रिया, बालबीर कुमार, चंदन शर्मा आदि शामिल हैं।

### मोहम्मदगंज में यात्री सुविधा पर खर्च होंगे 13 करोड़



**मोहम्मदगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग से 12.95 करोड़ की लागत से प्रस्तावित पुनर्विकास कार्य की योजनाओं का शिलान्यास किया। प्रस्तावित योजनाओं मे स्टेशन के डाउन प्लेटफॉर्म के जीर्णोद्धार के साथ उसकी लंबाई बढ़ाने, फुट ओवर ब्रिज,प्लेटफॉर्म पर स्क्रीन डिस्प्ले बोर्ड, वातानुकूलित वेटिंग हॉल, वाहन पार्किंग,पार्क सहित सभी प्लेटफॉर्म पर व्यवस्थित यात्री शेड व अन्य जरूरी यात्री सुविधायें बहाल की जायेंगी। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डा. कर्नल संजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत को विश्व गुरु बनाने में भारतीय रेल की अग्रणी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे के विकास और यात्री सुविधाओं में विस्तार के साथ ही माल ढोलाई की दिशा में पहले की अपेक्षा में चार गुना वृद्धि हुई है। युवा समाजसेवी जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में रेलवे के क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास और बदलाव देखने को मिला है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सांसद वीडी राम के कार्यकाल में देश के अन्य क्षेत्रों के साथ ही इस रेलखंड में विकास के अतुलनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने गरीब रथ एक्सप्रेस का मोहम्मदगंज स्टेशन पर ठहराव की मांग की। मौके पर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने समूह नृत्य के अलावा भाषण, पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। नोडल पदाधिकारी इंदु प्रकाश के साथ महेन्द्र प्रसाद सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह,मुखिया कमला देवी और पंसस ममता देवी ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। संचालन विनोद कुमार ने किया। आयोजन में टीआई अंबरीष भारतीय,स्टेशन अधीक्षक संजय कुमार, एसएम सुधीर कुमार मंगलम, मनोज कुमार, सुबोध कुमार भारती, विश्व भारती, इंद्रजीत कुमार, ज्वाला प्रकाश, वेलफेयर ऑफिसर डीके सिन्हा उपस्थित थे।

### बक्सी उच्च विद्यालय के समीप बने अंडरपास का उद्घाटन



**हुसैनाबाद।** शहर के बक्सी उच्च विद्यालय के पीछे बने अंडरपास का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वर्चुअल उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक मंडल विद्युत अभियंता अमन कुमार ने व संचालन योगेंद्र कुमार सिंह ने किया। रेलवे के अधिकारियों ने निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी आदि नगर पंचायत प्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व शहर के कन्या मवि,रेड रोज पब्लिक स्कूल ,लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल की छात्राओं ने गणेश वंदना पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। वाराणसी से आये गायक पांडेय जी की टीम द्वारा भजन की प्रस्तुति की गयी। मौके पर संजीव पांडेय, राजेश पांडेय,संजीव कुमार,स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार, टीटीई आशीष कुमार, संतोष शर्मा, अनूप सिंह, अर्जुन प्रसाद गुप्ता,उमा देवी, नौलेश कुमार, अविनाश कुमार,रवि कुमार, संजित कुमार, राजीव रंजन सिंह, नरेश कुमार, अजय कुमार आदि मौजूद थे।

# सामुदायिक भवन व नाली निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगी राहत

### विधायक ने हरिहरगंज व पिपरा में तीन योजनाओं का किया ऑनलाइन शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सोमवार को हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड में तीन योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। पिपरा प्रखंड के भीतिहा गांव में सामुदायिक भवन तथा दलपतपुर में नाली निर्माण कार्य योजना का कार्यस्थल पर मौजूद एनसीपी के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। वहीं विधायक कोटे से हरिहरगंज शहरी क्षेत्र अंतर्गत वैद्य विगहा रोड़ से रौशन सिंह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह ने नारियल फोड़कर किया। इस दौरान ऑनलाइन संबोधन में विधायक ने कहा कि जाति , धर्म से ऊपर उठकर पूरे विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे कृत संकल्पित हैं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, जिला सचिव अजय सिंह, मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह, शिक्षक सुरेश कुमार सिंह, भोला सिंह, समाजसेवी जानू चौधरी, राजू शर्मा, लखन सिंह, सुदामा ठाकुर, विकास सिंह, सुदर्शन सिंह, अखिलेश यादव, सचिन यादव, कैलाश यादव, अमलेश यादव उपस्थित थे।

### वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति का पुनर्गठन

**मेदिनीनगर।** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के पलामू जिला कमेटी की रविवार को पलामू क्लब में हुई बैठक में सर्वसम्मति से नई कमेटी गठित की गई। अध्यक्ष संदीप पासवान, महासचिव संजय पासवान, उपाध्यक्ष अशोक पासवान, ललन पासवान, विनय पासवान, विनय पासवान (मुखिया), रामप्रवेश पासवान, डा. ओमप्रकाश पासवान, सतीश पासवान व अरविंद पासवान को चुना गया। इसके अलावा संगठन सचिव संजय पासवान, रविन्द्र पासवान (पुर्व प्रमुख) व अशोक पासवान (पांडू), संयुक्त सचिव रघुनाथ पासवान, बिनोद पासवान (शिक्षक) व बिनोद पासवान (हिसरा बरवाडीह), कोषाध्यक्ष ब्रजेश पासवान, जिला प्रवक्ता बिनय मांझी, कार्यालय सचिव राजनारायण पासवान (शिक्षक) बनाए गए हैं। सिकन्दर पासवान (रेलवे) को अंकेक्षक, विकास पासवान को मिडिया प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग के जिलाध्यक्ष डा. सरोज कुमार पासवान, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष उमेश पासवान, युवा कमेटी के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार पासवान (बंटु) को बनाया गया है।

## सिंचाई विभाग मैदान में रायशुमारी महासम्मेलन जुटान कार्यक्रम की तैयारी शुरू

# चतरा से स्थानीय उम्मीदवार की मांग तेज



नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** चतरा लोकसभा चुनाव में स्थानीय सांसद प्रत्याशी की मांग को लेकर सरगर्मी तेज हो चुकी है। विदित हो कि चतरा लोकसभा क्षेत्र भारत का एकमात्र ऐसा क्षेत्र है। जिस पर केबीसी में भी सवाल पूछा जा चुका है। वर्ष 1957 से लेकर आज तक चतरा लोकसभा में कोई भी स्थानीय प्रत्याशी सांसद नहीं बन सका है। जिसका मलाल क्षेत्रीय नागरिक समय-समय पर प्रगट भी करते रहे हैं। इसी को देखते हुए चतरा लोकसभा के कई दिग्गज नेता, पंचायतों के जन प्रतिनिधि व समाजसेवियों के साथ आम जनता भी स्थानीय प्रत्याशी की मांग शुरू कर दी है। लोगों ने नारा देना भी शुरू कर दिया है कि अपनी मिट्टी अपना वोट, बाहरी आए तो देंगे चोट,हम सभी की एक ही मांग, अबकी बार स्थानीय उम्मीदवार । चतरा लोकसभा अंतर्गत आने वाले पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी सह पांकी अनुमंडल संघर्ष समिति के संयोजक लाल सूरज ने सोमवार को बांदुबार स्थित अपने आवास पर आयोजित वार्ता में कहा कि अब तक संसदीय क्षेत्र में 16 बार हुये चुनाव में बाहरी ही सांसद बनते आये हैं। यह क्षेत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण विषय है। श्री सूरज ने बताया कि आगामी तीन मार्च को पांकी स्थित सिंचाई विभाग के मैदान में चतरा लोकसभा स्तरीय स्थानीय उम्मीदवार को लेकर रायशुमारी महासम्मेलन जुटान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। की गई है । इसमें लोकसभा के विभिन्न जगहों से लोग उपस्थित होंगे। इस दौरान इस बार स्थानीय उम्मीदवार बनाये जाने की जोरशोर से मांग की जायेगी। मौके पर पांकी विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, कांग्रेस नेता निरंजन यादव ,पूर्व मुखिया कामख्या नारायण सिंह, राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला अध्यक्ष प्रो. बच्चन ठाकुर,नौगढ़ मुखिया पाइनर पाण्डे, भीम शुक्ला, आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य अकमल खान ,पकरिया मुखिया पति मिंटी वर्मा, प्रसिद्ध सिंह, समाजसेवी अरविंद सिंह, कोनवाई मुखिया पति बृजदेव सिंह, ज्ञानी सिंह, बाबूलाल सिंह, सोनपुरा मुखिया पति मृतुन्जय सिंह,मंटू शर्मा, अरविन्द सिंह उपस्थित थे।

# रामनवमी पूजा को लेकर कमेटी का गठन



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** रामनवमी पूजा धूमधाम के साथ मनाने को लेकर रविवार की देर शाम हरिहरगंज थाने के समीप महावीर मंदिर के प्रांगण में भीमसेन शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुयी। बैठक के दौरान कमेटी का विस्तार करते हुए चैत रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर रामनवमी पूजा समिति का विस्तार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सन्नी गुप्ता को अध्यक्ष चयनित किया गया। साथ ही सचिव चंदन जायसवाल, कोषाध्यक्ष साकेत शौंडीक, व्यवस्थापक सोनू जायसवाल, दिलीप स्वर्णकार, राजेश शौंडीक व रविकांत रवि बनाये गये। पूजा मंत्री रोहित कुमार, अंकित चंद्रवंशी व सौरभ पाठक, अखाड़ा मंत्री रामजी सिंह, दीपक सोनी व ओमप्रकाश, उपाध्यक्ष अमित कुमार, करण राजवीर, प्रेम गौरव, पवन रजक, सोनू कुमार व सत्येंद्र साव, उप सचिव पवन कुमार, गौरव शौंडीक व संजीव कुमार, उप कोषाध्यक्ष उदय गुप्ता, गोलू शौंडीक, पवन कुमार व रिशु गुप्ता, जुलूस प्रभारी बल्लू बलराम, जेपी गुप्ता, अजय, कुंदन, अविनाश, माखन, अंकित, सोनू, पुरुषोत्तम जायसवाल, अंकित, कन्हाई, हिमांशु, संरक्षक सत्येंद्र, निरंजन, विमलेश, रंजन, महेश उर्फ.पिंटू व शिव नियुक्त किये गये।

# सामाजिक प्रगति के लिये इतिहास से लें सबक

### माता शबरी जयंती सह भुईयां मिलन समारोह का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** माता शबरी जयंती सह भुईयां मिलन समारोह का आयोजन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय छात्रावास के मैदान पर सोमवार को किया गया। जिसका उद्घाटन माता शबरी, दशरथ मांझी व बाबा तुलसी वीर की पूजा-अर्चना के बाद फीता काट कर पाटन-छतरपुर की विधायक पुष्पा देवी, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता व जिप सदस्य सुधा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर आगंतुक अतिथियों का स्वागत फूल माला व अंगवस्त्र देकर किया गया। विधायक पुष्पा ने कहा कि माता शबरी हमारी कुलदेवी हैं। जो समाज अपना इतिहास नहीं जानता है अथवा याद नहीं रखता है। वह आगे बढ़ने में सक्षम नहीं हो सकेगा। हम लोग हर वर्ष माता शबरी की पूजा-अर्चना करते हैं। ताकि हमारा समाज सीखे और आगे बढ़े। प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती गुप्ता ने कहा कि माता शबरी के निश्चल प्रेम ने भगवान श्रीराम को भी माता शबरी की कुटिया में आने पर विवश कर दिया था। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार भुईया ने किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, अशोक भुईयां, योगेंद्र भुईयां, मनोज कुमार, राकेश भुईंयां, गुलाबचंद भुईंयां मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ग्रामसभा

## मनरेगा की सोशल आडिट के लिये ग्रामसभा का आयोजन

# जन निरीक्षण की प्रक्रिया है सामाजिक अंकेक्षण




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मनरेगा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2020-21 व 2022-23 में मोहम्मदगंज ग्राम पंचायत में कराये गए कार्यो के सामाजिक अंकेक्षण को लेकर सामुदायिक भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सोशल ऑडिटर टीम द्वारा मनरेगा योजना के मद से हुए कार्यों का ब्यौरा ग्रामसभा में प्रस्तुत किया। इस योजना के संचालन के लिए ग्रामीण जनता ने सर्वसम्मति से सिद्धार्थ कुमार को अध्यक्ष पद के लिए नामित किया। सिद्धार्थ कुमार ने मनरेगा योजना में हुए अनियमितता को सामाजिक अंकेक्षण पुस्तिका में अंकित किया। उन्होंने बताया कि चार कुआं का कार्य प्राक्कलन आधारित न होना, बिल वाउचर नहीं लगा होना, प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभुक को प्राक्कलन से कम मजदूरी भुगतान कर पोर्टल बंद कर देना, 42 योजनाओं में कार्य की मापी पुस्तिका में दर्ज की गई राशि से कम भुगतान होना, सादे कागज पर लाभुक का हस्ताक्षर लगा होना, अधूरे योजना अभिलेख में मुखिया, पंचायत सेवक और रोजगार सेवक का हस्ताक्षर होना, 27 दीदी बड़ी योजना में प्राक्कलन से कम भुगतान होना, कार्य की मापी पुस्तिका में दर्ज की गई राशि से अधिक भुगतान कर देना सहित अन्य कई योजनाओं में गड़बड़ी सामने आई है। जिसको लेकर 26 फरवरी को स्वास्थ्य उपकेंद्र राजनडीह में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता के बीच जनसुनवाई की जायेगी। सोशल ऑडिटर टीम के सदस्य श्रीराम प्रजापति ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण जन निरीक्षण की एक सतत प्रक्रिया है। इसका मूल उद्देश्य जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करना है इसलिए इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनता की भागीदारी जरूरी है। इस मौके पर सोशल ऑडिटर टीम की सदस्य उर्मिला देवी, राजू शाह, उर्मिला कुमारी,पंचायत सेवक विवेकानंद पटेल, रोजगार सेवक शमसाद अहमद,उपमुखिया रवि रंजन सिंह,रोशन कुमार नंदकिशोर मेहता,कविंद्र कुमार,सानू सिंह मौजूद थे।

# अकीदत के साथ मनाया गया शबे बरात का त्योहार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शब-ए-बारात का पर्व रविवार को जिले में अकीदत के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में काफी चहल-पहल बनी रही। विभिन्न मस्जिदों व घरों में लोग इबादत में जुटे रहे। वहीं खुदा से अपने गुनाहों की तौबा की। साथ ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पुलिस लाइन स्थित कब्रिस्तान पर भी पहुंचकर अपने पूर्वजों के लिए मगफिरत की दुआएं की। यह सिलसिला रविवार की पूरी रात चलता रहा।इससे मस्जिद और कब्रिस्तान गुलजार बने रहे।शब-ए-बारात पर्व को लेकर सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग तैयारियों में लगे रहे। मस्जिदों और कब्रिस्तानों में साफ-सफाई के साथ ही रौशनी आदि की व्यवस्था की गई। घरों में भी महिलाएं साफ- सफाई करने के बाद पकवान बनाने में लगी रहीं। शाम होते ही मस्जिदों में लोग इबादत के लिए पहुंचने लगे थे। मुस्लिम समुदाय के लोग पूरी रात इबादत और कुरआन की तिलावत कर खुदा से अपने गुनाहों की माफी मांगने में लगे रहे। साथ ही देश में अमन-चैन कायम रहे। इसको लेकर भी दुआएं भी की। इसके बाद अपने पूर्वजों के कब्रिस्तानों पर जाकर फातिहा पढ़ा। साथ ही उनके मगफिरत के लिए दुआएं की। यह सिलसिला देर रात तक देखने को मिला।मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद,बड़ी मस्जिद,मिल्लत मस्जिद के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में बड़े, बुजुर्गों के साथ ही छोटे बच्चे भी इबादत में लगे रहे। पर्व को लेकर बच्चों में काफी उत्साह भी दिखा। कई जगहों पर बकाएदे मस्जिदों और घरों में सजावट की गई। उधर पर्व पर महिलाएं घरों में हलवा समेत तरह-तरह के पकवान बनाए। साथ ही घरों में पूरी रात जागकर कुरआन की तिलावत करने के साथ ही नमाजें पढ़ी और मगफिरत की दुआएं की। इससे शहरी इलाकों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी रात चहल-पहल बनी रही।मस्जिद के मौलाना अहमद आलम ने बताया कि शब ए-बारात का त्योहार इस्लाम धर्म के सबसे महत्वपूर्ण त्योहार में से एक है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार हर साल शाबान महीने की 15वीं तारीख को शब ए- बारात मनाया जाता है। ये शब्द दो शब्दों से मिलकर बना हुआ है। शब का मतलब होता है रात और बारात का मतलब होता है बरी करना ।इस रात मुसलमान पूरी रात नमाज अदा करते हैं, कुरान पढ़ते हैं और अल्लाह से अपने पापों के लिए क्षमा मांगते हैं। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग अपनो की सलामती के लिए दुआ भी मांगते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस रात अगर सच्चे दिल से इबादत की जाए तो वो जरूर पूरी होती है। इस्लामी कैलेंडर के मुताबिक शब-ए-बारात हर साल शाबान के महीने में आती है। शाबान इस्लामी साल का आठवां महीना होता है। शाबान का महीना रजब के महीने के बाद आता है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक 12 फरवरी पीर यानी सोमवार के दिन शाबान का महीना शुरू होता है। शाबान के महीने की 15वीं तारीख को शब-ए-बारात मनाई जाती है।

## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार।
लोकसभा चुनाव 2024 में युवाओं की भूमिका अहम है। यही देखते हुए पीएम मोदी के निर्देश पर भाजयुमों द्वारा आज से युवा चौपाल का आयोजन कर युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।
ज्योति पाण्डेय, भाजयुमो जिला अध्यक्ष पलामू।

## शिक्षक न होने से एफएमटी के छात्र परेशान

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज में फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विषय में सहायक प्रोफेसर अथवा प्रोफेसर नहीं होने से छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि तृतीय वर्ष के मेडिकल के छात्र छात्राओं के लिए यह एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण पेपर है, लेकिन इस विषय का पिछले सत्र से ही कोई ट्यूटर, सहायक प्रोफेसर अथवा प्रोफेसर नहीं रहने से मेडिकल साइंस की पढ़ाई बाधित हो रही है। बताया जाता है कि पिछले सत्र में स्वास्थ्य विभाग ने केवल दो महीने के लिए रिम्स रांची से एफएमटी पढाने के लिए एक शिक्षक को भेजा था।

## तस्वीर झूठ ना बोले



सावधान! कचहरी चौक के पास खतरनाक ढंग से झुका पेड़ महीनों से जानलेवा हादसे को आमंत्रित कर रहा है। शहर के मेन रोड पर स्थित इस पेड़ पर न जाने क्यों संबंधितों की नजर नहीं पड़ रही है। (छाया-आनंद कुमार)

### स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव ने मेडिकल कालेज के प्राचार्य को लिखा पत्र

# अनुमति के बाद ही छुट्टी पर जा सकेंगे प्राचार्य व अधीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अब अनुमति के बाद ही एमएमसीएच के अधीक्षक अवकाश पर जा सकेंगे। इस संबंध में प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव ललित मोहन शुक्ला ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्ज और मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक को पत्र प्रेषित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि



22 फरवरी के बाद से मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक यदि अवकाश पर प्रस्थान करना चाहेंगे तो उन्हें सबसे पहले विभाग के सक्षम पदाधिकारी की अनुमति और स्वीकृति लेनी होगी। प्रधान सचिव स्वास्थ्य विभाग के आदेशानुसार प्राचार्य और अधीक्षक अब बगैर अनुमति व स्वीकृति के अवकाश पर नहीं जा सकेंगे। विदित हो कि अब तक मेडिकल कालेज के प्राचार्य व अस्पताल के अधीक्षक को अवकाश के लिये उपायुक्त से अनुमति लेनी पड़ती थी। अब उन्हें सीधे स्वास्थ्य विभाग रांची से अनुमति और स्वीकृति प्राप्त करनी है।

## एक नजर

### परशुराम युवा वाहिनी ने दी 11 लाख की सहयोग राशि



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी झारखंड की 21 सदस्यीय टीम ने रविवार को नई दिल्ली में आयोजित सनातन संत संसद में प्रतिभाग कर 11 लाख रुपए की दानराशि श्रीकृष्ण जन्मभूमि हेतु विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट को सौंपी। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय के दिशा-निर्देश पर टीम पटपड़गंज के उत्सव गार्डन में आयोजित सनातन संत संसद में सम्मिलित होकर सनातन धर्म, संस्कृति की रक्षा के लिए तन मन धन से सहयोग करने का भरोसा दिया। इस दौरान श्रीदेवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के माध्यम से 11 लाख रुपए का चेक विश्व शांति चैरिटेबल ट्रस्ट को समर्पित किया गया। देश के कोने-कोने से पहुंचे संतों के सनातन संत संसद में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के सदस्यों ने सनातन धर्म की रक्षा का ध्वज अपने कंधों पर उठाने का संकल्प लिया। युवा वाहिनी के मुख्य संस्थापक मनोज त्यागी ने कहा कि गर्व की बात है कि आज झारखंड से पधारे युवावाहिनी की टीम ने सनातन की रक्षा एवं गौ रक्षा हेतु सराहनीय कदम उठाया है। इससे अन्य संगठनों को भी प्रेरणा मिलेगी। युवा वाहिनी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि युवा वाहकों ने साबित किया है कि सनातन धर्म एवं संस्कृति की रक्षा और उत्थान के लिए वे अपना जीवन न्यौछावर कर देंगे। मौके पर केन्द्रीय सचिव सोनू मिश्रा, त्रिपुरारी पाण्डेय, अनिल दूबे, संजय पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, प्रदीप दूबे, मुन्ना पाण्डेय, मनीष ओझा, विकास दुबे, परितोष पाण्डेय, अमित पाण्डेय, रेवती रमण, अमन पाण्डेय, हिमांशु पाण्डेय, विक्रांत त्रिपाठी, दिलीप तिवारी, राजेश चौबे, चंदन तिवारी, सोनू पाण्डेय, सौरभ दुबे, विशाल पाण्डेय, विशाल दुबे उपस्थित थे।

### राजद कार्यकर्ताओं ने बैठक कर बनाई रणनीति

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय जनता दल द्वारा स्थानीय जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक कर आगामी तीन मार्च को पटना में आयोजित पार्टी नेता तेजस्वी यादव के जन विश्वास यात्रा में शामिल होने की रणनीति बनायी गयी। कार्यक्रम का संचालन अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजू भुइयां द्वारा किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र में सत्तासीन भाजपा सरकार की नीतियों से आमजन त्राहिमाम कर रहा है। महागठबंधन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से पटना में आयोजित महारैली में जिले से भारी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद समी अहमद व धीरेन्द्र कुमार सिंह, धनंजय पासवान, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव रूबी देवी, सदर प्रखंड अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पुष्पा सिंह, रीता देवी, प्रखंड अध्यक्ष छतरपुर संतोष कुमार यादव, सत्यनारायण यादव, महेन्द्र यादव, उपेन्द्र कुमार मेहता आदि मौजूद थे।

### प्रचारक संघ के रिवॉल्यूशनरी मैरिज एंड थॉट्स फॉर्म ने की पहल

# आनंदमार्ग की महिला पुरोहितों ने कराया अंतर्जातीय विवाह

**नवीन मेल संवाददाता**

वर पक्ष से पुरोहित अचार्य ब्रजगोपालानंद अवधूत व वधू पक्ष से महिला पुरोहित ब्रह्मचारिणी मंद्रिता आचार्य ने विवाह सम्पन्न कराया

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय पर रविवार को अनूठा विवाह देखने को मिला। पहली बात कि अंतरजातीय विवाह था, तो दूसरी बात कि बिना तिलक-दहेज लिए विवाह हुआ, जबकि तीसरी महत्वपूर्ण बात यह रही कि यह विवाह आनंदमार्ग की महिला पुरोहितों ने संपन्न कराया। स्थानीय आनंदमार्ग प्रचारक संघ के आरएम मैरिज फॉर्म की ओर से रविवार रात मेदिनीनगर के नई मोहल्ला स्थित आनंदमार्ग जागृति में लेस्लीगंज के राजहारा निवासी रामस्वरूप सिंह व अनिता की सुपुत्री डॉ. मधुमिता सिंह का विवाह बिहार के





गया निवासी कौशलेंद्र कुमार के पुत्र लोकेश कुमार देव से आनंदमार्ग पद्धति से संपन्न हुआ। वर पक्ष से पुरोहित अचार्य ब्रजगोपालानंद अवधूत व वधू पक्ष से महिला पुरोहित ब्रह्मचारिणी मंद्रिता आचार्य ने विवाह सम्पन्न कराया। इसे क्रन्तिकारी विवाह की संज्ञा दी गई। पलामू के सीनियर आनंद मार्गी सह अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह ने कहा कि क्रांतिकारी विवाह यानी बिना तिलक, दहेज व जाति विहीन, संप्रदाय विहीन विवाह को आनंदमार्ग में प्राथमिकता दी जाती है। इस विवाह में वर एवं वधू दोनों के परिवार की सहमति अति आवश्यक है। दोनों परिवार वर-वधू समान विचारधारा के हों, तभी विवाह को सफल बनाया जाता है। भेदभाव समाज में खत्म करना होगा, तभी समाज का सर्वांगीण विकास संभव होगा। विवाह समारोह में भुक्ति प्रधान मधेश्वर देव, बैजनाथ देव, विश्वनाथ सिंह, मणिकांत, गोपाल, अरविंद, चंदू, सरोज, प्रदीप, राहुल, दीपक, नंदलाल, चंदन, पन्नालाल, गणेश, सहज प्रिया, पूनम, रेनू रहीं।

क्रांतिकारी विवाह यानी बिना तिलक, दहेज व जाति विहीन, संप्रदाय विहीन विवाह को आनंदमार्ग में प्राथमिकता दी जाती है।

## दो गोल्ड सहित पांच पदक झटके





**नवीन मेल संवाददाता**

इन्डो-नेपाल चैंपियनशिप में पलामू के कराटेकारों का श्रेष्ठ प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** काठमांडू नेपाल में आयोजित इन्डो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप में पलामू के कराटेकारों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये दो गोल्ड सिहत पांच पदकों पर कब्जा जमाया। चैम्पियशिप में आनंद कुमार और शिव दयाल सिंह को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। जबकि अयान सिद्दीकी, उज्ज्वल राज व आदित्य उरांव को सिल्वर मेडल हासिल हुआ। वहीं मिक्सड मार्शल आर्ट्स टाइगर्स एकेडमी के रवि नयन को ने भी गोल्ड मेडल जीतने में सफलता प्राप्त की। इस दौरान आनंद कुमार को बेस्ट फाईटर का अवार्ड दिया गया। 22 फरवरी से आयोजित चैम्पियशिप में प्रतिभाग करने के लिये मुख्य मार्शल आर्टस प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में टीम नेपाल गयी थी। विधालय के प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श, हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, उप प्रधानाध्यापक एसपी शाहा, अमरेन्दर सर, पूजा देव, संगीत प्रशिक्षक श्याम किशोर पाण्डेय, नृत्य प्रशिक्षक संतन सोनी आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये कराटेकारों व प्रशिक्षक को शुभकामनायें दी हैं।

### गांधी स्मृति टाउन हाल में फाइनल राउंड का आयोजन ,उमड़े लोग

# टैलेंट शो में प्रतिभागियों ने बिखेरा जलवा, दिखा उत्साह





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कोयल नदी के तट पर स्थित गांधी स्मृति टाउन हॉल में आयोजित इंडियाज रियलिटी शो बेस्ड सर्च टैलेंट शो का फाइनल राउंड रविवार देर शाम आयोजित किया गया। इसमें ओवरआल बेहतर प्रदर्शन कर सिमरन ने खिताब पर कब्जा जमाया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षाविद् भूतपूर्व प्रोफेसर एससी मिश्रा ने पूर्व महापौर अरुणा शंकर, अविनाश देव, प्रतिष्ठित व्यवसायी सोनू सिंह नामधारी, साहेब सिंह नामधारी, भूतपूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला, राहुल चतुर्वेदी, प्रदीप नारायण सिंह, वंदना श्रीवास्तव, परशुराम तिवारी, विजय पाठक, मास्टर अमजद गुड्डू ने सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। टैलेंट शो की होस्ट शालिनी श्रीवास्तव व मुस्कान ने रोचक अंदाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। फाइनलिस्ट के चयन के लिए निर्णायक की भूमिका का निर्वहन वंदना श्रीवास्तव, मास्टर अमजद, परशुराम तिवारी व विजय पाठक ने किया। आयोजन समिति के फाउंडर डॉ. एसके मौर्या ने अतिथियों को अवार्ड व पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आशीष सिंह, धीरज तिवारी, दिवाकर सिंह, आलोक शुक्ला, नवनीत प्रजापति, अजय प्रसाद आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई।

### पुरस्कृत कर विजेताओं का उत्साहवर्द्धन

टैलेंट शो की मेहंदी प्रतियोगिता में जीजीपीएस स्कूल की शिक्षिका सिमरन कुमारी प्रथम, हर्षित द्वितीय व स्मृति कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। युगल नृत्य में हर्षित एंड विशाल ने बाजी मारी। किरण एंड अंशु द्वितीय जबकि मनीष एंड निकेश तृतीय स्थान पर रहे। कविता पाठ में मोनिका कुमारी प्रथम, जया लक्ष्मी द्वितीय व अनुभव मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया।

### पलामू लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेगी भाकपा

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह गढ़वा जिला प्रभारी गणेश सिंह, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी, अभय कुमार भुइयां, सोहेल अख्तर व श्रद्धानंद तिवारी ने सोमवार को आयोजित संयुक्त वार्ता में कहा कि भाकपा पलामू लोकसभा चुनाव लड़ेगी। पार्टी की तरफ से दिशा-निर्देश आ चुका है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड की सात लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जिसमें पलामू भी शामिल है। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारी में जुट जाने के लिये प्रेरित किया। कहा कि इस बार भाकपा ना सिर्फ चुनाव लड़ेगी, अपितु विजयश्री भी हासिल करेगी।

उपायुक्त ने की कोषांग के पदाधिकारियों के साथ बैठक, दिये निर्देश

# लोस चुनाव के मद्देनजर एकजुट होकर कार्य करें पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के मद्देनजर सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक की।बैठक में कोषांगवार लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर की जा रही तैयारियों से अवगत हुए और सभी पदाधिकारियों को इलेक्शन मोड में रहने की बात कही।उन्होंने कहा कि बिना टीम वर्क के चुनाव का सफल संचालन संभव नहीं है। ऐसे में आवश्यकता है कि सभी लोग एकसाथ एकजुट होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें।उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का जो दायित्व है,उसका निष्पादन नोडल पदाधिकारी अपनी देख-रेख में ससमय पूरा करना सुनिश्चित करेंगे।समीक्षा क्रम में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने प्रशिक्षण कोषांग को मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण को लेकर तिथि निर्धारण करने,कर्मियों का डाटा बेस तैयार करने,लंबित इंट्री को अविलंब पूरा करने,पोस्टल बैलेट, सुविधा केंद्र स्थापित करने, दिव्यांग मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने,वाहन कोषांग को वाहनों की संख्या का मूल्यांकन करने, सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग, स्वीप कोषांग आदि को लेकर संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। उन्होंने निर्वाचन, कार्मिक, वाहन, सामग्री, आदर्श आचार संहिता, मीडिया, प्रशिक्षण, प्रेक्षक, सहित अन्य कोषांगों का समीक्षा कर कई अन्य निर्देश दिये। उन्होंने इलेक्शन के सफल संचालन हेतु निर्वाचन आयोग का हैंड बुक में दिए गये निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने अंतर जिला पर चेकिंग अभियान को सक्रिय करने के निर्देश दिये। सभी कोषांगों के पदाधिकारियों को अगली बैठक में अपने कोषांग का पीपीटी के साथ शामिल होने की बात कही।सभी कोषांगों को अपने पदाधिकारियों के साथ बैठक करने की बात कही।मौके पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,सहायक समाहर्ता रवि कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु,सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी उपस्थित रहे।





## विमर्श

### इप्टा की संस्कृतिक पाठशाला में भारत में एकता व अखंडता पर परिचर्चा

# मेरा खून काला ना तेरा खून सफेद, यह कैसा है मतभेद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 35वीं कड़ी में भारत में एकता व अखंडता : समसामयिक परिप्रेक्ष्य पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक आचार्य रामनरेश प्रजापति एवं ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने की। विषय प्रवेश प्रेम प्रकाश ने कराया। उन्होंने कहा कि बहु सांस्कृतिक देश होने के बावजूद भारत में एकता व अखंडता का गौरवशाली इतिहास रहा है। परिचर्चा के प्रारंभ में गोविंद प्रसाद ने मेरा खून काला और ना तेरा खून सफेद,यह कैसा है मतभेद की रोचक प्रस्तुति की। उन्होंने कहा कि संविधान हमारी एकता व अखंडता को मजबूत करने का काम करता है। इसके बाद इप्टा के रंगकर्मियों ने शशि पांडे के नेतृत्व में एकता, समानता व शांति के लिए गीत प्रस्तुत किया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता नहीं रहने के कारण कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती रही है। अच्छे लाल प्रजापति ने कहा कि समान नागरिक संहिता होना चाहिए। ललन प्रजापति ने कहा कि संविधान की सुरक्षा और वर्ग व जाति विहीन समाज के निर्माण से ही देश की एकता और अखंडता को बरकरार रखा जा सकता है। अजय चौधरी ने कहा एक दूसरे के सहयोग की भावना समाज में एकता और अखंडता के लिए जरूरी है। कुलदीप राम ने कहा कि हमारा देश अखंड है और अखंड रहेगा। अभिनव मिश्र एवं घनश्याम कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य वक्ता केडी झा ने अपने वक्तव्य के कहा कि सूरज की रोशनी का कोई वतन नहीं होता और फूलों की खुशबू का चमन नहीं होता। प्रकृति के इस भाव को समझना होगा। हमारे रीति रिवाज अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन हमारा सांस्कृतिक मूल्य एक है। मौके पर प्रेम कुमार, अजीत कुमार, संजीव कुमार संजू उपस्थित थे।





बहु सांस्कृतिक देश होने के बावजूद भारत में एकता व अखंडता का गौरवशाली इतिहास रहा है।

संविधान हमारी एकता व अखंडता को मजबूत करने का काम करता है। इसके बाद इप्टा के रंगकर्मियों ने शशि पांडे के नेतृत्व में एकता, समानता व शांति के लिए गीत प्रस्तुत किया : गोविंद

### श्रीरामचरित मानस नवाह्परायण महायज्ञ समिति का गठन

**मेदिनीनगर।** रेड़मा में आयोजित श्रीरामचरितमानस नवाह्परायण महायज्ञ के 57वें महा अधिवेशन के लिये कमेटी का गठन किया गया। इसमें सत्येंद तिवारी को अध्यक्ष व आलोक तिवारी पिंटू को मीडिया प्रभारी बनाया गया। रांची रोड रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के प्रांगण में आगामी नौ से लेकर 17 अप्रैल तक होने वाले श्रीरामचरित मानस नवाह्परायण महायज्ञ के 57वें महाअधिवेशन के उपलक्ष्य में आयोजित बैठक में प्रवीण तिवारी को कार्यकारी अध्यक्ष, रिंकू तिवारी व पिंकू तिवारी को उपाध्यक्ष, शशि तिवारी व मोनू तिवारी को क्रमशः मंत्री और सह मंत्री का पद दिया गया। बृजमोहन तिवारी जी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यकारी सदस्य के रुप में कुणाल प्रियदर्शी का चयन हुआ। मौके पर पिंटू तिवारी, धनंजय तिवारी, विकास तिवारी, मुन्ना तिवारी, पारस विश्वकर्मा, संदीप विश्वकर्मा, प्रभाष तिवारी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### थाना प्रभारी गुलशन ने दिया योगदान

**कांडी।** नये थाना प्रभारी के रूप में गुलशन कुमार गौतम ने प्रभार ग्रहण किया। योगदान के बाद उन्होंने कहा कि आम जनता की बड़ी से लेकर छोटी समस्याओं को सुना और उसका निष्पादन करना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति अपनी समस्याओं को लेकर सीधे तौर पर उनसे मिल सकते हैं। थाना क्षेत्र में अमन-चैन और शांति व्यवस्था बनाना भी प्राथमिकता में शामिल है। थाना क्षेत्र के अंदर किसी भी तरह का अवैध धंधा को फलने फूलने नहीं दिया जाएगा। कांडी बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी निर्भिक हो कर थाना आएं। पुलिस हर सम्भव मदद करेगी।

### शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण शुचिता के साथ मैट्रिक व इंटर की बोर्ड परीक्षा संपन्न



**श्रीबंशीधर नगर।** सोमवार को मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मैट्रिक के कुल 2242 में 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे तथा 2227 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये। वहीं इंटर के 1700 में से 24 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे, जबकि 1676 ने परीक्षा दी। जमा दो उच्च विद्यालय के विरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि मैट्रिक के कुल 641 में 634 व इंटर के 604 में 594 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय के सविता गुप्ता ने बताया कि मैट्रिक के कुल 427 में 425 व इंटर के 113 में 109 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। एसपीडी इंटर महाविद्यालय के राजू प्रसाद राज ने बताया कि मैट्रिक के कुल 642 में 640 व इंटर के 273 में 270 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। राकुवदि चितविश्राम के अमित कुमार ने बताया कि मैट्रिक के कुल 532 में 528 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय की सविता कुमारी ने बताया कि इंटर के कुल 151 में 149 बच्चे परीक्षा में शामिल हुये। टीडीएम इंटर महाविद्यालय के धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि इंटर के कुल 260 में 257 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। सरस्वती विद्या मंदिर के रविकांत पाठक ने बताया कि मैट्रिक के कुल 299 में 297 बच्चों ने परीक्षा दी।

# नगर ऊंटारी के 45वें थाना प्रभारी बने आदित्य कुमार



नवीन मेल संवाददाता

श्रीबंशीधर नगर। नगर ऊंटारी के 45वें थाना प्रभारी के रूप में आदित्य कुमार नायक ने कार्यभार संभाल लिया है। श्री नायक धनबाद जिले से गढ़वा जिले में आए है। प्रभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने बताया कि अपराध पर अंकुश लगाना और विधि व्यवस्था बनाये रखना उनकी जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के नागरिकों के सहयोग से अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मनचलों, जुआरियों और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस नकेल कसने के लिए पूरी मुस्तैदी से कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति कभी भी अपनी समस्या को लेकर सीधे उनसे मिल सकता है। क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध धंधा किसी हाल में नहीं चलने दिया जाएगा। ऐसे लोग सतर्क हो जाए अन्यथा पकड़े जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**अपराध पर अंकुश लगाना और विधि व्यवस्था बनाये रखना उनकी जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के नागरिकों के सहयोग से अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाया जाएगा : आदित्य कुमार नायक**

### नये थाना प्रभारी अमित कुमार ने दिया योगदान

नवीन मेल संवाददाता

**चिनिया।** थाना में नये थाना प्रभारी के रूप में अमित कुमार ने अपना योगदान दिया। इस मौके पर नवपदस्थापित थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखना, अवैध शराब व अवैध बालू के कारोबार पर रोक लगाना उनकी प्राथमिकता होगी। क्षेत्रीय लोगों के साथ सामंजस्य स्थापित कर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जायेगा।



उन्होंने लोगों से कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति अथवा संदेहास्पद व्यक्ति दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस हर संभव मदद करेगी। इससे पूर्व श्री कुमार हजारीबाग जिले में पदस्थ थे।

### मुस्लिम मोमिनों ने धूमधाम से मनाया पर्व , दिखा उत्साह

# शब-ए-बारात पर रहमतों की बारिश, की इबादत

नवीन मेल संवाददाता

**श्रीबंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में रहमतों की रात यानी शब-ए-बारात का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा मस्जिद, कब्रिस्तान एवं अपने घरों को विद्युत झालरों से आकर्षक ढंग से सजाकर पूरी रात इबादत की गयी। नगर ऊंटारी, चेचरिया, बरडीहा, बम्बा, ठरकोया, कधवन, नरही, कोइन्दी, सोनकरसा सहित कई गांवों में शब-ए-बारात पूरे अकीदत के साथ मनाया गया। बरडीहा मस्जिद में तकरीर देते हुए हाफिज अब्दुल हकीम अंसारी ने कहा कि 15 तारीख को बेहद अहम रात आती है। जिसे शब-ए-बारात के नाम से जाना जाता है । शब का मतलब रात और बारात का मतलब निजात होता है। इस रात को अल्लाह रहमतों की बारिश करते हैं। सभी लोग रात भर जागकर कुरान पाक की तिलावत करते हैं व अल्लाह से गुनाहों की माफी मांगते हैं। दुनिया से रुखसत हो चुके लोगों के मगफिरत के लिए दुआ करते हैं। इस रात को बंदों की दुआओं को अल्लाह कबूल भी करते हैं। मौलाना एजाज अंजुम ने कहा कि यह निजात की रात, मगफिरत की रात व गुनाहों से माफी की रात है। मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा कब्रिस्तान में पूर्वजों की कब्र पर अगरबत्ती जलाकर व फातिया पढ़कर पूर्वजों को याद किया गया। साथ ही मस्जिदों में नवाफिल की नमाज अदा कर अल्लाह से कौम एवं मिल्लत की सलामती, आपसी एकता, सौहार्द एवं भाईचारगी की दुआएं मांगी गयी। मौके पर अंजुमन कमेटी के सदर तौहीद खान, सरपरस्त शमीम खान, प्रतिष्ठित व्यवसायी आमीन खान, महमूद आलम सीनियर, लालबाबू खान, हैदर खान, फुलदून खान, नेपाली खान, तस्लीम खान, मौलाना अब्दुल, कादिर साहब, हाफिज मनौव्वर मौजूद थे।



सभी लोग रात भर जागकर कुरान पाक की तिलावत करते हैं व अल्लाह से गुनाहों की माफी मांगते हैं। दुनिया से रुखसत हो चुके लोगों के मगफिरत के लिए दुआ करते हैं।

### विधायक भानु प्रताप ने बैठक कर बनायी रणनीति, दायित्व तय

# 51 कन्याओं की शादी में एक लाख लोग रहेंगे मौजूद

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** 51 कन्याओं की 28 फरवरी को होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक लाख लोग भाग लेंगे। तैयारी को लेकर विधायक भानु प्रताप शाही की अध्यक्षता मे कार्यक्रम स्थल पर भवनाथपुर मंडल के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक कर विभागवार जिम्मेवारी हेतु प्रबंधन एवं संचालन कमिटी का गठन किया गया। इस दौरान कन्या पक्ष जनवासा एवं स्वागत कमेटी में प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह , धुरु दुबे, उपेंद्र सिंह एवं संतोष चंद्रवंशी होंगे। वहीं वर पक्ष जनवासा प्रबंधन कमेटी के प्रभारी मनोज पहाड़िया व घनश्याम शुक्ला होंगे। वर एवं कन्या पक्ष के बरातियों के नाश्ता-पानी का प्रबंधन विजय जायसवाल,शैलेश चौबे, मन्नू उपाध्याय, दिवाकर चौधरी व संतोष ठाकुर निभायेंगे। जबकि कन्या सजावट एवं उपहार सामग्री प्रबंधन की प्रभारी वीणा चौरसिया, मधुलता कुमारी, प्रियंका देवी, संगीता गुप्ता,



रीना बारी, अंजू गुप्ता, सुनैना देवी एवं सरिता विश्वकर्मा रहेंगी। मंडप कार्यक्रम भोजन व्यवस्था कमेटी के प्रभारी राजेश गुप्ता, अजय सोनी, ध्रुव नारायण दुबे व प्रदीप कुमार गुप्ता होंगे। विवाह स्थल पर उपहार पहुंचाने हेतु प्रबंधन कमेटी प्रभारी सोना किशोर यादव, सुनील यादव,अनुज यादव, लालनाथ यादव, दयानन्द प्रजापति। जनवासा से बारात प्रस्थान प्रबंधन कमेटी प्रभारी शैलेश चौबे,ब्रजेश चौबे, भिगुण ठाकुर, अशोक गुप्ता। द्वारपूजा प्रबंधन कमेटी प्रभारी विनय कुमार चौबे, दिवाकर चौधरी, राजेश गुप्ता,चंद्रदेव रावत, सच्चिदानंद सिंह। विवाह मंडप प्रबंधन लक्ष्मण राम,चन्दन ठाकुर, राजेश सिंह, सुनील पाण्डेय, मनोज सिंह। भोजन व्यवस्था प्रबंधन कमिटी के प्रभारी मनीष कुमार सिंह, भानू गुप्ता, सुनील सिंह, अजीत चौबे, विपिन चौबे के साथ 60 कार्यकर्ता लगेंगे। पूजा सामग्री प्रबंधन अनिल कुमार चौबे। यातायात प्रभारी शैलेश कुमार चौबे (सिंघिताली) जिनके साथ 25 कार्यकर्ता यातयात प्रबंधन का संचालन करेंगे। सुरक्षा प्रभारी अरुण गुप्ता, मुन्ना शर्मा,डोमन चंद्रवंशी, रंजीत प्रसाद सहित 100 कार्यकर्ता सुरक्षा व्यवस्था का संचालन करेंगे। मंच कार्यक्रम व्यवस्था प्रबंधन एवं संचालन कमेटी का दायित्व सोना किशोर यादव, राजा सिंह, रवि पाल निभायेंगे। पेयजल व्यवस्था प्रबंधन कमिटी के प्रभारी दयानन्द सोनी, चन्दन ठाकुर, धनंजय साह, शकील अहमद। सफाई प्रभारी कृपाल सिंह, सूर्यकान्त राज। मीडिया प्रभारी बबलू पटवा, निरंजन पाठक, जयप्रकाश गुप्ता, जितेन्द्र दीक्षित, गौरव सिंह एवं अमित चंद्रवंशी। उपरोक्त सभी व्यवस्था प्रभारियों को कमेटी उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समापन हेतु सम्पूर्ण दायित्वों का निर्वहन करेंगी।

### विधायक ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय भवन का शिलान्यास

# अब बालिकाओं के आवासीय शिक्षा की राह हुई सुगम

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने सोमवार को चटनीया स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के प्रांगण में पांच करोड़ की लागत से बनने वाले छात्रावास भवन का शिलान्यास पूजा-अर्चना और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि छात्रावास भवन बन जाने से बच्चियों को आवासीय शिक्षा ग्रहण करने में सुविधा होगी। वे क्षेत्र की एक-एक समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत हैं। पीएम मोदी के आदेशानुसार नारी शक्ति के उत्थान के लिये विधानसभा क्षेत्र में गंभीरता पूर्वक



कार्य किये जा रहे हैं। 28 फरवरी को भवनाथपुर में होने वाले 51 बहनों के शादी समारोह में भाग लेने के लिए सभी जनता को निमंत्रण भी दे रहे हैं। इस अवसर पर बीडीओ विजय पांडेय ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न मांगों को लगातार विधायक की पहल पर पूरा किया जा रहा है। यह सराहनीय कदम है। सभा में मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार,विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह, जोखू सिंह, अमित प्रकाश, राकेश विश्वकर्मा, शंकर चंद्रवंशी, रामकेवल पासवान, सीमा गुप्ता मौजूद थे।

# दसवीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा सम्पन्न

### बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिन अंग्रेजी की परीक्षा

डंडई । बोर्ड की परीक्षा के अंतिम दिन प्रखंड के जमा टू उच्च विद्यालय लेवाही कला में 705 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी। इस दौरान उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोनेहरा,उत्क्रमित उच्च विद्यालय पचोर ,उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरही,किसान उच्च विद्यालय डंडई और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय डंडई के छात्र-छात्राओं ने उक्त विद्यालय में परीक्षा दी। इसके अलावा प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय जरही,उत्क्रमित उच्च विद्यालय तसरार के अलावा उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोनेहरा में भी छात्राओं ने बोर्ड की परीक्षा दी।

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** जैक द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा सोमवार को संपन्न हुई। परीक्षा के लिए रमना में चार केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा के अंतिम दिन 1472 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी। इस दौरान सात परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्लस टू उच्च विद्यालय रमना के केंद्राधीक्षक उदय सेठ ने बताया कि 770 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। बालिका उच्च विद्यालय रमना के केंद्राधीक्षक शशि प्रकाश रमण व सहायक केंद्राधीक्षक धर्मदेव उरांव ने बताया कि केंद्र पर 114 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। मध्य विद्यालय सिलीदाग एक के केंद्राधीक्षक फूलेंद्र राम ने बताया कि सभी 336 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं राजकीय कृत मध्य विद्यालय रमना के केंद्राधीक्षक रिंकू





कुमार पासवान ने बताया कि 252 परीक्षार्थियों में से दो अनुपस्थित रहे। सीओ बासुदेव राय एवं दंडाधिकारी निधि सिंह ने बताया कि परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई।

## न्यूज बॉक्स

### केतार में मनरेगा बेअसर, पलायन को विवश मजदूर

केतार। ग्रामीणों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) चला रही है, लेकिन यह योजना प्रखंड क्षेत्र में पूरी तरह फेल साबित हो रही है। समय पर मनरेगा मजदूरों को मजदूरी भुगतान नहीं होने और रोजगार नहीं मिलने से मजदूरों का मोह अब भंग होने लगा है। इसके कारण इलाके से मजदूरों का पलायन करना उनकी नियति बन रहे है। प्रखंड क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में बड़े शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र में आम बागवानी और कुछ पंचायतों में तीन - चार बड़ी योजना जैसे डोभा,तलाब योजना को छोड़कर पिछले छः महीनों से मनरेगा योजना संचालित नहीं हो रही है। जिससे बेरोजगारी बढ़ गयी है। उल्लेखनीय है कि मनरेगा के तहत ग्रामीणों को उनके गांव और पंचायत में ही 100 दिन रोजगार दिलाना है। रोजगार नहीं मिलने पर भत्ता देना है। लेकिन प्रखंड के 85 प्रतिशत मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है। प्रखंड के परती-कुशवानी, लोहरगाड़ा, मुकुन्दपुर,परसोडीह, केतार, बलीगढ़, पाचाडुमर पंचायत से मजदूर प्रतिदिन टेंपों और बसों से नजदीकी के नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन पर पहुंच रहे हैं। मजदूर काम की तलाश में चेन्नई, अहमदाबाद, पुणे, हैदराबाद सहित अन्य बड़े शहरों की ओर रूख कर रहे हैं। गांव और पंचायत स्तर पर मनरेगा में काम नहीं मिलने पर गांव के मजदूर घर परिवार चलाने के लिए बड़े शहरों की ओर रूख करने को विवश हैं। स्थिति यह है कि केतार बाजार,कोल मोड़, खरौंधी मोड़ पर प्रतिदिन 30-40 मजदुर प्रतिदिन काम की तलाश में बाहर जाते दिख रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और मजदूरों की मांग का शासन पर कोई असर पड़ता नहीं दिख रहा है।

### जिले के किसी भी प्रखंड में नहीं है प्रखंड आपूर्ति अधिकारी

केतार। सरकार ने पूरे राज्य में खाद्य आपूर्ति को लेकर कई योजनाएं संचालित की है। ताकि आम अवाम और जरूरतमंद लोगों को आसानी से खाद्य सामग्री गांव के ही जनवितरण प्रणाली की दुकान में डीलरों के



माध्यम से सुगमता पूर्वक समय मिल सके। साथ ही साथ जरूरतमंद लोगों को आसानी से प्रखंड स्तर पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से राशन कार्ड बनवाने सहित उसमें सुधार कराया जा सके। राज्य सरकार ने प्रतिदिन डीलरों की क्रिया -कलापों की निगरानी के लिये प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) को ही अधिकृत किया है, लेकिन गढ़वा जिले के किसी भी प्रखंड में एमओ की तैनाती नहीं होने से आपूर्ति की स्थिति दिन-प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है। बताया जाता है कि जिले के 20 प्रखंडों में कहीं भी स्थाई एमओ की तैनाती नहीं की गयी है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के स्थान पर बीडीओ और सीओ प्रभार में काम कर रहे हैं। जिस वजह से पिछले कई महीनों से जिला के विभिन्न प्रखंडों से राशनकार्ड धारियों को राशन नहीं मिलने और डीलर द्वारा राशन कालाबाजारी करने की शिकायत आम होती जा रही है। साथ ही नया राशन कार्ड बनवाने सहित राशन कार्ड में सुधार करवाने में भी नागरिकों को असुविधा हो रही है। लोगों ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है। केतार प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का प्रभार खरौंधी के अंचलाधिकारी सुनील कुमार के पास है। बताया जाता है कि पिछले एक माह में इनके द्वारा एक भी जनवितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण नहीं किया गया है। ऐसे में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार मनमाने तरीके से राशन वितरण कर रहे हैं।

**जिले में एक भी आपूर्ति पदाधिकारी नहीं है - डीएसओ**

इस सम्बन्ध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडे ने कहा की जिला में किसी भी प्रखंड में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पदस्थापित नहीं है। जिससे कार्य करने में भी परेशानी होती है। बीडीओ और सीओ के सहारे किसी तरह आपूर्ति विभाग का कार्यो का निष्पादन किया जा रहा है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से नीलगाय घायल

**चिनिया।** थानांतर्गत चिनिया-रणपुरा मुख्य पथ के योगी चुईयां पुल के पास रविवार की रात अज्ञात वाहन के धक्के से एक नीलगाय घायल हो गयी। जानकारी मिलते ही घायल नीलगाय को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। उसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर विभाग की टीम मौके पर पहुंच घायल नीलगाय को रेस्क्यू कर प्रखंड मुख्यालय स्थित वन परिसर लाया गया। प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि नीलगाय का उपचार किया जा रहा है। कोशिश है कि वह जल्द स्वस्थ हो जाए।



## आक्रोश

### जमुनिया टांड-बरवाडीह पथ पर तीन करोड़ से होगा निर्माण

# पुल निर्माण कार्य में अनियमितता से बिफरे ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

**चिनिया।** प्रखंड के जमुनिया टांड से बरवाडीह मुख्य पथ स्थित कठौतिया नदी पर तीन करोड़ की लागत से हो रहे पुल निर्माण में व्यापक अनियमितता का आरोप लगाते हुये ग्रामीणों ने व्यापक रोष जताया है। ग्रामीणों ने बताया कि धुपकटिया नामक स्थान पर बगैर इंजीनियर के ही पुल का पिलर खड़ा किया जा रहा है। वहां सिर्फ लेबर और मिस्त्री काम कर रहे हैं। वहीं पुल के पिलर पर पीसीसी नाम मात्र का किया गया है। वहीं निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड भी नहीं है। कार्य के दौरान विभाग का कोई भी अभियंता कभी भी स्थल पर नहीं आये। साथ ही संवेदक द्वारा पुलिया निर्माण में स्थानीय की जगह बाहरी लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने



**वर्जन...**

मामले में विभाग के सहायक अभियंता चंद्रचूड़ ने बताया कि निर्माण में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों की शिकायत पर तत्काल ध्यान दिया जायेगा।

बताया कि उक्त स्थल पर पहले भी दो बार पुल का निर्माण कराया जा चुका है, किंतु गुणवत्ता विहीन निर्माण के कारण बरसात में दोनों बाद पुल बह गया। इस बार भी गुणवत्ता की अनदेखी से ग्रामीणों को पुल निर्माण का कोई लाभ नहीं मिलेगा। मौके पर चिंता देवी, इंद्रावती देवी, छेबर कोरवा, लाल बिहारी कोरवा,विजय कोरवा, मलोईया देवी, काजल देवी,कवलपतिया देवी, श्यामलाल साहू आदि मौजूद थे।

### झामुमो ने चिनिया में निकाला न्याय मार्च, कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी

# हेमंत की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा में घबराहट

नवीन मेल संवाददाता

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय के बिलैती खैर व हेताड कला पंचायत में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव की अध्यक्षता में न्याय मार्च निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा के विरोध व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत की गढ़ती लोकप्रियता से भाजपा में घबराहट व्याप्त है। इससे साजिश रचकर केंद्रीय एजेंसी के माध्यम से उन्हें गिरफ्तार कराकर इस्तीफा देने के लिये विवश किया गया। इस दौरान विभिन्न पंचायतों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा न्याय मार्च निकाला गया। जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने झारखंड में हेमंत सोरेन द्वारा किए गए विकास कार्यों की गिनती गिनाते हुए केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। न्याय मार्च में सैकड़ों कार्यकर्ता मोटरसाइकिल से पंचायत के विभिन्न चौक-चौराहे से होते हुए मार्च किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, झामुमो नेता रामसागर यादव, बनारसी सिंह, हीरामन सिंह, रामवृक्ष सिंह, हरमल सिंह, हरिओम यादव, बेलाल अंसारी उदय यादव, बंशीधर यादव, दुर्गेश यादव, मंगरु सिंह खरवार, गोरखर सिंह, सुनील यादव, विरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे ।



## एक नजर

### विद्युत चोरी मामले में चार पर प्राथमिकी दर्ज

**गिद्धौर।** पिण्डारकोंण में विद्युत विभाग ने सोमवार को छापामारी अभियान चला कर अवैध रूप से विद्युत की चोरी करते चार लोग पकड़े। कनीय अभियंता तरुण कुमार ने संबंधितों के विरुद्ध स्थानिय थाने में प्राथमिक दर्ज कराते हुए 15,6111 रुपये का जुर्माना लगाया है। विद्युत चोरी करते पकड़े पिंडारकोण के रामवृक्ष साव, इंद्रजीत राणा, सुशील प्रजापति व सोनू राणा पर 83111 रुपया बिजली बिल बकाया ह,। जबकि 73000 रुपया जुर्माना लगाया गया है। छापेमारी दल में सहायक अभियंता हरिमोहन चौधरी, विद्युत सहायक कर्मी संतोष कुमार, मनीष कुमार, झगरु यादव, रामजीवन यादव व गोविंद रजक शामिल थे।

### कार्यक्रम आयोजित

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत गणेशपुर पंचायत के आरा ग्राम में संत रविदास जयंती मनाई गई। इसमें मुख्य अतिथि लातेहार विधानसभा के भावी प्रत्याशी सुरेश राम, विशिष्ट अतिथि कामेश्वर राम, प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, पदुम यादव, रवि प्रकाश, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

### शांतिपूर्वक हुई परीक्षा

**बारियातु।** प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल परीक्षा केंद्र के अधीक्षक अनिल कुमार कुजुर ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक के अंग्रेजी विषय में 498 में 497 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटर संकाय कला राजनीति विज्ञान परीक्षा में 402 में 396 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। रामवि परीक्षा केंद्र की अधीक्षक अनीता देवी ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक के अंग्रेजी विषय में 422 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने दोनों केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा संपन्न कराने में दंडाधिकारी आशिस गुप्ता, वीक्षक अजय बैठा, मिथलेश मेहता, लालचंद पासवान, रामजी प्रसाद, सतेंद्र राम, एग्रेसिया कुजुर, द्वारिका राम, राकेश सिंह, रामाधार राम की भूमिका रही।

### दुर्घटना में चालक गंभीर

**टंडवा।** टंडवा-पिपरवार मुख्य सड़क किनारे स्थित बसरिया मोड़ के समीप रविवार देर रात तेज रफ्तार हाईवा पहले से सड़क किनारे खड़े दूसरे हाईवा में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में टक्कर मारने वाला वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि वाहन में सवार गंभीर रूप से घायल चालक को सीएचसी में भर्ती करवाया गया, जहां से उसे रांची रेफर कर दिया। बताया गया कि उक्त वाहन जय अंबे ट्रांसपोटिंग कंपनी का है।

### कई बाइक दुर्घटनाग्रस्त

**गिद्धौर।** जपुआ पप्पू ढाबा के समीप सोमवार को हाईवा वाहन से करीब दो सौ मीटर तह गिट्टी गिर गया, परंतु सड़क पर गिरे गिट्टी को करीब आठ घंटा तक साफ नहीं किया गया। वैसे में कई बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जबकि कई वाहनों के टायर पंचर हो गये। बताया जाता है कि रेलवे निर्माण में पत्थर गिट्टी हाइवा वाहन द्वारा ले जाया जा रहा था। इसी बीच वाहन का पीछे का डाला खुल गया। हालांकि स्थानीय ग्रामीण के साथ भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव के पहल पर सड़क को बाद में साफ कर दिया गया। इसके पश्चात आवागमन सामान्य रूप से शुरू हुई।

#### कई एकड़ में लगे अवैध अफीम के फस्ल को किया नष्ट, किया करारा आर्थिक प्रहार

# टेक्नोलॉजी के सहारे नक्सलियों के मांद में घुसी चतरा पुलिस टीम



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

विगत सात फरवरी को अफीम विनष्टीकरण अभियान पर निकले सुरक्षाबलों के साथ नक्सलियों की भीषण मुठभेड़ में दो जवानों की शहादत का बदला लेने को लेकर चतरा पुलिस ने कमर कस ली है।

क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों के आर्थिक स्रोत पर करारा प्रहार कर उन्हें नेस्तनाबूद करने के उद्देश्य से पुलिस टीम ने टेक्नोलॉजी के सहारे नक्सलियों के मांद में घुस चुकी है। जिस जगह पर पुलिस के दो जवानों की शहादत हुई थी, उसी स्थान से एकबार फिर से जिला पुलिस ने अफीम उन्मूलन अभियान की शुरुआत की है। अभियान का नेतृत्व एसीडीपीओ संदीप सुमन कर रहे हैं। अभियान में सीआरपीएफ, आईआरबी व वन विभाग के साथ जिला बल के जवान शामिल हैं। अभियान में शामिल अधिकारी और जवान तीसरी आंख ड्रोन टेक्नोलॉजी के सहारे पहले क्षेत्र की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। उसके बाद इनपुट के आधार पर टुकड़ियां बनाकर नक्सलियों के संरक्षण में लगाए गए अफीम माफियाओं द्वारा लगाए गए सफेद जहर की खेती (अफीम) को नष्ट कर रहे हैं। अभियान की शुरूआत में भुईयांडीह से होते हुए बैरियो पहुंच बीहड़ जंगल के बीच नदी के दोनों ओर करीब 12 एकड़ वन भूमि में लहलहा रहे अफीम के फसल को नष्ट कर किया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे एसडीपीओ ने बताया कि एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर जिले में अलग-अलग स्थानों पर एक साथ अफीम उन्मूलन महाभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि अभियान की शुरुआत उसी जगह से की गई है, जहां हमारे दो जवानों ने शहादत दी थी। अभियान निरंतर जारी रखेगी। उन्होंने यह भी कहा कि चतरा जिले में ना तो नक्सली बचेंगे और ना ही अफीम बचेगा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में आज कुल 40 एकड़ वन भूमि में लगे फसल को विनष्ट किया गया है।

# पीएम टोरी-शिवपुर तीहरी रेल लाइन का 1 को करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**



आगामी एक मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूर्व मध्य रेलवे द्वारा निर्मित टोरी-शिवपुर के तीसरे लाइन का उद्घाटन ऑनलाइन करने की संभावना को लेकर सीसीएल प्रबंधन अति उत्साहित है। जीएम अमरेश सिंह ने बताया कि टोरी-शिवपुर रेलवे लाइन का दोहरीकरण वर्ष 2021 में पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान के तहत पूर्ण किया गया, जिससे कोल संप्रेषण में अप्रत्याशित वृद्धि हुई थी। वहीं तीहरेकरण लाइन की लागत 894 करोड़ रुपये है, जिसमें कुल 44.37 किलोमीटर निर्माण किया गया है। इससे कोल संप्रेषण में क्वांटम जंप होगा। आगे बताया कि उपयोगिता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में जहां रेलवे से कोयले की ढुलाई प्रतिवर्ष 40-45 मिलियन टन है। वहीं नये लाइन बढ़ जाने से 100 मिलियन टन प्रति वर्ष संप्रेषण क्षमता हो जायेगी। इससे सरकारी व निजी कोल कंपनियों को कोयले की ढुलाई में फायदा होगा। साथ ही निर्बाध रूप से कोयले की आपूर्ति होने के साथ आमलोगों को पर्यावरण तथा मानवीय जीवन में प्रदूषण के दुष्प्रभावों में कमी आयेगी। ज्ञात हो कि उक्त रेलवे लाइन में कुल 6 कोल साइडिंग बिराटोली, कुसुमाही, बालूमाथ, बुकरु, मनातु एवं फुलबसिया बनाये गये हैं।

### ‘टोरी आरओबी और अंडरपास की अनदेखी’

**चंदवा।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने सोमवार को देश में रेलवे को कई बड़ी सौगात दी है। इनमें आरओबी, अंडरब्रिज पास का ऑनलाइन शिलान्यास किया गया, लेकिन टोरी में आरओबी, अंडरब्रिज पास न देकर चतरा लोकसभा क्षेत्र वासियों की उपेक्षा की गई है। चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे अयुब खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र से लगातार दो बार से भाजपा सांसद सुनील सिंह चुनाव जीत रहे हैं लेकिन टोरी आरओबी अंडरपास के लिए कुछ नहीं किया। केंद्र सरकार लगातार झारखंड वासियों की इतनी बड़ी समस्याओं की अनदेखी कर रही है। इससे केंद्र सरकार के प्रति लोगों में आक्रोश व्याप्त है। टोरी रेलवे क्रॉसिंग जाम से लाखों लोग प्रत्येक दिन प्रभावित हो रहे हैं।

# ‘अबुआ आवास की चयन प्रक्रिया में हुई है गड़बड़ी’



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा इन दिनों प्रखंड भ्रमण पर हैं। उप प्रमुख ने बताया कि पूरे प्रखंड क्षेत्र से अबुआ आवास चयन में गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थीं। इसको लेकर अलौदिया पंचायत के बाद उप प्रमुख जमीरा पंचायत पंहुचे, जहां मुनिया देवी, तारमुनी देवी, बालदेव प्रजापति, महेश मुंडा आदि ने अपना खपरैल घर दिखाते हुए बारिश के दिनों में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। कई महिलाओं के आंखों में आंसू तक आ गए। उप प्रमुख ने सभी को आश्वस्त कराया कि आप सभी को घर दिलाने की जिम्मेवारी उसकी है। किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। मिश्र ने कहा कि अबुआ आवास के लाभुकों के चयन में गड़बड़ी हुई है। इसमें सुधार की आवश्यकता है। इस मामले को लेकर वो डीसी से मुलाकात करेंगे। जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री के पास भी जाएंगे। पूरे प्रखंड भर से जानकारी इकट्ठा की जा रही है। इसके बाद एक सूची विभाग को सौंपी जाएगी। उप-प्रमुख के साथ जमीरा पंचायत के दोनों पंसस बलकु मुंडा और अनिरुद्ध कुजूर भी शामिल थे।

# प्रजापति समाज के अध्यक्ष बने आदित्य

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**



प्रजापति कुम्हार समाज की प्रखंड कमेटी के विस्तार हेतु बैठक प्रजापति भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता सुदामा प्रजापति ने की, जबकि संचालन अनिल प्रजापति ने किया।

बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष चंद्र प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रजापति उपस्थित हुए। बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष आदित्य प्रजापति, प्रखंड युवा उपाध्यक्ष अनिल प्रजापति, प्रखंड उपाध्यक्ष अनील प्रजापति, संजीव प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, महासचिव बीरबल प्रजापति, प्रखंड सचिव अपील प्रजापति, अवधेश प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, विनोद प्रजापति, उमेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष पंचम प्रजापति, उप कोषाध्यक्ष कुलेश्वर प्रजापति, कार्यालय मंत्री जितेन्द्र प्रजापति सरोज प्रजापति, संगठन मंत्री सुदामा प्रजापति, सह संगठन मंत्री जगरनाथ प्रजापति, मीडिया प्रभारी अनील प्रजापति, सह मीडिया प्रभारी सुधीर प्रजापति को चुना गया।

### प्रजापति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**चंदवा।** प्रजापति कुम्हार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ महतो का चंदवा पहुंचने पर प्रखंड कुम्हार समाज के लोगों ने स्वागत किया। बैजनाथ महतो सोमवार को पलामू में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। वे समाज के सदस्यों के आग्रह पर होटल हाइवे हिल में रुके और मौके पर उपस्थित लोगों का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान बैजनाथ महतो ने कहा कि प्रदेश में समाज को एकजुट होकर अपने हक के लिए लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। समाज में कुछ ऐसे लोग भी है जो समाज को बांटकर अपना हित साधने में लगे हुए हैं। ऐसे लोगों से समाज को सतर्क रहने की जरूरत है। मौके पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप प्रजापति, संरक्षक डीके कुंभकर, सलाहकार लघु चंद महतो, मदन कुमार, प्रकाश प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, प्रदेश महामंत्री डब्लु प्रजापति, ब्रह्मदेव प्रजापति, धीरज प्रजापति, बिजेंद्र प्रजापति, सीताराम प्रजापति आदि मौजूद थे।

# बीडीओ से बकाया मजदूरी का भुगतान कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**



प्रखंड की उकामड़ पंचायत के मुरू ग्राम के दर्जनों मजदूर फेवर ब्लॉक रोड निर्माण कार्य में बकाये मजदूरी की मांग को लेकर माले सचिव कमलेश सिंह और कृष्णा सिंह की अगुवाई में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रेखा रेशमा मिंज को लिखित आवेदन दिया। कहा कि पिछले वर्ष के मई जून माह में श्यामाप्रसाद मुखर्जी रुबन मिशन के तहत आदर्श पंचायत उकामाड फेवर ब्लॉक रोड निर्माण का काम पंचायत के मुखिया पति कैलाश सिंह की देखरेख में कराया गया था। काम के दौरान मजदूरों को मजदूरी देने की जिम्मेदारी कैलाश सिंह खुद ली हुई थी। लेकिन बाद में वह मजदूरी देने से इनकार कर गये और बोल रहे हैं कि ठीकेदार पैसा देगा। ठेकेदार कौन है मजदूरों को कोई पता नहीं हैं और न ही रोड स्थल पर कोई शीला पट्ट है। काम करने वाली अनीता देवी, सोभनिया देवी, फूल कुमारी, बसंती देवी, रीना देवी जितेंद्र राम, राहुल राम, सुनील राम, प्रमोद राम सहित 70 से अधिक मजदूरों की मजदूरी बीडीओ ने सभी मजदूरों का जल्द मजदूरी भुगतान का आश्वासन दिया है। इधर माले प्रखंड सचिव कमलेश सिंह व कृष्ण सिंह ने कहा कि अगर मजदूरी भुगतान को लेकर आवश्यक पहल नहीं हुई तो माले मजदूरों के साथ खड़ा होकर आंदोलन के लिये बाध्य होगी।

# चौथे जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में शकील ने दिया योगदान

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**



बिहार-झारखंड अलग होने के पश्चात सोमवार को 4थे जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में शकील अहमद ने कार्यालय पहुंच योगदान दिया।

इसके पश्चात समाहरणालय पहुंच उपायुक्त अबु इमरान को से शिष्टाचार मुलाकात की। इसके उपरांत उन्होने जनसंपर्क कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से विभिन्न माध्यम से प्रचार प्रसार करते हुए आम जनों को जागरूक करना, जिससे सभी योग्य लाभुक जागरूक होकर योजनाओं का लाभ ले सकें। अहमद मंगलवार को निवर्तमान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक से पदभार ग्रहण करेंगे। निवर्तमान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी बड़ाइक ने कहा कि पूरे कार्यकाल में चतरा जिला में जनसंपर्क कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी जैसी टीम मुझे कभी नहीं मिली। सभी कर्मी पदाधिकारी एवं सभी इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधुओं का सहयोग मिलता रहा। किस तरह चतरा प्रभार में चार साल बीत गया पता नहीं चला।

# लंबित योजनाएं 10 मार्च तक कराएं पूर्ण

#### डीएमएफटी मद से संचालित योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**




समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से जिले में संचालित विकास योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा बैठक की गई। इसमें सर्वप्रथम उपस्थित सभी कार्यकारिणी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता से कहा गया कि एकरारनामा के अनुसार जिस योजनाओं की अवधि पूर्ण हो चुकी है और वो योजना अपूर्ण है। वैसी योजनाओं को 10 मार्च तक हर हाल में पूर्ण कराएं अन्यथा संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर की समीक्षा की गई। मुख्य रूप से स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, बेसिक इन्फ्रास्ट्रचर, कौशल विकास से संबंधित सभी इंडिकेटरों की बारी-बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित द्वारा बताया गया कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत पूरे देशभर में 112 आकांक्षी जिलों कि सूची में चतरा जिला माह जनवरी 2024 में 43वां स्थान प्राप्त किया है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए बेहतर कार्य एवं महीने के 15 तारीख को किए गए कार्यों का डेटा एंट्री करने का निर्देश दिया। साथ ही जिन विभागों द्वारा बेहतर कार्य किया गया है उससे संबंधित सफलता की कहानी बनाने का भी निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला योजना पदाधिकारी, सभी संबंधित कार्यकारिणी एजेंसी के कार्यपाल अभियंता व कन्नीय अभियंता, पीरामल फाउंडेशन के नीतीश कुमार, नेहा आदि उपस्थित थे।

**आयोजन** कार्यक्रम में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी हुए शामिल

# हर्षोल्लास के साथ की गई मां शबरी की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**



भगवान श्री राम की अनन्य भक्त मां शबरी की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित यज्ञ मैदान में बने चुबूतरा के पास मूर्ति स्थापित कर मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री ने काहा कि 76 वर्षा बाद भी समानवादी शिक्षा देश में आज तक लागू नहीं हुई है, इसके कारण आज भी जज का बेटा जज, कलेक्टर का बेटा कलेक्टर और मजदूर का बेटा मजदूर बन रहा है। समानवादी शिक्षा व्यवस्था लागू न होने के कारण ही आज भुइयां समाज का साक्षरता दर न्यूनतम स्तर पर है। इसके कारण देश में जातिवाद, आरक्षण और उच्च नीच की भावना उत्पन्न हो रही है। आगे कहा कि समाज के लोगों को राजनीतिक में भी आगे आने की आवश्यकता है तभी हम अपने हिस्से का अधिकार प्राप्त कर सकते हैं। यदि बिहार आगामी चुनाव में हमारी पार्टी को 20 से अधिक सीटे आती है तो हम बिहार में शराबबंदी कानून को निरस्त करेंगे, क्योंकि बिहार में शराब माफिया मलामाल हो रहे हैं और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का आर्थिक दोहन हो रहा है। क्योंकि बिहार के पड़ोसी राज्यों में शराबबंदी कानून लागू नहीं है। साथ ही कहा कि यदि जनहित के लिए सौ बार भी पलटी मारने की आवश्यकता पड़े तो पलटी मारा जा सकता है। पलटी मारकर नीतीश कुमार ने जनहित का कार्य किया है। वहीं झारखंड में चुनाव लड़ने को लेकर उन्होंने कहा कि लोगों का उत्साह देखते हुए मैं एक टीम भेजूंगा जो रिपोर्ट आएगी उसके बाद फैसला लूंगा। कार्यक्रम में बंगाल टाइगर सिंटू भुइयां, हम प्रवक्ता नारायण दास, नेमन भारती, उमेश योगियारा मुखिया भारती, आशीष भारती, कुन्दा प्रखण्ड प्रमुख कमला देवी, जयराम भारती, संजय भुइयाँ, कुन्दा मुखिया मनोज साहू, नवादा मुखिया भरत यादव, बौधाडीह मुखिया अनिता देवी समेत हजारों समाज के लोग उपस्थित थे।

# आग में झुलसने के कारण मासूम बच्ची की मौत

**चतरा/प्रतापपुर।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत परहियाटोला गांव में आग में झुलस कर एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतका की मां घर में लकड़ी के चूल्हे पर खाना बना रही थी। वहीं बगल में बच्ची खेल रही थी। इस दौरान मां किसी काम से घर से बाहर निकली। इसी दौरान बच्ची ने जो फ्रॉक पहन रखा था उसमें आग लग गई। आग को बुझाने के लिए परिजनों के द्वारा हर संभाव प्रयास किया गया, परंतु आग पर काबू पाने के पूर्व ही वह बुरी तरह से जल गई। आनन फानन में परिजनों ने उसे उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा रेफर कर दिया। इधर सदर अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही मासूम बच्ची की मौत हो गई।

# बारियातु में मनाया गया शब-ए-बारात का पर्व



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड मुख्यालय सहित इटके, साल्वे, शिबला, नावाडीह, बठेठ, फुलसु, बालुभांग, रत्नादाग, व रहमत नगर में रविवार रात्रि शब ए बारात का त्योहार मनाया गया।

अकीदतमंदों ने मस्जिदों में रातभर नमाज, कुरान की तिलाबत और दुआओं में मशगूल रहे। शाम होते ही प्रखंड की सभी मस्जिदों में अकीदतमंद इबादत में लग गये। सोमवार को अहले सुबह से ही अकीदतमंदों ने कब्रिस्तानों पर पहुंच कर अपने पूर्वजों और रिशतेदारों के कब्रों पर इसाले सवाब के लिए फातेहा पढ़कर अपने पूर्वजों व रिशतेदारों की मगफिरत के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। ये सिलसिला सुबह छह बजे तक चलता रहा। प्रखंड अलहेलाल कमिटी के सचिव मोहम्मद शमीम ने बताया कि शब-ए-बारात पर्व पर पूरे प्रखंड में मनाया गया। सोमवार को मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा रोजा रखा गया। शब-ए-बारात पर्व को देखते हुए प्रखंड व पुलिस प्रशासन चौकस दिखा।

## एक नजर

### डॉ. अशोक आचार्य ने किया लोहरदगा जिले को गौरवान्वित




**लोहरदगा।** लोहरदगा के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि नदियां निवासी प्लस टू उच्च विद्यालय मुगो के संस्कृत के शिक्षक डॉ अशोक आचार्य ने योग विषय 'आत्म तत्व का बोध एवं मानसिक स्वास्थ्य' पर जगदीश प्रसाद झाबरमल विश्वविद्यालय झुंझुनू राजस्थान से पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर लोहरदगा जिले को गौरवान्वित किया। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल-सीपी राधाकृष्णन एवं पश्चिम बंगाल के राज्यपाल-सीवी आनंद बोस उपस्थित रहे। इस समय डॉक्टर अशोक शिक्षण कार्य के साथ-साथ योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों को शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डॉ. अशोक आर्य समाज के वैदिक गुरुकुल में रहकर गुरुओं से प्राप्त योग शिक्षा को लगातार लोगों के बीच पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। आज के समय में लोगों के खान-पान एवं दिनचर्या ठीक नहीं होने के कारण रोग बढ़ रहे हैं, जिसे योग प्राकृति के बीच में रहकर ठीक किया जा सकता है और रोगों से बचा जा सकता है एवं अपना शारीरिक, मानसिक, एवं आध्यात्मिक उन्नति कर सकते हैं।

### ग्राम सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**सेन्हा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना 2023 के तहत ग्राम पंचायत सहज कर्ता दल के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण पीरामल फाउंडेशन द्वारा सोमवार को शुरू किया गया, जिसमें प्रखंड की पांच पंचायतें झालजमिरा, उगरा, सेरेनाहातु तोड़ार, अरू तथा मुकीतोडार के रोजगार सेवक, स्वयंसेवक वीपीआरपी, फेसलिटेटर, पंचायत के अस्थायी समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, विषय संबंधित फुट लाइन कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण पंचायती राज स्वशासन परिषद के वंदना कच्छप, संजीव उरांव, पीरामल फाउंडेशन द्वारा दिया गया जा रहा है। ग्राम पंचायत विकास योजना 2024 - 25 के लिए सभी विभाग की योजनाओं का चयन किस प्रकार करना है, कौन-कौन सी योजनाएं लेनी हैं, उस पर विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण में पूनम टोप्पो, राजमणि कुजूर, विनीता पन्ना, सुमन उरांव, विजेता मिश्रा, सुशीला कुमारी, सरस्वती उरांव, सुषमा उरांव, भवंति उरांव, शिवदयाल उरांव शामिल थे।

### आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में रायडीह प्रखंड कार्यालय में हुई बैठक

# मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए प्राथमिक सुविधाओं की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यर्थी की अध्यक्षता में रायडीह प्रखंड कार्यालय सभागार में विशुनपुर, गुमला एवं रायडीह अंतर्गत चुनावी तैयारियों से संबंधित विशेष समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

उपायुक्त द्वारा तीनों प्रखंडों अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, पहुंच पथ, फर्नीचर, रैंप, शौचालय, जैसे प्राथमिक सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली गई। उपायुक्त द्वारा सभी बूथों के रूट मैपिंग, पोलिंग पार्टी के ठहरने की व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, पीडब्ल्यूडी वोटर्स एवं पीवीटीजी वोटर्स के लिए सुविधा से संबंधित अद्यतन तैयारियों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने तीनों प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कम से कम क्लस्टर बनाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कारकों को देखते हुए ही क्लस्टर का निर्माण किया जाए। उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि क्लस्टर तभी बनाए जाएंगे जब मतदान केंद्रों में रुकने की सुविधा संभव न हो या उक्त क्षेत्र सुरक्षा के दृष्टिकोण से अनुकूल स्थिति न हो साथ ही सभी क्लस्टर के समीप टेंपरेरी ईवीएम वेयर हाउस का भी निर्माण किया जाए। उपायुक्त ने अंतरराज्यीय सीमाओं पर चेक पोस्ट लगाना प्रारंभ करने का भी निर्देश दिया।



जिन बूथों में पानी बिजली की सुविधा नहीं है वहां तत्काल पानी एवं बिजली की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को मतदान कर्मियों एवं उनके परिवहन का आंकलन करते हुए पुनः रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी को सेक्टर दंडाधिकारियों के लिए एप्लीकेशन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्देश दिया।

तीनों संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पुनः सत्यापित आंकड़ों के साथ समीक्षा पीपीटी बनाने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त बैठक में मॉक पोल एवं मतदान के समय से संबंधित भी जानकारी दी गई। उन्होंने एमसीसी वायलेंस एवं शैडो एरिया से संबंधित भी जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि जिन क्षेत्रों में नेटवर्क की सुविधा है वैसे स्थानों में किस नेटवर्क का संचालन अच्छे से हो सकता है उस नेटवर्क से संबंधित भी रिपोर्ट की मांग की गई। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई बिंदुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर राजीव नीरज, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा,जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी पलटू महत्तों, बीडीओ गुमला दिलीप कुमार महतो, बीडीओ रायडीह अमित कुमार मिश्रा, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# जल और जंगल की रक्षा के लिए लोगों से एकजुट होने का आह्वान

### आदिवासी एकता मंच ने बसिया में निकाली विशाल महारैली, सभा आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। बसिया**
आदिवासी एकता मंच बसिया द्वारा सोमवार को बसिया में विशाल महारैली निकाली गई। महारैली विभिन्न मार्गों से होते हुए सरहुल अखाड़ा कोनबीर चौक पहुंचकर सभा के रूप में तब्दील हो गई। मुख्य वक्ता के रूप में दयामणि बारला मौजूद थी। उन्होंने कहा कि हमें अपनी धर्म और संस्कृति को बचाने के लिए एकजुट होना पड़ा। केंद्र सरकार हमें तो कभी डिलिस्टिंग तो कभी समान नागरिक संहिता कानून के नाम पर हमे आपस में लड़ाने का काम कर रही है। मौके पर संस्कृति, परंपरा को बचाए रखने का संकल्प लिया गया। साथ ही जल, जंगल, जमीन की रक्षा हेतु एकजुट होने का आह्वान किया गया। आदिवासियों की जमीन, प्राकृतिक संसाधनों पर संवैधानिक तरीके से कब्जा होने से बचाना, सीएनटी सीपीटी कानून, वन अधिकार कानून को शक्ति से लागू करने की आवाज बुलंद की गई। मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव रोशन बरवा, जीप सदस्य बसंती धुंगदुंग ने सभी लोगों से एकजुट होने का आह्वान किया। मौके पर कई वक्ताओं ने अपने व्यक्त किया। महारैली में हजारों की संख्या में आदिवासी संगठन के सदस्यों ने भाग लिया। मंच का संचालन अध्यक्ष इंद्रजीत डगवार ने किया।



# हेमंत सोरेन पर ईडी की कार्रवाई का विरोध, झामुमो ने निकाला न्याय मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**
चैनपुर मुख्यालय में झामुमो प्रखंड कमेटी ने सैकड़ों झामुमो समर्थकों के साथ अल्बर्ट एक्का चौक से न्याय मार्च निकाला। पार्टी समर्थक हाथों में पार्टी का झंडा व तख्ती लेकर न्याय मार्च में भारी संख्या में शामिल हुए। जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा, आदिवासियों पर अत्याचार करना बंद करो, जब-जब मोदी डरता है, ईडी-ईडी करता है जैसे नारे लगाते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस न्याय मार्च का नेतृत्व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष पोलीकार खलखो द्वारा किया जा रहा था। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि हमारे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राजनीतिक षडयंत्र के तहत फंसाया जा रहा है और जब तक उन्हें रिहा नहीं किया जाएगा तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। न्याय मार्च निकालने से पूर्व परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्याअर्पण किया गया। इसके उपरांत यह न्याय मार्च बस स्टैंड, मेन रोड, थाना रोड, ब्लॉक चौक, चर्च रोड होते हुए वापस अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। न्याय मार्च में मुख्य रूप से झामुमो जिला सचिव शकील खान, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, रोहित तिर्की, नवीन कुजूर आदि शामिल हुए।




# मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मनाया शब ए बारात का पर्व

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
चैनपुर प्रखंड मुख्यालय समेत जमगाई, बरवेनगर औराटोली में मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र शब ए बारात का पर्व अकीदत के साथ मनाया गया। नमाजे ईशा के बाद अपने घरों और मस्जिदों में रातभर जग कर इबादत किया गया। रहमत, बरकत, खुशहाली और मुल्क की तरक्की दुवाएं की। इससे पूर्व अशर की नमाज के बाद अपने अपने घरों में ओबेश करनी रहमतुल्लाह अलैह के नाम फातेहाखानी की गई।

सोमवार को फज्र के नमाज से पहले अपने नजदीकी कब्रिस्तानों में जाकर मरहमीनो के नाम मगफिरत के लिए दुआएं की। इधर चैनपुर मस्जिद के इमाम मौलाना हाफिज करी रफीज मजरी ने बताया कि उर्दू कलेंडर के मुताबिक यह साहबान का महीना चल रहा है। मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए 15 साहबान की बहुत महत्वपूर्ण रात होती है। 15वें साहबान को ही सब ए बारात का पर्व मनाया जाता है। यह गुनाहों से छुटकारे की रात होती है, हादिशों के मुताबिक इस रात खुदा के बारगाह में लोगों का साल भर का बजट तैयार किया जाता ह। इस बजट के मुताबिक ही किसके हिस्से में कितना रिज्क, खुशहाली, बदहाली, जिंदगी और मौत तय की जाती है।





इस रात मस्जिदों और अपने घरों में रात भर जागकर इबादत कर दूसरे दिन रोजा रखा जाता है। चैनपुर मस्जिद में इबदतगारों के इंतजाम में मो. जावेद खान, शकील खान, बारीक खान, आबिद खान, सजाब खान, कादिर खान, प्रवेज खान, आफताब खान, शाहबाद खान, नईम खलीफा, गुफरान खान, सदाम खान, जाहिर अंसारी, आसिफ खान, संजीब खान, रमीज खान, अलताब रजा आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

# 'मुक्तिधाम की सुविधाओं में कमी नहीं होने दी जाएगी'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भक्सो ( हरमू) मुक्ति धाम के विकास कार्य के लिए राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने अपने सांसद कोष से शवदाह हेतु चूल्हा, शेड निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए आठ लाख रुपये की राशि सांसद मद से प्रदान की। केंद्रीय मुक्तिधाम समिति के पदाधिकारियों से धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि मुक्तिधाम में हर सुविधा का ख्याल रखना हमारा दायित्व है। भविष्य में भी मुक्तिधाम में किसी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता पड़ने पर मैं तन-मन-धन से आपके साथ हूं। साहू के इस नेक कार्य के लिए केंद्रीय मुक्तिधाम के पदाधिकारियों ने आभार प्रकट किया। इनमें मुख्य रूप से केंद्रीय मुक्तिधाम के अध्यक्ष मनोज गुप्ता (मन्ना) संरक्षक ओमप्रकाश सिंह, राजेंद्र खत्री, कवलजीत सिंह, ब्रज बिहारी प्रसाद, उमेश कांस्यकार, संजय कुमार बर्मन, रितेश कुमार साहू, अमिय कुमार गुप्ता, विनोद सिंह, ब्रज सिंह, सूरज अग्रवाल, केंद्रीय मुक्तिधाम के पदाधिकारी मनोज साहू, दीपक शराफ, मिट्ठू कुंवर, सागर वर्मा, डब्लू राय, संदीप भगत, विशाल महेंद्रु, अवधेश मित्तल, राजू यादव, संतोष क्रेकेटा, तापस कुमार राय, विकास साहू, प्रेम किशोर प्रजापति, धर्मेंद्र भगत, रिंकू वर्मा, उदय दत्ता, सुरेश ठाकुर, गुड्डुस गुप्ता, उपेंद्र साहू आदि शामिल हैं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 319558 Building(23-24).D है को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 320364 Building(23-24).D

**कार्यालयः– जिला स्वास्थ्य समिति पलामू।**

**कार्यालय आदेश**
**PR.NO.-318653**

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी पलामू के कार्यालय पत्रांक 482 दिनांक 12.02.2024 के द्वारा प्रकाशित आई0ई0सी हेतू निविदा संख्या 01/2024 पी0आर0 संख्या 318653 (District) 23-24 *को अपरिहार्य कारण से रदद की जाती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR 320362 (District) 23-24 (D)

### पहल — नेहरू युवा केंद्र ने कराया प्रखंड स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन

# खेल से होता है शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड क्षेत्र की चितिरी डांडू पंचायत स्थित एकागुड़ी खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक आकाश कुमार साहु द्वारा कराया गया। इसमें प्रखंड के विभिन्न गांवों के युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेश लाल तथा बाल्मीकि कुमार एवं आलोक कुमार, नीलम माधुरी मुकेश राम, आदित्य कुमार द्वारा खिलाड़ियों व युवाओं से परिचय प्राप्त कर खेल शुरू कराया। वहीं मुख्य अतिथि गणेश लाल ने कहा कि खेल से शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। कहा कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी और युवक युवतियों को खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के ये प्रयास सराहनीय हैं। खेलकूद प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं के बीच दौड़ और फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम परमानंद ग्रुप एकागुड़ी, उपविजेता टीम युवा झारखंड क्लब और तृतीय स्थान पर रहे इंद्र ग्रुप को तथा बालक बालिकाओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर नेहरू युवा केंद्र युवा क्लब के युवा नवनीत प्रजापति, सलमान अंसारी, विजय कुमार, जया कुमारी आदि उपस्थित थे।



### डीसी की अध्यक्षता में यूनीफाइड कमांड की बैठक आयोजित

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को यूनीफाइड कमांड की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पिछली बैठक में आरईओ विभाग को दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई, जिसमें विभाग के अभियंता द्वारा अनुपालन की जानकारी दी गई। साथ ही, पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य संपादित करने का निर्देश दिया गया। कमांडेंट, सीआरपीएफ द्वारा सीआरपीएफ कैंपों में सोलर लाइट लगाये जाने का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, सीआरपीएफ कमांडेंट, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुंडा, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, सामान्य शाखा प्रभारी, नगर पर्षद प्रशासक, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, सहायक अभियंता आरईओ आदि उपस्थित थे।

# हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा पति पत्नी ने घटना को दिया था अंजाम




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिला के डुमरी थाना अंतर्गत जामताड़ा के समीप बीते 23 फरवरी को मिला अधेड़ की लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा लिया है और इस हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। मृतक की पहचान मधुबन थाना क्षेत्र के बिरेनगड्डा के रहने वाले 45 वर्षीय मंजय शर्मा के रूप में की गई है. वहीं इस हत्याकांड के मुख्य दो आरोपी पति पत्नी को पुलिस ने घटना के महज 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता कर इस हत्याकांड का खुलासा किया। जिसके बाद कांड में संलिप्त पति पत्नी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि छेड़छाड़ से तंग आकर पति पत्नी ने मिलकर मंजय शर्मा की हत्या कर दी थी। गिरफ्तार आरोपी खेमलाल महतो और इसकी पत्नी अंजु देवी ने पुलिस को बताया कि मृतक अकेले में अंजु देवी के साथ छेड़छाड़ कर परेशान करता था। इसी बात से तंग आकर पति पत्नी ने मृतक के हत्या की प्लानिंग की और उसे अपने घर बुलाकर कुल्हाड़ी, रोड से वार मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने बाद दोनों पति पत्नी ने मिलकर मृतक के शव को प्लास्टिक के बैग में भर कर एक चार पहिया वाहन के माध्यम से डुमरी के जामताड़ा के पास ले जा कर झाड़ियों में फेंक दिया था। एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, रोड और वाहन समेत अन्य सामग्रियां जब्त कर लिया गया है। बताया गया की फोरेंसिक टीम और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद से गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्य इकट्ठा किया गया है। बताते चलें कि हत्याकांड के बाद एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर डुमरी एस डी पी ओ सुमित कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर अनुसंधान शुरू किया गया था। पुलिस टीम तकनीकी एवम अन्य सूत्रों की मदद से आरोपियों तक पहुंची और उन्हें गिरफ्तार किया गया। टीम में एसडीपीओ सुमित कुमार के साथ पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार, डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन पुलिस बल के साथ शामिल थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 319268 Building(23-24)_D है को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 320367 Building (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 319254 Building(23-24)D है को क्रमांक 3, 4, 5 एवं 6 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 320365 (Building)23-24*D

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा
पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा
पिन –835302, E-mail :- ssaloh@rediffmail.com / lohardagassa@gmail.com

**ईच्छा की अभिव्यक्ति**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक 3537 दिनांक 13.09.2023 के आलोक में जिला के CM SoE School, ULB School, प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालय, मॉडल स्कूल, कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में अधिष्ठापित पुस्तकालयों हेतु पुस्तकों के क्रय हेतु जिला स्तर पर पुस्तक मेला 2024 का आयोजन किया जाना है।

पुस्तक मेला हेतु महत्वपूर्ण पुस्तकों की सूची जिला के अधिकारिक बेबसाईट https://lohardaga.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

जिला स्तरीय पुस्तक मेला 2024 में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रकाशक/ फार्म अपनी सहमति पत्र झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा कार्यालय में दिनांक 05.03.2024 के अपराह्न 02:00 बजे तक समर्पित कर सकते है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
जिला शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

PR 320277 Lohardaga(23-24)#D

## समाहरणालय, लातेहार
### (निर्वाचन शाखा)

**लोकसभा/विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संबंधी "आम सूचना" (2nd Call)**

आगामी लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित 1. टेन्ट शामियाना लाईट एवं साउण्ड 2. मुद्रण सामग्री 3. कार्यालय उपयोगी सामग्री 4. मतदान सामग्री 5. अल्पाहार भोजनादि 6. कम्प्यूटर, फोटोकॉपियर, प्रिंटर, डेस्कटॉप, कार्टिज इत्यादि के दर निर्धारण हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है। दिनांक 05.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक इच्छुक निविदादाता ई–निविदा समर्पित कर सकते हैं। प्राप्त ई–निविदा दिनांक 06.03.2024 को अपराह्न 12:30 बजे समाहरणालय सभागार, लातेहार में खोला जायेगा। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरणी एवं शर्तें http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, लातेहार
वरीय पदाधिकारी–सह– अपर समाहर्ता, लातेहार
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 320264 Election(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यलय
### भवन निर्मणि विभाग,भवन प्रमंडल,गुमला

**शुद्धि पत्र सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि Inviting Tender (Very Short Notice ) 3rd Call Tender Reference No 04BCD/GUMLA/2023-24 Date 17-02-2024, PR-319425 Building (23-24)D के कार्य Construction of Health Sub Centre Laphu Block Bishunpur Dist Gumla का बिड प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय 01.03.2024 के स्थान पर 02.03.204 एवं निविदा खोलने की तिथि/समय 02.03.2024 के स्थान पर 04.03.2024 पढ़ा जाय तथा शेष शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमंडल,गुमला

PR 320304 Building(23-24).D

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
### जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू
Email – dddopalamu@gmail.com Contact No- 8210813662

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत सभी चयनित लाभुकों/सभी सूचिबद्ध दुधारू पशु आपूर्तिकताओं के लिए अति महत्वपूर्ण सूचना**

आप सभी को सूचित करते हुए कहना है कि दिनांक– 27.02.2024 को जिला पशुपालन कार्यालय पलामू के परिसर में पशुमेला, प्रदर्शनी सह कार्यशाला का कार्यक्रम निर्धारित है।

वितीय वर्ष की समाप्ति होने में अल्प समय रहने के कारण एवं सचिव महोदय द्वारा 28.02.2024 तक 80% DBT करने हेतु दिए गए निदेश के अनुपालन में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का कार्य की प्राथमिकता को देखते हुए पशुमेला, प्रदर्शनी सह कार्यशाला का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणवश स्थगित की जा रही है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 320281 Palamu(23-24)#D

## कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची
### (अभियंत्रण शाखा)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या –33/2023–2024**

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद रॉंची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद रॉंची। जिला अभियंता, जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 04.03.2024 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 05.03.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 05.03.2024 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र0सं0 | प्रखण्ड एवं नगर निगम क्षेत्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | अनगड़ा | राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय टाटी में चहारदिवारी निर्माण कार्य। | 22,32,000.00 | 45,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 02 | शहरी क्षेत्र | वार्ड संख्या–35 टंगराटोली के रोड नं0–06 में आर0सी0सी0 नाली एवं पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 19,67,100.00 | 39,500.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 03 | रातु | Construction of PCC Road, Guard wall & culvert under Gram+Panchayat Sundil (ward no.04) | 45,07,900.00 | 90,500.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 04 | नगड़ी | ललगुटवा पंचायत अवस्थित लक्ष्मीनगर में एस0के0द्विवेदी के घर से श्री लाल जे0पी0नाथ साहदेव के खेत तक आर0सी0सी0 नाली एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 47,42,400.00 | 95,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 05 | शहरी क्षेत्र | वार्ड नं0–01 में कम्पाउण्ड से रॉंची मुख्य पथ तक पथ के दोनो तरफ ढ़क्कन सहित नाली का निर्माण कार्य। | 43,62,000.00 | 87,500.00 | 5000.00 | तीन माह |

नोटः 1. निविदा की अन्य शर्ते जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में जिला परिषद, रॉंची अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद, रॉंची

PR 320303 (Panchayati Raj)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा
( E -MAIL ID – midloh632@gmail.com)

पत्रांक ......................../ लोहरदगा, दिनांक.........................../

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक – 141 दिनांक – 22.02.2024 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/LOHARDAGA/F2-25/2023-24 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 320074 Lohardaga (23-24)_D द्वारा प्रकाशित है को इस प्रकार पढ़ा जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 24.02.2024 at 2:00 PM |
| 7. | Date of Opening tender | 04.03.2024 at 2:00 PM |

अन्य शर्त्ते यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 320278 Lohardaga (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 17/2023–24**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिकी की अंतिम तिथि एवं समय :– 04.3.2024 के अपराहन 1.00 बजे तक (छुटटी के दिनो को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.03.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 05.03.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल सं0–2, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

| क्र0 | कार्य का नाम | नलकूप की अनुमानित संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण बिपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supplying Labour, Vehicle With Fuel & Lubricants With All Tools & Plants for The Repair & Maintainance of Drilled Tube Wells in The Rural Areas for District Gumla for The Year 2023-24 Major Repair –500 & Minor Repair 250 Nos Total Nos - 750 T/Well | 750 | 4,71,500 | 10,000 | 500 | मार्च 2024 तक |

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

PR 320300 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
### लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 43 वर्ष 2023–24**

पत्रांक :– 276 / गुमला, दिनांक :– 23/02/2024.

1. विभाग का नाम :– जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखंड सरकार, रॉंची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र की विकी की तिथि :– 04.03.2024 को (10:00 बजे पूर्वाह्ण से 1:00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एंव समय :– 05.03.2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 05.03..2024 को 3:30 बजे अपराह्न
6. परिमाण विपत्र विकी का स्थान :–(1) कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। (2) सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुमंडल, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एंव निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय परिसर, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जों राष्ट्रीयकृत बैंक, गुमला में भुगतेय हो, मान्य होगा।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखंड | योजनामद का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदादाता की समुचित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Two unit Toilet at Oraon Hostel, Aadivasi Shree Krishna Hostel, K.O. Collage boys Hostel Block- Gumla, Aadivshi boys hostel Block- Raidih, Adivaishi boys hostel bazartand Block-Sisai, Dist-Gumla | सिसई/ रायडीह/ गुमला | आई.टी. डी. ए. | 988225.00 | 20,000.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 2 | Construction of additional height of boundary wall & water supply at Sumiti Oraon girl hostel of K.O College campus Under Block-Gumla, Dist-Gumla | गुमला | अनाबद्व निधि | 10,45,500.00 | 21,000.00 | 2500.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 3 | Construction of kitchen shed at Sumiti Oraon girls hostel of K.O college campus Block- Gumla, Dist-Gumla | गुमला | अनाबद्व निधि | 665600.00 | 13400.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 4 | Construction of intake well with solar DC pump, Solar Module and water supply system in campus of Harup Middle school Block-Bishanpur, Dist- Gumla | विशुनपुर | डी.एम.एफ.टी | 1881500.00 | 37700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |

निविदा की शर्तें :– 1. बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता से निर्गत हुआ हो तथा बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता अवधि निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक का हो, मान्य होगा।
2. निविदा में 10% न्युनतम दर से अधिक न्युनतम दर उद्वत करने पर प्राक्कलित राशि का 20% अथवा 30% अतिरिक्त जमा राशि का डाकघर सावधी जमा पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
3. जो निम्न है:– 1. 10% से 20 प्रतिशत कम दर की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत राशि देय होगा।
10. निविदा से संबंधित सभी सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है।
E-mial ID–eemidgum@gmail.com.

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.320272 Minor Irrigation(23-24):D

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## WATER RESOURCES DEPARTMENT

**LOCAL/NATIONAL TURNKEY COMPETITIVE BIDDING**
(Complete Job with Ten Years OM&M)
NIT No. :- WRD/Water Ways Division, Medininagar/TURNKEY-02/23-24
Date :- 26.02.2024

| | |
|---|---|
| **Name of Work** | **Palamu Pipeline Irrigation Scheme (Package-II) on TurnKey basis with 10 (Ten) years Operation, Maintenance and Management (OMM) (Complete job)** |
| Estimate Cost. (Rs.) | Rs. 263,58,41,155.41 (Two Hundred Sixty Three Crore Fifty Eight Lakh Forty One Thousand One Hundred and Fifty Five Rupees Forty One Paise Only) |
| Time of Completion | 02 Years (Two Years), 730 Days |
| Period of availability of Bidding document on website | From 29.02.2024 at 4:00 PM to 01.04.2024 upto 5:00 PM |
| Time and Date of Pre-bid Conference. (Physical as well as On-line) | 13.03.2024 at 02:00 PM at 1st floor, Conference Hall, Nepal House, Doranda, Ranchi. |
| Period of online submission of Bids | From 29.02.2024 at 4:00 PM to 01.04.2024 upto 5:00 PM |
| Date and Time of opening Pre-Qualification Bid. | 05.04.2024 upto 2:00 PM |
| Date and Time of opening of Technical Bids | To be announced after Pre-Qualification Bid |
| Date and Time of opening of Financial Bids | To be announced after Technical Bid |
| Place of opening of Bids | Chief Engineer, WRD, Medininagar |
| Officer Inviting Bids and his Mobile No. and E-mail id. | Executive Engineer, Water ways division, Medininagar Mob. No.- 7250009057 E-Mail ID- waterwaysdiv.003@gmail.com |
| Helpline Number of e-Procurement | 06562-240841 |

**Executive Engineer**
**Water Ways Division,**
**Medininagar.**

PR 320276 (Water Resource) 23-24 (D)

## MINOR IRRIGATION DIVISION, CHATRA

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. WRD/MID/CHATRA/F2-03/2023-24 Date- 26.02.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of publication of Tender on website | 04.03.2024 at 2.00 pm |
| 2. | Last date/Time for submission of e- Tender bids online | 16.03.2024 upto 5.00 pm |
| 3. | Last date of online submission of Tender fee & EMD | 16.03.2024 upto 5.00 pm |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 18.03.2024 at 2.00 pm |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Chatra. |
| 6. | Contact no. of Procurement officer | 9835148687 |
| 7. | E-mail of e-procurement Officer | eemidchat-cemr-jhr@nic.in |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2214784 |

| Sl No. | Group No. | Name of Scheme | Estimated cost | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Renovation of Nawa M.I. Scheme, Village Ektara, Block-Mayurhand, Dist.-Chatra | 9017100.00 | 11 Months |
| 2 | 2 | Renovation of Barka Ahar, Village Rabda Block-Pratappur, Dist.-Chatra | 4866700.00 | 11 Months |
| 3 | 3 | Renovation of Barka Ahar/Dariyatu M.I. Scheme, Village Dariyatu Block- Chatra, Dist.-Chatra | 9641600.00 | 11 Months |
| 4 | 4 | Renovation of Upraili Barka Ahar, Village Padampur, Block -Tandwa, Dist.-Chatra | 5135300.00 | 11 Months |
| 5 | 5 | Renovation of Mahananda M.I. Scheme, Village Mahuwari, Block-Mayurhand, Dist.-Chatra | 6337000.00 | 11 Months |
| 6 | 6 | Renovation of Gangasagar Ahar, Village Mayapur Kala, Block -Hanterganj, Dist.-Chatra | 4085800.00 | 11 Months |
| 7 | 7 | Renovation of Danka Ahar, Village Mirpur, Block -Hanterganj, Dist.-Chatra | 2891300.00 | 11 Months |

Note :- 1. Only e-Tenders will be accepted.
2. Tender Fee and EMD will be received through online mode only, Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender Fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from https://jharkhandtenders.gov.in portal.
3. Refund will only be issued to originated bank account used for the payment of Tender Fee and EMD, so, Bidder are advised NOT to close Bank Accounts used for online payment /(NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.
4. No Hard copy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/valuation, However, Department may ask original document for verification before award of contract.
5. Estimated value may change.
6. Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
Minor Irrigation Division, Chatra.

PR 320305 Minor Irrigation(23-24)#D

# पल्टू चाचा के बाद अब पल्टू आम आदमी

कभी कांग्रेसी मुख्यमंत्री को जेल भेजने और किसी भी हाल में कांग्रेस से समझौता नहीं करने की कसमें खाने वाले स्वघोषित सबसे ईमानदार आम आदमी केजरीवाल अब सोशल मीडिया में सबसे बड़े पल्टू राम के नाम से चर्चित हो गए हैं। इंडी गठबंधन के दो घटक दलों आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। आम आदमी पार्टी दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में कांग्रेस के साथ मिल कर चुनाव लड़ेगी मगर पंजाब में दोनों पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ मैदान में उतरेंगी। यह कुछ उसी तरह है जैसे बंगाल और त्रिपुरा में तो कांग्रेस और वामपंथी दल साथ-साथ चुनाव लड़ते हैं मगर केरल में एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोंकते हैं। देखा जाये तो ऐसे गठबंधन किसी विचारधारा के मेल के चलते नहीं बल्कि सत्ता हासिल करने के खेल के चलते बनते हैं। इसलिए जनता को सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि जो एक राज्य में एक दूसरे के खिलाफ हैं उनका दूसरे राज्य में एक मंच पर दिखना धोखे के समान है। जो एक राज्य में एक दूसरे की नीतियों के आलोचक हैं वह दूसरे राज्य में मिलकर कभी जनता का भला नहीं कर सकते। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन का ऐलान करने के लिए जो प्रेस कांफ्रेंस हो रही थी उसका दोनों ही पार्टियों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लाइव प्रसारण भी नहीं किया जबकि दोनों ही पार्टियां हर छोटी-बड़ी प्रेस कांफ्रेंस का लाइव प्रसारण लिंक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा करती हैं।कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन होना भारतीय राजनीति का एक बड़ा और महत्वपूर्ण घटनाक्रम है क्योंकि कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ लड़ कर और आंदोलन खड़ा करके ही आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ था। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब की सत्ता से कांग्रेस को बाहर किया और अपनी स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई। आम आदमी पार्टी के चमत्कारिक प्रदर्शन के चलते ही गुजरात में कांग्रेस ने अब तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी ने गोवा में भी कांग्रेस को काफी नुकसान पहुँचाया और हरियाणा में भी अपने संगठन का आधार बढ़ाया। आम आदमी पार्टी गुजरात विधानसभा चुनाव परिणाम से पहले तक एक क्षेत्रीय दल थी। इस लिहाज से देखें तो यह एकमात्र ऐसा क्षेत्रीय दल है जिसने कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी को सर्वाधिक राजनीतिक नुकसान पहुँचाया। लेकिन कांग्रेस की मजबूरी देखिये कि उसने उसी आम आदमी पार्टी के साथ समझौता कर लिया।इस गठबंधन से अरविंद केजरीवाल की राजनीति और नीयत पर भी सवाल उठे हैं। उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़कर पहली जीत हासिल की थी। लेकिन पहली बार में ही जब उन्हें सरकार बनाने में सहयोग की जरूरत पड़ी तो कांग्रेस के समर्थन से सरकार बना ली थी। बाद में जब 49 दिनों की सरकार चलाकर केजरीवाल ने इस्तीफा दिया था तब जनता से माफी मांगते हुए कहा था कि मैंने गलती की और अब आगे कभी कांग्रेस का समर्थन नहीं लूंगा। लेकिन अब केजरीवाल कांग्रेस के साथ फिर चले गये। इस लिहाज से देखें तो नीतीश कुमार नहीं बल्कि केजरीवाल भारतीय राजनीति के सबसे बड़े पलटूराम हैं। हम आपको याद दिला दें कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने के दौरान केजरीवाल रोजाना कांग्रेस और भाजपा के तमाम नेताओं के खिलाफ आरोपपत्र जारी किया करते थे और उन्हें जेल भेजने की मांग किया करते थे लेकिन समय बदला और भ्रष्टाचार से लड़ाई लड़ने वाले केजरीवाल, उनकी सरकार और आम आदमी पार्टी के कई नेता खुद भ्रष्टाचार के आरोपों के घेरे में आ गये और उन नेताओं तथा दलों के साथ गठबंधन करने लग गये जिन्हें कल तक वह सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी बताया करते थे।बहरहाल अलग तरह की राजनीति करने के नाम पर केजरीवाल ने जनता को धोखा दिया क्योंकि वह उन्हीं के जैसे बन गये जिनको बदलने के लिए वह राजनीति में आये थे। जहां तक कांग्रेस की बात है तो उसके लिए यही कहा जा सकता है कि जिस सबसे नये राष्ट्रीय दल (आप) ने कांग्रेस से दिल्ली और पंजाब की सत्ता छीनी उसी के सामने देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल ने घुटने टेक दिये।

इन दिनों

# अमूल : भारत की डेयरी क्रांति की यात्रा



***प्रधानमंत्री*** नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में गुजरात कोऑप मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेते हुए कहा, '50 साल पहले गुजरात के गांवों ने सामूहिक रूप से जो पौधा लगाया था, वह अब बरगद का भव्य पेड़ बन गया है। आज इस विशाल बरगद के पेड़ की शाखाएं देश-विदेश तक फैल गयीं हैं।' जीसीएमएमएफ एक सहकारी दिग्गज कंपनी है, जो प्रतिष्ठित डेयरी ब्रांड- अमूल की मालिक है। भारत की स्वतंत्रता-प्राप्ति से एक साल पहले, गुजरात के मध्य क्षेत्र में, एक क्रांति का जन्म हुआ, जो पोल्सन डेयरी की अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ एक छोटे विरोध के रूप में शुरू हुई और एक विशाल आंदोलन में बदल गई, जिसने भारत के डेयरी परिदृश्य को नया स्वरुप प्रदान किया। कैरा (अब खेड़ा) जिले के किसानों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के मार्गदर्शन में एक सहकारी समिति- कैरा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड का गठन किया। अमूल मॉडल का पालन करने के मूल उद्देश्य के साथ, 1965 में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की स्थापना की गई थी, जिसके बाद 1973 में डॉ. वर्गीज कुरियन उर्फ मिल्क मैन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में जीसीएमएमएफ का गठन हुआ। जीसीएमएमएफ, किसानों को लाभकारी रिटर्न और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने के मिशन के साथ गुजरात की डेयरी सहकारी समितियों के अग्रणी संगठन के रूप में उभरा। गुजरात में शुरू हुआ सहकारी आंदोलन न केवल भारत के लिए, बल्कि दुनिया भर के विकासशील देशों के लिए एक मॉडल बन गया। 1970 में, इस सहकारी समिति ने 'श्वेत क्रांति' का नेतृत्व किया, जिसने अंततः भारत को दुनिया में दूध के सबसे बड़े उत्पादक के रूप में स्थापित कर दिया। देश का महिला-कार्यबल 10 ट्रिलियन रुपये के कारोबार के साथ भारत के डेयरी क्षेत्र की अभूतपूर्व वृद्धि के पीछे की प्रेरक शक्ति है। आज अमूल को जो उल्लेखनीय सफलता मिली है, उसका श्रेय काफी हद तक महिला कार्यबल की भागीदारी को जाता है। अमूल, आत्मनिर्भर भारत की प्रेरणा है। दुनिया भर के 50 से अधिक देशों में अमूल के उत्पाद निर्यात किए जाते हैं। 18,000 से अधिक दुग्ध सहकारी समितियों और 36,000 किसानों के विशाल नेटवर्क के समर्थन से, अमूल प्रतिदिन 3.5 करोड़ लीटर से अधिक दूध का प्रसंस्करण करता है। इस मॉडल के मूल में त्रिस्तरीय सहकारी संरचना है। ग्राम-स्तरीय डेयरी समितियां स्थानीय किसानों से दूध एकत्र करती हैं। बदले में, ये समितियां जिला-स्तरीय दुग्ध संघों को दूध की आपूर्ति करती हैं। अंत में, राज्य-स्तरीय दुग्ध संघ आपूर्ति को समेकित करते हैं और इसे विभिन्न बाजारों में वितरित करते हैं। किसानों को उनके दूध के लिए उचित मूल्य की पेशकश की जाती है और उपभोक्ताओं को ताजा व मिलावट-रहित उत्पाद प्राप्त होते हैं। संचालन को विकेंद्रीकृत करके और स्थानीय समुदायों को शामिल करके, अमूल न केवल एक स्थिर आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। आज, अमूल भारत का सबसे बड़ा एफएमसीजी ब्रांड है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, इसका वार्षिक बिक्री कारोबार 72,000 करोड़ रुपये का रहा है। यूनाइटेड किंगडम स्थित ब्रांड फाइनेंस ने अपनी 'ब्रांड फाइनेंस फूड एंड ड्रिंक्स रिपोर्ट 2023' में अमूल को न केवल वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड का दर्जा दिया है, बल्कि इसे अमेरिकी चॉकलेट ब्रांड हर्षे के बाद दुनिया भर में दूसरा सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड भी माना है। अमूल की विपणन संबंधी रणनीति के केन्द्र में एक ऐसा बहुआयामी दृष्टिकोण है, जहां 'अमूल गर्ल' एक एकीकृत करने वाले सूत्र के रूप में कार्य करती है। अपनी उत्पाद श्रृंखला में एक सुसंगत नामकरण का उपयोग करके, अमूल ने विपणन से जुड़े प्रयासों को सरल बनाया है और लागत प्रबंधन को सुव्यवस्थित किया है। अमूल की संचार रणनीति भी बेहद महत्वपूर्ण रही है। वर्ष 1966 में सिल्वेस्टर दाकुन्हा द्वारा प्रस्तुत, अमूल मोपेट के मजाकिया एवं आत्मीय लगने वाले विज्ञापन कई पीढ़ियों को लुभा चुके हैं और सबसे लंबे समय तक चलने वाले अभियान के तौर पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बना चुके हैं। 'बटर गर्ल' की इतनी सराहना की गई है कि एक ब्रिटिश कंपनी ने 2019 में एक मक्खन लॉन्च किया और इसका नाम 'अटरली बटरली' रखा। राजनीति से लेकर पॉप संस्कृति तक हर चीज पर टिप्पणी करते 'अमूल गर्ल' के मजाकिया बिलबोर्ड और प्रिंट विज्ञापन, इस ब्रांड को सार्वजनिक चर्चाओं की सुर्खियों में बनाये रखने में सफल रहे हैं। अब जबकि जीसीएमएमएफ अपनी स्वर्ण जयंती मना रहा है, यह न केवल इस संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि उन लाखों डेयरी किसानों के लिए भी एक सफलता है जिनके जीवन में बेहतर बदलाव आया है। अमूल की यात्रा वास्तव में सहकारी समितियों और सरकार के बीच समन्वय का एक बढ़िया उदाहरण है, जो यह दर्शाती है कि जब विभिन्न समुदायों के लोग एक साझे उद्देश्य के लिए एकजुट होते हैं तो क्या कुछ हासिल किया जा सकता है। सरकार पशुपालन से संबंधित बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण में रिकॉर्ड स्तर पर निवेश कर रही है। इस उद्देश्य के लिए 30 हजार करोड़ रुपये का विशेष कोष स्थापित किया गया है। आज अमूल ब्रांड केवल एक उत्पाद ही नहीं, बल्कि एक आंदोलन भी है। यह एक तरह से किसानों की आर्थिक आजादी का प्रतीक है। इसने किसानों को सपने देखने, आशावादी बने रहने और जीने का हौसला दिया है।

**भारत की स्वतंत्रता-प्राप्ति से एक साल पहले, गुजरात के मध्य क्षेत्र में, एक क्रांति का जन्म हुआ, जो पोल्सन डेयरी की अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ एक छोटे विरोध के रूप में शुरू हुई और एक विशाल आंदोलन में बदल गई, जिसने भारत के डेयरी परिदृश्य को नया स्वरुप प्रदान किया। कैरा (अब खेड़ा) जिले के किसानों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के मार्गदर्शन में एक सहकारी समिति- कैरा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड का गठन किया।**

## आपकी बात

### आलेख से मिली जानकारी



देवेश कु. घोष

'सवाल मातृभाषा का' शीर्षक आलेख से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं । भाषा की अस्मिता पर लड़ते हुए शहीद हुए पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) के छात्रों को नमन। ढाका विश्वविद्यालय के भाषाई आंदोलन को यूनेस्को ने स्वीकृति प्रदान कर इस तिथि को विश्व मातृभाषा दिवस घोषित किया। संवेदनशील विश्व संगठन को साधुवाद! छोटानागपुर की आठ जनजातीय भाषाओं में ज्यादातर भाषाओं को उचित स्थान और सम्मान नहीं मिलना चिंतनीय है। आदिवासी संस्कृति के पक्षधर और विद्वानों का इसकी सुधि ले कर विरासत के प्रति कर्तव्य का निर्वहन करना प्रशंसनीय होगा। हिन्दी, अङ्ग्रेजी भाषा का प्रयोग दैनिक जीवन में संप्रेषण और व्यवसाय के लिए आवश्यक है परंतु निजी क्षणों में निजी लोगों के साथ गैर अङ्ग्रेजी या गैर हिन्दी भाषा का व्यवहार भाषाई संस्कृति को अवनति से बचा सकता है। आर के सिन्हा जी के आलेख 'पाकिस्तान में उथल-पुथल, भारत रहे चौकस' को गंभीरता से पढ़ना आरंभ किया परंतु समझ नहीं पाया कि लेखक भारत को किस बात के लिए सावधान करना चाहते हैं। इशारों ही इशारों में यदि कुछ कहना चाहा है तो कई अर्थ सामने आ रहे हैं। आलेख का निष्कर्ष नहीं मिल पाया।

**(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली)**

### जुमलों का शोर कब तक चलेगा ?

झारखंड बने 24 साल हो गए पर अभी भी विकास कम और जुमलेबाजी ज्यादा हो रही है । अभी एक जुमला चल रहा है जो प्रमुखता से पूरे झारखंड मेन होर्डिंग और सोशल मीडिया में प्रचारित हो रहा है की झारखंड झुकेगा नहीं लड़ेगा! क्यों भाई ? झुकने की जरूरत किसे और क्यों है ? सीना तान कर चलो पर काम ऐसा साफ सुथरा करो कि कोई पकड़ न पाए । अगर यहाँ पेपर आउट होगा गाय पर लेख लिख कर कोई डिप्टी कलेक्टर बनेगा और जमीन का घोटाला करेगा तो कानून अपना काम क्यों नहीं करेगा ? एनोस एक्का का जब्त आलीशान भवन ईडी का ऑफिस बनकर एक मिसाल बना हुआ है। हरीनारायन राय को लोग भूले नहीं होंगे । मजेदार बात यह है कि लोग रिश्वत लेते पकड़े जाते हैं फिर भी वापस काम में लग जाते है और जब तक नौकरी में रहते हैं कोई उन्हें कुछ नहीं कहता । रिटायर होने के बाद उनकी कार्रवाई उनकी पूरे जीवन काल तक चलती रहती है । ऐसा पूर्व में होता रहा है और अनेकों लोग झारखंड को चरागाह समझते रहे । अभी भी जीतने घटले सामने आ रहे हैं उसके अधिक आने बाकी हैं जैसा लगता है । पशु पालन घोटाला से जुड़े लोग भी आज जाति धर्म के नाम पर राजनीति चमकाना चाहते हैं । कब तक हम इनके झांसे में आएंगे । आइए एक साफ सुथरा राज्य बनाएं जो अच्छे कामों के लिए जाना जाए ।

**- सुनिधि राय, डोरंडा रांची**

शिक्षा-जगत

# भारत सरकार का कक्षा वन एडमिशन 2024-25 एज लिमिट पर बड़ा फैसला



किशन भावनानी


***वैश्विक*** स्तर पर दुनियां का हर देश भारत के हर क्षेत्र की नीतियों पर नजर लगाये बैठा है तथा समय पड़ने पर अनेक देश इन नीतियों का अनुसरण अपने देश में भी करते रहते हैं। भारत में जब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बनाई गई तो अनेक ऐसे नियम विनियम उनमें दर्शाये गये जिनके दूरगामी प्रभाव सकारात्मक भाव में दिखाई देंगे, जब इस नीति से पोषित होकर बच्चे अपना करियर बनायेंगे तो उनकी योग्यता की ताकत दुनियां देखेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्कूलों में प्रथम वर्ष कक्षा वन में दाखिले की उम्र 6 वर्ष से अधिक होने की बात कही गई है और अनुरुप नियम व कानून अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम 2009 के प्रावधानों के अनुरूप भी हैं। इसलिए ही केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी अर्चना शर्मा अवस्थी के नाम से 15 फरवरी 2024 को सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को जारी चिट्ठी में कहा गया है कि इसे व्यक्तिगत तौर पर देखा जाय और सुनिश्चित कराया जाय तथा इस संबंध में नोटिफिकेशन या दिशानिर्देशों को भी जारी किया जा सकता है। चूंकि यह भारत सरकार का कक्षा एक एडमिशन 2024 एज लिमिट पर बड़ा फैसला है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, संपूर्ण भारत में स्कूलों में 2024-25 से कक्षा वन में दाखिले की उम्र सीमा 6 प्लस का निर्णय सराहनीय कदम है। साथियों बात अगर हम संपूर्ण भारत मेंकक्षा वन में समान एज लिमिट की जरूरत की करें तो,भारत के अलग-अलग राज्यों के स्कूलों में कक्षा 1 में प्रवेश के लिए आयु योग्यता अलग-अलग हैं। असम, गुजरात, पुडुचेरी, तेलंगाना राजस्थान लद्दाख, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, गोवा, झारखंड, कर्नाटक और केरल में 5 साल की आयु वाले बच्चों को भी कक्षा 1 में प्रवेश दिया जाता है। केवल उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में दाखिले के लिए न्यूनतम आयु 6 साल है। सरकार ने प्रवेश प्रक्रिया में एकरूपता लाने के लिए ये निर्देश दिये हैं। कक्षा 1 में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु निर्धारित करने का नियम राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पेश किये गए बदलाव का हिस्सा है।

**साथियों बात अगर हम संपूर्ण भारत में कक्षा वन में समान एज लिमिट की जरूरत की करें तो,भारत के अलग-अलग राज्यों के स्कूलों में कक्षा 1 में प्रवेश के लिए आयु योग्यता अलग-अलग हैं।**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# परीक्षाओं का मौसम है, पढ़ने के साथ खेलकूद भी जरूरी



योगेश कुमार गोयल

***दसवीं*** तथा 12वीं कक्षा की बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। यही वह समय होता है, जब विद्यार्थियों की सालभर की पढ़ाई का मूल्यांकन होना होता है। इसी परीक्षा की बदौलत उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए आधार मिलता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि एकाग्रचित्त होकर इन परीक्षाओं की तैयारी की जाए। कुछ छात्र परीक्षा की तैयारी के लिए अपना कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं कर पाते और लक्ष्य निर्धारित नहीं होने के कारण एकाग्रचित्त होकर परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाते। ऐसे में परीक्षा को लेकर उनका चिंतित और तनावग्रस्त होना स्वाभाविक ही है। किन्तु परीक्षा के दिनों में जरूरत से ज्यादा तनावग्रस्त रहना निश्चित रूप से हानिकारक साबित होता है। तनावग्रस्त रहने के कारण लाख कोशिश के बाद भी पढ़ाई में मन नहीं लग सकता। अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि वे शुरू से ही पढ़ाई के प्रति रुचि बनाये रखें। अपना लक्ष्य निर्धारित करें, ताकि ऐसी परिस्थितियां ही उत्पन्न न होने पाएं, जिनके कारण परीक्षा को हौवा मानकर उन्हें तनावग्रस्त रहना पड़े। कुछ छात्र वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी में रात-दिन इस कदर जुट जाते हैं कि उन्हें अपने खाने-पीने की भी सुध नहीं रहती। कुछ मामलों में तो स्थिति यह हो जाती है कि खानपान के मामले में निरंतर लापरवाही बरतने के कारण छात्रों का स्वास्थ्य गिरता जाता है, जिसका सीधा-सीधा प्रभाव उनकी स्मरण शक्ति पर पड़ता है और नतीजा, परीक्षा की भरपूर तैयारी के बावजूद उन्हें आशातीत सफलता नहीं मिल पाती। एक छात्र के साथ भी पिछले साल 12वीं की परीक्षा में यही हुआ। वह अपनी कक्षा का होनहार छात्र था और जी-जान से परीक्षा की तैयारी में जुटा था। पढ़ाई में वह इस कदर मग्न था कि उसे अपने खाने-पीने का भी ध्यान न रहता। परिणामस्वरूप उसका स्वास्थ्य गिरता गया और परीक्षा के दिनों में वह बीमार पड़ गया। बीमारी की हालत में ही उसे परीक्षा देनी पड़ी। जब वह परीक्षा देने बैठा, तब शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता की दशा में वह याद किये गये प्रश्नों के उत्तर भी भूल गया।

**कुछ छात्र परीक्षा की तैयारी के लिए अपना कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं कर पाते और लक्ष्य निर्धारित नहीं होने के कारण एकाग्रचित्त होकर परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाते।**

बोधि वृक्ष

# गढ़वा जिले का श्रीबंशीधर मंदिर

लेकिन कोविड-19 को लेकर पिछले वर्ष से मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का बड़ा आयोजन नहीं हो पा रहा है। इसके कारण श्री कृष्ण भक्तों में मायूसी भी है। कोविड-19 के कारण मंदिर के पुजारियों व श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टियों द्वारा ही भव्य तरीके से कृष्ण जन्मोत्सव पिछले वर्ष से मनाया जा रहा है। आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में प्रवेश वर्जित है। आम श्रद्धालु गेट के बाहर से ही भगवान श्रीकृष्ण व माता राधिका का दर्शन कर रहे हैं। यहां प्रतिवर्ष फाल्गुन महीने में एक माह तक आकर्षक एवं विशाल मेला लगता है।



**यह है इस मंदिर का इतिहास**

मंदिर के प्रस्तर लेख और पुजारी स्वर्गीय रिद्धेश्वर तिवारी के द्वारा मंदिर के गुंबद पर लिखित इतिहास के अनुसार संवत 1885 में श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त नगर गढ़ के महाराज स्वर्गीय भवानी सिंह की विधवा रानी शिवमणि देवी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को उपवास रखकर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन थीं। मध्य रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण ने रानी के स्वप्न में आकर दर्शन दिये तथा रानी के आग्रह पर नगर उंटारी लाने की अनुमति दी। रात में देखे स्वप्न के अनुसार रानी अपने लाव लश्कर के साथ करीब 20 किलोमीटर पश्चिम सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के दुद्धी थाना क्षेत्र के शिवपहरी नामक पहाड़ी पर पहुंची और स्वयं फावड़ा चलाकर खुदाई कार्य का शुभारंभ किया। **(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

# फोटोग्राफी के लिए प्रमुख ऐप्स

जब भी आप ऑनलाइन कैब सेवा का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको सेवा प्रदाता द्वारा दिये गये किराये के अनुसार ही भुगतान करना पड़ता है। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि सेवा प्रदाता किराया बढ़ा देता है, जिससे उपयोगकर्ता को अत्यधिक नुकसान होता है। इस स्थिति में आपको शिकायत दर्ज करने का अधिकार होता है और आप इसे समाधान के लिए आगे बढ़ा सकते हैं। पहले चरण में, यदि आपको लगता है कि आपके साथ किराया बढ़ाया गया है, तो आपको ठीक से बिल की समीक्षा करनी चाहिए। कभी-कभी यह एक साधारण गलती भी हो सकती है। यदि आपको लगता है कि वहाँ कोई त्रुटि है, तो आपको सेवा प्रदाता से संपर्क करके समस्या का समाधान करने का प्रयास करना चाहिए। आप ऑनलाइन एप्लिकेशन के माध्यम से या उनके टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। अगर आपकी समस्या को हल नहीं किया जाता है, तो आप अपनी शिकायत को उच्चतम अधिकारियों तक ले जा सकते हैं। आप अपनी शिकायत को ऑनलाइन उपलब्ध शिकायत प्रक्रिया के माध्यम से आगे बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा, आप नगर या जिले की परिवहन अथॉरिटी को भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। यहां तक कि आप न्यायालय में भी याचिका दाखिल कर सकते हैं। ऑनलाइन कैब सेवा प्रदाताओं को उनके उपयोगकर्ताओं के साथ निष्ठुरता नहीं दिखानी चाहिए।



**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अग्निपथ योजना से बढ़ रही है सेना में महिलाओं की भागीदारी

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
सेना के सशक्तिकरण के लिए सरकार की तरफ से चलाई गई अग्निपथ योजना का नतीजा है कि सेना में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ी है। वहीं दूसरी तरफ सेना में महिला अधिकारियों की पदोन्नति को लेकर भी सरकार लगातार काम कर रही है।
सेना के तीनों अंगों की बात करें तो इसमें महिला अधिकारियों की संख्या भारतीय नौसेना में 704, भारतीय वायु सेना में 1607 और आर्मी में 6807 है। सरकार ने इसके साथ ही आर्टिलरी इकाइयों के साथ-साथ रिमाउंट और पशु चिकित्सा कोर में भी महिला अधिकारियों को शामिल करने की मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही हर वर्ष महिला सेना कैडेटों के लिए 20 अतिरिक्त पद राष्ट्रीय रक्षा अकादमी( पुणे) के लिए मंजूरी प्रदान की गई है। आर्मी मेडिकल कोर, डेंटल कोर के साथ ही मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में महिलाओं की संख्या बड़ी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय सेना में 1733 महिला अधिकारी है। जबकि आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में 1212, डेंटल कॉर्प्स में 168 और नर्सिंग सेवा में 3841 महिलाएं तैनात हैं।



### कांग्रेस का वादा, सत्ता में आने पर अग्निपथ योजना होगी खत्म

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को वादा किया है कि सरकार में आने पर सेना में भर्ती से जुड़ी अग्निपथ योजना को खत्म कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया लागू की जाएगी। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर योजना को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर की थी। कांग्रेस नेता सचिन पायलट और रणदीप हुड्डा ने पार्टी मुख्यालय में इस संबंध में पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सेना में अपना भविष्य देखने वाले युवाओं के साथ खड़ी है। सचिन पायलट ने कहा कि अग्निपथ योजना का कांग्रेस पार्टी ने शुरूआत से ही विरोध किया है। ये सेना के साथ खिलवाड़ है।



नॉर्वे के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की।

## जेपी नड्डा ने 'विकसित भारत, मोदी की गारंटी' रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को भाजपा विस्तार कार्यालय से 'संकल्प पत्र सुझाव अभियान' की शुरूआत की और 'विकसित भारत, मोदी की गारंटी' रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वीडियो रथ पूरे देश में यात्रा करेगा और 15 मार्च तक प्राप्त एक करोड़ से अधिक सुझाव पत्रों को संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। जनता से मिले सुझावों को भाजपा अपने संकल्प पत्र में शामिल करेगी।

इस मौके पर नड्डा ने कहा कि देश के लोकसभा क्षेत्रों में वीडियो वैन के माध्यम से हम लगभग 250 स्थानों पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद करेंगे और उनके सुझावों का भी हम अपने साथ समावेश करेंगे। जनता-जनार्दन के आशीर्वाद और सुझाव लेने का हम सबने निर्णय किया है। इसके अतिरिक्त नमो एप में भी इसके लिए एक अलग सेक्शन है, जिसके बारे में विस्तृत जानकारी भी इन वीडियो वैन के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हर तरीके से जनता जनार्दन की आकांक्षाएं हम तक पहुंचें और मोदी के नेतृत्व 2024 से अगले 5 वर्षों में उन्हें हम पूरा करेंगे और अमृतकाल में विकसित और आत्मनिर्भर भारत की तरफ लंबी छलांग लगाने की ओर हम अग्रसर होंगे, ये हमारा संकल्प है। उन्होंने आह्वान किया कि विकसित भारत-मोदी की गारंटी के तहत लोग फोन नम्बर 9090902024 पर मिस्ड कॉल कर सकते हैं, अपने सुझाव दर्ज करा सकते हैं।

# देश को 'ग्लोबल एक्सपोर्ट हब' में बदल देंगे

## पीएम ने कहा, देश में स्थिर सरकार का असर कपड़ा उद्योग क्षेत्र में भी नजर आया

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश में स्थिर और दूरदर्शी सरकार होने का लाभ स्पष्ट तौर पर कपड़ा उद्योग क्षेत्र में नजर आ रहा है। पिछले 10 साल में यह सात लाख करोड़ से बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये का हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत का कपड़ा क्षेत्र विकसित भारत के चार महत्वपूर्ण स्तंभों गरीब, युवा, किसान और महिला सभी से जुड़ा है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हम भारत को 'ग्लोबल एक्सपोर्ट हब' में बदल देंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदले हुए परिदृश्य पर यह बड़ी बात नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 'भारत टेक्स 2024' का उद्घाटन करते हुए कही। 'भारत टेक्स 2024' देश में आयोजित होने वाले वस्त्र क्षेत्र से जुड़े वैश्विक स्तर के अब तक का सबसे बड़ा आयोजन है। यह चार दिवसीय आयोजन उद्घाटन के साथ भारत मंडपम और यशोभूमि में शुरू हो गया । इस अवसर पर 3 हजार से अधिक प्रदर्शक, 100 देशों के लगभग 3 हजार खरीदार और लगभग 40 हजार व्यापार आगंतुक एक साथ आए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयोजन को वैल्यू-चेन और टेक्सटाइल इको सिस्टम से जुड़े लोगों के लिए एक साझा मंच पर एक साथ आने का एक शानदार अवसर बताया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार विकसित भारत के निर्माण में टेक्सटाइल सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के लिए विस्तृत दायरे में काम रही है। इसमें परंपरा, तकनीक, योग्यता और प्रशिक्षण (ट्रेडिशन, टेक्नोलोजी, टेलेंट और ट्रेनिंग) पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार टेक्सटाइल वैल्यू चेन के सभी पहलुओं को पांच एफ के सूत्र से से जोड़ रही है। फाइव यानी एफ फार्म, फाइबर, फैक्ट्री, फैशन और फॉरेन (खेत, धागा, फैक्ट्री, पहनावा और विदेश)। सरकार के लगातार प्रयासों से भारत के कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश में बढ़ोतरी हो रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में सरकार के प्रयास से खादी को विकास और रोजगार दोनों मिले हैं। भारत दुनिया में कपास, पटसन और सिल्क के बड़े उत्पादकों में से एक है। लाखों किसान इस काम में जुटे हैं। लाखों कपास किसानों को सरकार मदद कर रही है। उनसे लाखों क्विंटल खादी खरीद रही है। सरकार की ओर से लांच कस्तूरी कपास भारत की अपनी पहचान बनाने की ओर एक बड़ा कदम होने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार लोगों के जीवन में कम से कम दखल दिए जाने पर विश्वास रखती है। सरकार केवल यह सुनिश्चित कर रही है कि गरीबों की जरूरत पूरी होनी चाहिए। अगले पांच वर्ष में भी इसी दिशा में प्रयास जारी रहेगा। इस आयोजन में 65 से अधिक ज्ञान सत्र होंगे। दुनिया के 100 से अधिक पैनलिस्ट इस क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसमें स्थिरता और चक्रीयता पर समर्पित मंडप, एक इंडी हाट, भारतीय वस्त्र विरासत, स्थिरता एवं वैश्विक डिजाइन जैसे विविध विषयों पर फैशन प्रस्तुतियों के साथ-साथ संवादात्मक (इंटरैक्टिव) फैब्रिक परीक्षण क्षेत्र और उत्पादों के प्रदर्शन का भी समावेश होगा। यह आयोजन वस्त्र क्षेत्र से जुड़े छात्रों, बुनकरों, कारीगरों और वस्त्र क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों के अलावा नीति-निमार्ताओं एवं वैश्विक स्तर के सीईओ की भागीदारी है।

इस आयोजन के दौरान 50 से अधिक घोषणापत्र और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। इससे वस्त्र क्षेत्र में निवेश एवं व्यापार को और अधिक बढ़ावा मिलेगा तथा निर्यात को बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत और 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



### प्रधानमंत्री आज से केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के दौरे पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27-28 फरवरी को तीन राज्यों केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री 27 को केरल और 28 को तमिलनाडु और महाराष्ट्र में होंगे। प्रधानमंत्री 27 फरवरी को सुबह करीब केरल के तिरुवनंतपुरम में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) का दौरा करेंगे। उसी दिन शाम को तमिलनाडु के मदुरै में 'क्रिएटिंग द फ्यूचर - डिजिटल मोबिलिटी फॉर ऑटोमोटिव एमएसएमई उद्यमियों' कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री 28 फरवरी को तमिलनाडु के थूथुकुडी में 17,300 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## सालभर से जेल में बंद हैं मनीष सिसोदिया सुप्रीम कोर्ट ने भी नहीं दी जमानत

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
पूरे एक साल से मनीष सिसोदिया जेल में बंद हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने भी जमानत नही दी है। आम आदमी पार्टी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को पूरा एक साल हो गया है। कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सिसोदिया को पिछले साल 26 फरवरी के दिन ही सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। बाद में उन्हें ईडी ने अपने गिरफ्त में ले लिया। कुछ दिन रिमांड पर बिताने के बाद तिहाड़ भेजे गए सिसोदिया तब से जेल में ही हैं। आप के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स से मनीष सिसोदिया की तारीफ में कई पोस्ट किये गये। दिल्ली में शिक्षा के लिए उनके कामकाज को क्रांतिकारी बताया गया। एक पोस्ट में लिखा गया, जिस मनीष सिसोदिया जी ने गरीब बच्चों के सपनों को एक नई उड़ान दी। बीजेपी सरकार उन्हें 1 साल से जेल में रखकर इसकी सजा दे रही है।



### उत्तर प्रदेश के बिजनौर में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ



बिजनौर। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के नगीना थाना क्षेत्र के स्याहलीपुर गांव के पास जंगल में तेंदुआ देखे जाने पर दहशत फैल गई थी, जिसके बाद क्षेत्र में पिंजरा लगाया गया था। सोमवार को एक तेंदुआ पिंजरे में फंस गया। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि पकड़ा गया तेंदुआ मादा है। उसकी उम्र करीब 4-5 वर्ष है। तेंदुए को क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान कार्यालय में रखा गया है। चिकित्सक परीक्षण के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## वैभव गहलोत ने छोड़ा आरसीए अध्यक्ष का पद

**जयपुर।** अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत ने सोमवार को आरसीए के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। ऐसे में अब सत्ता के साथ गहलोत परिवार आरसीए से भी बाहर हो गया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी शेयर की और कहा, साल 2019 में मैंने आरसीए का अध्यक्ष चुने जाने के बाद काम करना शुरू किया। मेरा उद्देश्य राजस्थान में क्रिकेट को बढ़ावा देना और अधिक से अधिक युवाओं को इस खेल से जोड़ना था। उन्होंने लिखा सीपी जोशी के बाद मुझे इस पद पर काम करने का मौका मिला। उन्होंने हमारे प्रोटेक्टर के रूप में कार्य किया और हमारा मार्गदर्शन किया। अपने पूरे कार्यकाल में मैंने क्रिकेट की बेहतरी और आरसीए का नाम ऊंचा करने का प्रयास किया, इसीलिए मुझे दूसरी बार आरसीए का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

# आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से किशोरियों में पोषण संबंधी सुधार

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
आयुष और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से किशोरियों में पोषण सुधार के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह मिशन उत्कर्ष के तहत पांच राज्यों के पांच जिलों में आयुर्वेद का उपयोग करने वाली किशोरियों के बीच एनीमिया नियंत्रण के लिए एक संयुक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल है। सोमवार को विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय आयुष मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा कि दोनों मंत्रालयों को 'एनीमिया मुक्त भारत' बनाने के लिए अपने हाथों में कमान लेनी होगी। दोनों मंत्रालयों के बीच इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समझौता किया गया है। आज का दिन मानव जाति के कल्याण के लिए समर्पित है। आयुष मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने लगभग 94 प्रतिशत पोषण सुधार के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह परियोजना पांच जिलों के लगभग 10,000 आंगनबाड़ी केंद्रों को कवर करेगी। पांच जिलों में जिला प्रशासनिक अधिकारी, सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने की सुविधा देनी है। इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने अपने विचार साझा करते हुए आयुष के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला।

**आयुष मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**

## शाह और भाजपा ने पुण्यतिथि पर वीर सावरकर को किया नमन

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महान क्रांतिदूत वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर उनका पुण्य स्मरण करते हुए नमन किया है। शाह और भाजपा ने अपने एक्स हैंडल आज सुबह वीर सावरकर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को अपने विचार और दृढ़ संकल्प से मजबूती देने वाले वीर सावरकर जी को पुण्यतिथि पर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सावरकर जी के जीवन का हर क्षण राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। देश को स्वतंत्र कराने की उनकी अटल आकांक्षा को कालापानी की यातनाएं भी डिगा नहीं पाईं। उन्होंने लिखा अस्पृश्यता को देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा मानने वाले सावरकर जी ने अपने अविरल संघर्ष, ओजस्वी वाणी और कालजयी विचारों से जन-जन को स्वाधीनता आंदोलन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। स्वभाषा, स्वभूषा व स्वदेश के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले स्वातंत्र्यवीर का त्याग और राष्ट्रभक्ति आने वाली पीढ़ियों को ध्रुव तारे के समान दिशा दिखाती रहेगी।

भारतीय जनता पार्टी ने भी एक्स हैंडल पर लिखा मां भारती के वीर सपूत, प्रखर राष्ट्रवादी नेता, ओजस्वी वक्ता व समर्पित समाज सुधारक विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।




# राष्ट्र और हिन्दू के हित में काम करने वाली सरकार ही चुनी जाएगी : आलोक कुमार

## कारसेवकपुरम में हुई बैठक, राम मंदिर से रामराज की तरफ कार्य करेगी विहिप

**एजेंसी। अयोध्या।**
विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केंद्रीय प्रबंध समिति और प्रन्यासी मंडल की बैठक कारसेवकपुरम में चल रही है। सोमवार को मन्दिर निर्माण कार्यशाला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार बताया कि रामनगरी में पहली बार विहिप की बैठक चल रही है।

कार्यकारी अध्यक्ष ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में दो प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हो रही है,देश में आने वाले चुनाव पर विश्व हिनपरिषद के कार्यकर्ता काम करेंगे और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।इसके अलावा शत प्रतिशत वोट के लिए विहिप आवाहन करेगी, कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे। जाति धर्म के आधार पर वोट न करने के लिए अपील किया जाएगा, राष्ट्र और हिंदू के हित में काम करने वाली सरकार चुनी जाएगी। केवल राष्ट्रहित में ही मतदान करने के लिए विहिप आवाहन करेगी।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण के साथ राम मंदिर निर्माण का अभियान विहिप का पूरा हुआ। राम मंदिर में पूजा, दान और मंदिर की व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार नहीं है। विहिप राम मंदिर से रामराज की तरफ काम कार्य करेगी । विश्व हिंदू परिषद अच्छे समाज के लिए आवश्यक 6 चीजों पर अब विहिप के कार्यकर्ता काम करेंगे। रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार रामराज्य की परिकल्पना के जरूरी लिए है। विश्व हिंदू परिषद समाज में ऊंच नीच को भी खत्म करने के लिए काम करेगी, समरस समाज अच्छा कुटुंब हो इसका प्रयास होगा। लिव इन रिलेशनशिप पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि विवाह और पारिवारिक व्यवस्था को नष्ट करने वाला लिव इन रिलेशनशिप है। सभी धर्म की महिलाओं के लिए उनके गरिमा और उनके बराबरी के सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए विहिप कार्य करेगी।

आतंकवाद के खिलाफ समाज में करेगी जनजागरण, जिहाद नक्सलवाद के प्रति जन जागृति चलाएगी। हमारा फोकस समाज और व्यक्ति के निर्माण पर होगा। उन्होंने काशी, मथुरा पर कहा कि काशी, मथुरा पर मुकदमा चल रहा है। तर्क और तथ्य दोनों हमारे पक्ष में, कानून पर हमें विश्वास है।



## संक्षिप्त खबरें

### गढ़चिरौली में छह लाख की इनामी नक्सली महिला गिरफ्तार

**मुंबई।** गढ़चिरौली जिले में छह लाख रुपये इनामी नक्सली महिला राजेश्वरी उर्फ कमला पडगा गोटा (30) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नक्सली महिला चार पुलिस-नक्सली मुठभेड़ों में शामिल थी। पुलिस गहन छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार महाराष्ट्र सरकार ने राजेश्वरी उर्फ कमला पडगा गोटा की गिरफ्तारी के लिए छह लाख रुपये के इनाम की घोषणा की थी। राजेश्वरी वर्ष 2006 में वह चेतना नाट्यमंच में सदस्य के रूप में शामिल हुई थी और माओवादी आंदोलन में सक्रिय हो गई। वर्ष 2010-11 में उसे चेतना नाटक मंच में डिप्टी कमांडर के पद पर पदोन्नत किया गया था। वर्ष 2016 में फरसेगढ़ बल में स्थानांतरित होकर वर्ष 2019 तक सदस्य के रूप में कार्य किया। वर्ष 2019 में उसे बीजापुर (छत्तीसगढ़) के एक वन क्षेत्र में पुलिस दल के साथ मुठभेड़ के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा प्रमुख अन्नामलाई के खिलाफ कार्यवाही पर लगाई रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अंतरिम आदेश में तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई के खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी। अन्नामलाई ने अक्टूबर 2022 में एक यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में दावा किया था कि एक ईसाई एनजीओ ने सबसे पहले दिवाली के दौरान पटाखों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के लिए केस दायर किया था। यह देखते हुए कि प्रथम दृष्टया वैमनस्य फैलाने वाले भाषण का कोई मामला नहीं बनता है, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने ट्रायल कोर्ट के समक्ष लंबित आगे की कार्यवाही पर रोक लगाने का आदेश दिया।

### रास चुनाव से पहले विधायकों को रिजॉर्ट भेजने पर कांग्रेस की आलोचना

**बेंगलुरु।** कर्नाटक भाजपा ने 27 फरवरी को चार सीटों के लिए होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले विधायकों को एक रिजॉर्ट में स्थानांतरित करने की योजना को लेकर कांग्रेस की आलोचना की है। कर्नाटक भाजपा ने सोशल मीडिया पर लिखा मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार भोग में डूबी हुई है, जो घोर झूठ के माध्यम से सत्ता में आई है। यह राज्य के करदाताओं के पैसे का आनंद लेने में लगी हुई है और फिर से रिजॉर्ट की राजनीति पर वापस आ गई है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में लोग अपने बच्चों को स्कूल से निकालकर दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस मौज-मस्ती के लिए विधायकों को रिजॉर्ट में ले जा रही है। भाजपा ने कहा, एटीएम सरकार राज्य का विकास करने या लोगों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए सत्ता में नहीं आई है। कांग्रेस सरकार विदेश यात्राएं, तेलंगाना राज्य चुनाव के दौरान यात्राएं, हाईकमान से मिलने के लिए नई दिल्ली की यात्राएं कर रही है और कन्नड़ लोगों के पैसे से रिजॉर्ट टूरिज्म कर उन्हें दिवालिया बना रही है।

### कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में आंध्र प्रदेश के तीन लोगों की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के दावणगेरे शहर में सोमवार को नेशनल हाइवे पर टायर फटने के चलते एक टेंपो पलट गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। घायल लोगों का इलाज हुबली शहर के किम्स अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, घायलों में से एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने कहा कि घायल आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के सिंगराजनहल्ली के रहने वाले हैं। यह घटना दावणगेरे के बाहरी इलाके में पंजाबी ढाबा के पास बेंगलुरु-पुणे नेशनल हाइवे 48 पर हुई। पीड़ित कर्नाटक के हावेरी जिले से ब्याडगी मिर्च ले जा रहे थे। मृतकों और घायलों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### आंध्र में खड़े ट्रक से टकराई बस, चार की मौत

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में सोमवार सुबह एक बस के खड़े ट्रक से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना प्रथीपाडु मंडल में पदलम्मा मंदिर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। पुलिस के अनुसार, एक ट्रक जो ओडिशा से बापटला की ओर जा रहा था, उसका टायर पंचर हो गया था और चालक ने वाहन को सड़क के किनारे रोक दिया था। इस दौरान विशाखापत्तनम से राजामहेंद्रवरम जा रही आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (एपीएसआरटीसी) की एक बस ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। पंचर ठीक कर रहे तीन लोगों और एक पैदल यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस ड्राइवर ने गाड़ी नहीं रोकी और राजामहेंद्रवरम पहुंच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संजय सिंह की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज किए जाने के विरोध में आप नेता और दिल्ली आबकारी नीति मामले में आरोपी संजय सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने मनी लॉन्ड्रिंग रोधी एजेंसी को नोटिस जारी करते हुए जमानत याचिका को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी गिरफ्तारी और उसके बाद रिमांड को चुनौती देने वाली सिंह द्वारा दायर एक अन्य याचिका के साथ टैग करने का निर्देश दिया। इस बीच आप नेता संजय सिंह के पक्ष में पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ में शामिल दीपांकर दत्ता को अवगत कराया कि लंबित याचिका पर सुनवाई आगामी 5 मार्च को होगी। ऐसे में दोनों याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की जानी चाहिए।

### मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम ने तीन दिनों में 4 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने तीन दिनों के भीतर नौ अलग-अलग मामलों में 4.06 करोड़ रुपये का 7.57 किलोग्राम से अधिक सोना और एक आईफोन जब्त किया है। बरामद किया गया सोना यात्रियों के पहने हुए कपड़ों, शरीर पर और उनके हैंडबैग में छुपाया था। कस्टम सूत्रों के अनुसार उनकी टीम मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित निगरानी कर रही है। पिछले तीन दिनों में अलग-अलग नौ मामलों में कस्टम की टीम ने विभिन्न देशों से आए यात्रियों की तलाशी ली। इन सभी ने क्रॉकरी के बॉक्स, पहने हुए कपड़े, हैंड बैग के फ्रेम में सोना छुपाया था, जिसे बहुत तकनीकी तरीके से तलाशी लेकर पकड़ लिया गया है। इन मामलों में हैंडलर से असली सोना तस्कर के जानकारी हासिल की जा रही है।

### सरकार की सख्ती के बाद मनोज जारांगे ने खत्म की भूख हड़ताल

**मुंबई।** उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस के विरोध में बयानबाजी करने के बाद सख्त हुई पुलिस ने सोमवार को मराठा नेता मनोज जारांगे पाटिल के विरुद्ध सात नए मामले दर्ज किए हैं। इसी बीच मनोज जारांगे पाटिल ने आज पिछले कई दिनों से चल रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल खत्म कर दी है। अगले दो दिन के बाद वे आंदोलन की दिशा तय करेंगे। मनोज जारांगे ने रविवार को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के विरुद्ध विवादित बयानबाजी की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि मनोज जारांगे मराठा समाज के हित के लिए जब तक काम कर रहे थे, सरकार ने उनकी हर मांग को माना है लेकिन मनोज जारांगे की मांग हर बार बदल रही है और अब वे राजनीतिक बयानबाजी करने लगे हैं। इसलिए अब कानून अपना काम करेगा।

# भारत ने इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया

■ गिल-रोहित का अर्धशतक ■ ध्रुव जुरेल ने भी खेली आकर्षक पारी ■ भारत ने 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला में ली 3-1 की अजेय बढ़त

## रांची टेस्ट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (55) और शुभमन गिल (नाबाद 52) के बेहतरीन अर्धशतक व ध्रुव जुरेल (नाबाद 39) की शानदार पारी की बदौलत भारत ने यहां खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। दोनों टीमों को बीच पांचवां और आखिरी टेस्ट 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा। ध्रुव जुरेल (पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39) को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 353 रन बनाए, जवाब में भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 307 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड को पहली पारी के आधार पर 46 रनों की बढ़त हासिल हुई। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में केवल 145 रनों पर सिमट गई और भारत के सामने जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य रखा।

रांची की एक मुश्किल पिच पर 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जयसवाल ने सधी और अच्छी शुरूआत दिलाई और दोनों ने पहले विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को जो रूट ने तोड़ा, रूट ने जयसवाल को एंडरसन के हाथों कैच कराकर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद रोहित ने अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि वह अपनी पारी को ज्यादा दूर तक नहीं ले जा सके और 99 रनों के कुल योग पर 55 रन बनाकर टॉम हार्टले का शिकार बने।

रोहित के आउट होने के बाद रजत पाटीदार (00) बिना खाता खोले शोएब बसीर की गेंद पर ओली पोप के हाथों कैच आउट हुए। बसीर ने इसके बाद रवींद्र जडेजा (04) और सरफराज खान (00) के पवेलियन भेज भारत को मुसीबत में डाल दिया। हालांकि इसके बाद गिल और जुरेल ने छठे विकेट के लिए 72 रनों की शानदार साझेदारी कर भारत को 5 विकेट से जीत दिला दी। गिल ने 124 गेंदों पर 52 रनों की नाबाद मैराथन पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 2 छक्के लगाये। वहीं, जुरेल 77 गेंदों पर 2 चौकों की बदौलत 39 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड की तरफ से दूसरी पारी में शोएब बसीर ने 2 व टॉम हार्टले और जो रूट ने 1-1 विकेट लिया।

**इंग्लैंड की दूसरी पारी 145 रनों पर सिमटी, अश्विन ने झटके 5 विकेट :** इसके पहले रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव की घातक गेंदबाजी के आगे दूसरी पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिये और पूरी टीम केवल 145 रनों पर सिमट गई और भारत को 192 रनों का लक्ष्य मिला।

दूसरी पारी में इंग्लैंड के लिए जैक क्रॉली ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 60 रन बनाए, जबकि जॉनी बेयरस्टो ने 30 और बेन फोक्स ने 17 रन बनाए। अश्विन ने 5 और कुलदीप ने 4 विकेट लिए, एक विकेट रवींद्र जडेजा को मिला।

**भारत ने पहली पारी में 307 रन बनाए, जुरेल शतक से चूके, कुलदीप यादव ने 28 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली :** इससे पहले भारत ने यशस्वी जयसवाल और ध्रुव जुरेल के बेहतरीन अर्धशतकों की बदौलत अपनी पहली पारी में 307 रन बनाए। यशस्वी ने 73 रन बनाए, जबकि जुरेल मात्र 10 रनों से अपना शतक चूक गए और 90 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों के अलावा शुभमन गिल ने भी 38 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, लेकिन सबसे अच्छी पारी कुलदीप यादव ने खेली, एक समय केवल 177 रनों पर 7 विकेट खो चुकी भारतीय टीम को कुलदीप ने जुरेल के साथ मिलकर संकट से निकाला। कुलदीप और जुरेल ने आठवें विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी की। कुलदीप ने 28 रन बनाए और 131 गेंदों का सामना किया, इस दौरान उन्होंने केवल 2 चौके लगाए। इंग्लैंड के लिए ऑफ स्पिनर शोएब बशीर ने 5 और टॉम हार्टले ने तीन विकेट लिए, जबकि जेम्स एंडरसन को दो विकेट मिले।

**इंग्लैंड ने पहली पारी में बनाए 353 रन, रूट का शतक :** इससे पहले जो रूट के बेहतरीन नाबाद शतक और ऑली रॉबिन्सन के अर्धशतक की बदौलत इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 353 रन बनाए। रूट 122 रन बनाकर नाबाद रहे, वहीं ऑली रॉबिन्सन ने 58 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। भारत की तरफ से रवींद्र जडेजा ने 4, आकाश दीप ने 3, मोहम्मद सिराज ने 2 और रविचंद्रन अश्विन ने 1 विकेट लिया।

## विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला जीत के बाद की भारतीय टीम की सराहना



**एजेंसी। नई दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने झारखंड के रांची में जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में सोमवार को इंग्लैंड पर श्रृंखला जीत के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के लचीलेपन, धैर्य और दृढ़ संकल्प की सराहना की। ध्रुव जुरेल और शुभमन गिल ने नाबाद 72 रन की साझेदारी करके भारत को चौथे टेस्ट में पांच विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। कोहली ने जीत के बाद भारतीय टीम की प्रशंसा की और एक्स पर लिखा हमारी युवा टीम द्वारा अभूतपूर्व श्रृंखला जीत। टीम ने धैर्य, दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने भी पूरी टीम और उनके सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की और बधाई दी।

शाह ने एक्स पर लिखा रांची में चौथे टेस्ट में टीम इंडिया की शानदार जीत, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज पक्की। हमारे गेंदबाजों ने अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाया।

## पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट

## श्यामलाल कॉलेज ने जीता खिताब



**एजेंसी। नई दिल्ली।** मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने सोमवार को श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज को 3-1 से हराकर 10वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल पुरूष हॉकी टूर्नामेंट के खिताब पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। श्याम लाल कॉलेज की तरफ से आशीष शहरावत ने दो और प्रवीण मुंडा ने 1 गोल किया। खालसा कॉलेज के लिए एक मात्र गोल मोहित ने किया।

खिताबी मुकाबले में एसएनएस हॉकी मैन ऑफ द मैच का अवार्ड श्यामलाल कॉलेज के प्रवीण मुंडा को मिला। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड श्यामलाल कॉलेज के ललित कुमार वर्मा को मिला।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व हॉकी ओलंपियन, अर्जुन अवॉर्डी अशोक ध्यानचंद थे, अध्यक्षता कॉलेज की गवर्निंग बॉडी की चेयरपर्सन सविता गुप्ता ने किया। मेंबर गवर्निंग बॉडी डॉ पीके मिश्रा और कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर रबि नारायण कर ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

## बेहद कठिन मुकाबले में सीरीज जीतकर खुश हूं : रोहित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में 5 विकेट से मिली जीत के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह बेहद कठिन मुकाबले में सीरीज जीतकर खुश हैं।

रोहित शर्मा (55) और शुभमन गिल (नाबाद 52) के बेहतरीन अर्धशतक व ध्रुव जुरेल (नाबाद 39) की शानदार पारी की बदौलत भारत ने यहां खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। ध्रुव जुरेल (पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39) को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। भारत की यह घरेलू जमीन पर लगातार 17वीं टेस्ट श्रृंखला जीत थी।

रोहित ने मैच खत्म होने के बाद कहा यह एक बहुत कठिन संघर्ष वाली श्रृंखला रही है, इसलिए इसके सही पक्ष पर आना बहुत अच्छा लगता है। हमारे सामने बहुत सारी चुनौतियाँ आईं लेकिन हमने जवाब दिया और धैर्य से काम लिया। युवा खिलाड़ी, घरेलू सर्किट, स्थानीय क्लब-क्रिकेट में बड़े होने पर यहां आना और टिके रहना चाहते हैं। यह एक बड़ी चुनौती है, लेकिन मुझे जो प्रतिक्रियाएं मिलीं वे उत्साहजनक हैं।

रोहित ने जुरेल की भी प्रशंसा की, जिन्होंने अपने दूसरे ही टेस्ट मैच में बल्ले से जबरदस्त संयम दिखाया। उन्होंने कहा, हमें उन्हें वह माहौल देना होगा जिसमें वे रहना चाहते हैं, हम उनसे सिर्फ बात नहीं कर सकते, वे बहुत स्पष्ट हैं कि वे क्या करना चाहते हैं। जुरेल ने धैर्य, संयम और विकेट के चारों ओर शॉट्स दिखाए। उनकी पहली पारी में 90 रन महत्वपूर्ण थे और दूसरी पारी में भी गिल के साथ उन्होंने महत्वपूर्ण पारी खेली। रोहित ने स्वीकार किया कि श्रृंखला में पहली पसंद के कई खिलाड़ियों को मिस करना भारत के लिए आदर्श नहीं था, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में जुरेल, गिल और यशस्वी जयसवाल जैसे युवाओं के आगे बढ़ने पर खुशी हुई।

उन्होंने कहा यह हमेशा सुखद नहीं होता जब आपको प्रमुख खिलाड़ियों की कमी खलती है, लेकिन एक समूह के रूप में हम कुछ नहीं कर सकते। उनकी जगह भरना आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने वास्तव में अच्छी प्रतिक्रिया दी। जब आप इस तरह की छाप छोड़ते हैं, तो आप लंबे करियर के लिए खुद को अच्छी स्थिति में रखते हैं। इससे उन्हें प्रेरणा मिलेगी। हम हर टेस्ट में यह सोचकर आते हैं कि हम जीतना चाहते हैं, यह एक शानदार श्रृंखला है, हम पांचवें (7 मार्च को धर्मशाला में) मैच में जाना चाहते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। हमें विश्वास है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोनों टीमों के बीच पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच धर्मशाला में 7 मार्च से खेला जाएगा।

## तीन दिनों से प्रयास कर रहे दिव्यांग गौरव से मिले गावस्कर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** तीन दिनों से प्रयास कर रहे दिव्यांग गौरव मित्तल को क्रिकेट जगत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर से मिलने में सोमवार को सफलता मिली। जेसीए कंट्री क्रिकेट क्लब के सदस्य अर्से आलम के सहयोग से उन्हें यह सौभाग्य मिला।

गौरव पिछले दो दिनों से रोजाना टेस्ट मैच देखने स्टेडियम पहुंच रहा था लेकिन उसका मुख्य उद्देश्य था किसी तरह वह देश के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर से मिल सके।

दो दिनों के प्रयास के बाद आज तीसरे दिन भी एक बार फिर गौरव व्हीलचेयर से ही गावस्कर को देखते ही हाथ उठाकर आवाज लगाई। श्री आलम ने गावस्कर से इस दिव्यांग युवक से मिल लेने का आग्रह किया।

गावस्कर ने भी अपने इस युवा शुभचिंतक को निराश नहीं करना चाहा और वे व्हील चेयर में बैठे गौरव के पास पहुंचे और उनसे हाथ मिलाकर उन्हें आशीर्वाद दिया। गावस्कर को अपने पास देख दिव्यांग गौरव की आंखें भर आई। गावस्कर ने उसकी पीठ थपथपाई और उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर गावस्कर के साथ कमेंटेटर वीर दास गुप्ता भी उपस्थित थे।

## डीवाई पाटिल टी20 कप के माध्यम से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं हार्दिक पंड्या



**एजेंसी। नवी मुंबई।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या आज से नवी मुंबई में शुरू होने वाले डीवाई पाटिल टी20 कप के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। पंड्या रिलायंस 1 टीम की कप्तानी कर रहे हैं जो भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के खिलाफ प्रतियोगिता के शुरूआती मैच से अपना अभियान शुरू करेगी।

19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप मैच के दौरान बाएं टखने में चोट लगने के बाद से पंड्या प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर थे। कुछ ही समय बाद, उन्हें विश्व कप से बाहर कर दिया गया और लंबे समय तक रिकवरी प्लस रिहैब पर रखा गया।

दिसंबर 2023 में उन्हें गुजरात टाइटन्स से मुंबई इंडियंस में शामिल कर लिया गया और वह 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2024 से पहले पांच बार के चैंपियनशिप विजेता कप्तान रोहित शर्मा की जगह टीम के कप्तान बन गए। डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में, पंड्या रिलायंस 1 टीम का नेतृत्व कर रहे हैं जिसमें तिलक वर्मा, नेहल वढेरा, पीयूष चावला, आकाश मधवाल और विष्णु विनोद जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं।

बीपीसीएल टीम में संदीप शर्मा, राहुल त्रिपाठी, अनुकूल रॉय, श्रेयस गोपाल और रमनदीप सिंह जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

ईशान किशन, जो व्यक्तिगत कारणों से पिछले साल भारत के दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे से हटने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं, के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद है, हालांकि इसकी पुष्टि होना अभी बाकी है।

## सैफ अंडर-16 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित



**एजेंसी। नई दिल्ली।** मुख्य कोच बीबी थॉमस मुत्ताथ ने सोमवार को 1 से 10 मार्च तक नेपाल के ललितपुर में होने वाली आगामी सैफ अंडर-16 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है।

चयन ट्रायल में चुने जाने के बाद संभावित खिलाड़ी गोवा में प्रशिक्षण ले रहे थे, जिसमें से अंतिम 23 खिलाड़ियों का चयन किया गया। टीम मंगलवार 27 फरवरी को नेपाल के लिए प्रस्थान करेगी। यह पहली बार है जब टूर्नामेंट अंडर-16 के लिए आयोजित किया जा रहा है।

सैफ अंडर-16 महिला चैंपियनशिप के लिए भारत की 23 सदस्यीय टीम इस प्रकार हैः

**गोलकीपर :** कोन्जेंगबाम तम्फसाना देवी, मुन्नी, सूरजमुनि कुमारी।

**डिफेंडर्स :** अमृता घोष, बोनिफिला शुल्लई, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेद लाकड़ा, गौरी, रियाना लिज जैकब, रूपाश्री मुंडा, सारंगथेम अलीना देवी।

**मिडफील्डर :** अनीता डुंगडुंग, अनुष्का कुमारी, अनविता रघुरामन, एच याशिका, लोंगजाम नीरा चानू, रितु बड़ाईक, श्वेता रानी, थांडा मोनी बास्की।

**फॉरवर्ड :** गुरलीन कौर, गुरनाज कौर, नेहा साजी, पर्ल फर्नांडिस।

## कालीकट हीरोज ने कोलकाता थंडरबोल्ट्स को 3-0 से हराया

रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग सीजन-3



**एजेंसी। चेन्नई।** कालीकट हीरोज ने रविवार रात यहां जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले गये ए 23 द्वारा संचालित रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के तीसरे सीजन के 15वें मुकाबले में कोलकाता थंडरबोल्ट्स को 3-0 (16-14, 15-8, 15-5) से हराकर अपनी दमदार जीत दर्ज कर ली। जेरोम विनित को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

ओनुर कुकुर के बेहतरीन खेल के सहारे कोलकाता थंडरबोल्ट्स ने मुकाबले में अपनी शानदार शुरूआत की, लेकिन जेरोम की खतरनाक सर्व ने थंडरबोल्ट्स के लिए कड़ी चुनौती पेश की। इसके बाद चिराग यादव और लुइज पेरोटो के अटैकिंग खेल ने कालीकट हीरोज के लिए वापसी करने में मदद की। लेकिन विनीत कुमार ने स्पाइक्स की बदौलत अपनी टीम को मुकाबले में बनाए रखा। यहां से ऐसा लग रहा था कि कोलकाता की टीम पहला सेट अपने नाम कर लेगी, लेकिन अश्वल राय की सुपर सर्विस ने कोलकाता थंडरबोल्ट्स को मुकाबले में आगे कर दिया। हालांकि तभी कालीकट हीरोज की टीम ने सुपर प्वाइंट जीतकर मैच में अपनी बढ़त कायम कर ली।

कालीकट हीरोज और कोलकाता थंडरबोल्ट्स के बीच दूसरा सेट विनित बनाम विनीत हो गया क्योंकि इस सेट में दोनों टीमों की ओर से उनका बेस्ट अटैकिंग खेल देखने को मिला।

चिराग ने सर्विस लाइन से अपने आक्रामक खेल के सहारे मुकाबले को कालीकट हीरोज के कब्जे में कर दिया। इसी बीच, मिडिल ब्लॉकर्स विकास मान और डेनियल मोटाजेदी ने कोलकाता थंडरबोल्ट्स के अटैक को रोकने के लिए डिफेंस में बेहतरीन खेल दिखाया। उक्रा की बेहतरीन पास के दम पर कालीकट हीरोज की टीम ने अपना आक्रामक खेल जारी रखा और कालीकट ने अपनी बढ़त को कायम रखते हुए दूसरा सेट भी अपने नाम कर लिया।

## खबरें व्यापार जगत की

## मोदी सरकार की नीतियों का नतीजा आर्थिक मोर्चे पर चीन को करारा झटका




**एजेंसी। नई दिल्ली।** भारत को घेरने की कोशिश में जुटे चीन को मोदी सरकार करारा जवाब देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ती है। साल 2014 में देश की कमान संभालने के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार कूटनीतिक और सैन्य मोर्चे पर चीन की हर चुनौती का बखूबी जवाब देती आई है। मोदी सरकार ने चीन की हर चाल को नाकाम करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए हैं। फिर चाहे वो एलएसी यानी वास्तविक नियंत्रण रेखा के उल्लंघन का मसला हो या फिर आर्थिक मोर्चे पर चीन की चालबाजी की बात हो या तकनीकी क्षेत्र की। हमेशा ही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने ड्रैगन को उसी की भाषा में जवाब दिया है।

भारत और चीन के रिश्तों में तल्खी उस वक्त ज्यादा बढ़ गई, जब एलएसी पर चीनी सैनिक और भारतीय सैनिक के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। इसमें भारत के 20 सैनिक शहीद हो गए थे। हालांकि भारतीय सैनिकों ने भी चीन को काफी नुकसान पहुंचाया था और उसके 40 से ज्यादा सैनिक हताहत भी हुए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच रिश्तों में लगातार खटास देखने को मिली है।

इससे भी बड़ा झटका चीन को मोदी सरकार ने बीते कुछ दिनों में दिया है। जब भारत सरकार ने चीन के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए यहां काम कर रही 17 चीनी कंपनियों को बैन कर दिया। इतना ही नहीं नरेंद्र मोदी सरकार ने इन कंपनियों को टेंडर प्रक्रियाओं में भाग लेने से बैन कर दिया। जिनमें एक्सपी-पेन, लेनोवो, हाईविजन हिकविजन, लावा, दहुआ, ओटोमेट, जोलो, एयरप्रो, ग्रैंडस्ट्रीम, वाई-टेक, रियलटाइम, मैक्सहब, डोमिनोज, रेपुटर और टायरो जैसी बड़ी कंपनियां शामिल थी।

## गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार सेंसेक्स 353 अंक फिसला



**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 352.66 अंक यानी 0.48 फीसदी की गिरावट के साथ 72,790.13 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई का (निफ्टी) भी 90.65 अंक यानी 0.41 फीसदी फिसलकर 22,122.05 के स्तर पर बंद हुआ है। शेयर बाजार में आज के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 शेयरों में गिरावट रही है जबकि सिर्फ 4 शेयरों में तेजी रही। कारोबार के दौरान आज ऑनलाइन पेमेंट मंच पेटीएम के शेयर में 5 फीसदी का अपर सर्किट लगा। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एशियन पेंट्स के शेयर में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज हुई है। आज के कारोबार में टॉप गेनर्स में एलएंडटी, पावरग्रिड, एचयूएल और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं जबकि टॉप लूजर्स में एशियन पेंट, टाटा स्टील, टाइटन और टीसीएस प्रमुख हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ था। बीएसई का सेंसेक्स 15 अंकों की गिरावट के साथ 73,142 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 4 अंक की गिरावट के साथ 22,212 के स्तर पर बंद हुआ था।

## सरकार ने आंध्र प्रदेश में एफसीवी तंबाकू उत्पादकों को ब्याज मुक्त ऋण को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश में तंबाकू की खेती करने वाले किसानों के लिए खुशखबरी है। केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश में एफसीवी तंबाकू उत्पादकों को ब्याज मुक्त ऋण को मंजूरी दे दी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि आंध्र प्रदेश में एफसीवी तंबाकू उत्पादकों की कठिनाइयों को देखते हुए भारत सरकार ने तंबाकू बोर्ड के उत्पादक कल्याण कोष निधि से प्रत्येक उत्पादक सदस्यों के लिए 10 हजार रुपये का ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत किया है। यह ब्याज मुक्त ऋण उनके लिए है, जिनकी फसलें मिचौंग चक्रवात की वजह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। मंत्रालय के मुताबिक यह केवल आंध्र प्रदेश फसल सीजन 2023-24 के लिए एकमुश्त ब्याज मुक्त ऋण है। यह ब्याज मुक्त ऋण राशि 2023-24 आंध्र प्रदेश फसल सीजन की संबंधित तंबाकू उत्पादकों की नीलामी बिक्री आय से वसूल की जाएगी। अभी कर्नाटक में एफसीवी तंबाकू की नीलामी चल रही है। अब तक बोर्ड द्वारा कर्नाटक में अपने ई-नीलामी प्लेटफार्मों के माध्यम से लगभग 85.12 मिलियन किलोग्राम एफसीवी तंबाकू का विपणन किया जा चुका है। तंबाकू उत्पादकों को मिलने वाली औसत कीमत में 12.49 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह पिछले वर्ष के 228.01 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर चालू वर्ष में 256.48 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। उल्लेखनीय है कि फ्लू क्यूर्ड वर्जीनिया (एफसीवी) तंबाकू का उत्पादन भारत में मुख्य रूप से दो राज्यों, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में किया जाता है। वर्तमान में आंध्र प्रदेश में फसल का मौसम चल रहा है, जिसमें 42,915 एफसीवी तंबाकू उत्पादक हैं। इसकी कर्नाटक में नीलामी चल रही है, जिसमें 39,552 एफसीवी तंबाकू उत्पादक हैं।

## ऑयल इंडिया लिमिटेड संयुक्त अरब अमीरात में वैश्विक भागीदार रोड शो आयोजित करेगा

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे युवा महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) ने अपने पहले वैश्विक भागीदार रोड शो कॉनफ्लुएंस : व्हेयर एनर्जी एंड अपॉर्च्युनिटी कन्वर्ज की घोषणा की है, जो 28 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में होने वाला है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि यह आयोजन, जिसमें ऊर्जा सेवा उद्योग से 50 से अधिक अग्रणी कंपनियों को आकर्षित करने की उम्मीद है, आक्रामक विकास और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए ओआईएल की प्रतिबद्धता का संकेत देता है। इसमें कहा गया है कि ओआईएल ने महत्वाकांक्षी उत्पादन लक्ष्यों पर अपनी नजरें रखी हैं : 2025-26 तक 4 एमएमटी तेल और 5 बीसीएम गैस वार्षिक उत्पादन। इसमें कहा गया है 2030 तक 12 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व उत्पन्न करने के लक्ष्य के साथ कंपनी ने विभिन्न गतिविधियों में 4.8 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बनाई है, जिसका मकसद है अन्वेषण प्रयासों, क्षेत्र के विकास को बढ़ाना और उत्पादन में तेजी लाना। इसमें कहा गया है कि ओआईएल अपतटीय भारतीय क्षेत्रों में आक्रामक रूप से विस्तार करने के लिए तैयार है। बयान में कहा गया है, रोड शो की मेजबानी ओआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, निदेशक, संचालन और ओआईएल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाएगी। यह आयोजन आगामी एक से पांच वर्षों के लिए ओआईएल की विस्तृत खरीद रणनीतियों की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा, जो भागीदारों को शामिल होने, विचार करने और भागीदार ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। इसमें कहा गया है कि यह आयोजन ऊर्जा उद्योग में नए व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए अपने भागीदारों के साथ मजबूत संबंध बनाने पर ओआईएल के फोकस को उजागर करता है। बयान में कहा गया है इस आयोजन का फोकस नवाचार, स्थिरता और रणनीतिक गठजोड़ पर होगा, जिसमें ओआईएल का लक्ष्य वैश्विक स्तर पर सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से नए उद्योग मानक स्थापित करना है।

## कोल्हान में कांग्रेस को लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा झटका

# कोड़ा दंपति के भाजपा में आने से सिंहभूम सीट पर जीत तय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा और उनकी धर्मपत्नी सिंहभूम की कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश कार्यालय में दोनों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। लोकसभा चुनाव से पहले गीता कोड़ा और मधु कोड़ा के भाजपा में शामिल होना कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लिए बहुत बड़ा झटका है। गीता कोड़ा झारखण्ड में कांग्रेस की एकमात्र सांसद थी। कोड़ा दंपति का कोल्हान में बेहद मजबूत पकड़ है, अपना कैडर है, आदिवासियों के बीच सबसे अधिक लोकप्रिय नेता है। जिसके बदौलत ही 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के बावजूद भाजपा को हराने में सफल रहे।

झारखंड के राजनीतिक घटनाक्रम और समीकरण को देखे तो गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल होने से भाजपा की जीत में अब कोई किन्तु परन्तु नहीं बचा है, वहीं कांग्रेस को एकमात्र सीट से भी हाथ धोना पड़ जायेगा। मालूम हो कि कुछ महीने पहले से ही यह अटकलें लग रही थी की जिस तरह से इंडिया गठबंधन झारखंड में कोड़ा दाम्पती को उपेक्षा किया जा रहा है और जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सोनाराम सिंकु को झारखंड सरकार के मंत्रालय में मंत्री पद नहीं देना यह भी एक बड़ा कारण है। चाईबासा में बाबूलाल के साथ गीता कोड़ा और मधु कोड़ा की सीक्रेट मीटिंग हुई पूर्व में हो चुकी थी। खैर मामला कुछ भी लेकिन कोल्हान की राजनीति में बड़ा बदलाव होने वाला है।

ज्ञात हो कि महागठबंधन की सरकार में लगातार कोड़ा दंपति के राजनीतिक कद को छोटा करने का प्रयास किया जा रहा था। सरकार गीता कोड़ा के अनुशंसा पर ध्यान नहीं दे रही थी। सबसे बड़ी बात यह भी सामने आ रही है कि मधु कोड़ा के चहेते विधायक सोना राम को कांग्रेस ने मंत्री पद नहीं दिया। इससे मधु कोड़ा काफी नाराज हो गए। इस बार सिंहभूम लोकसभा में आर पार की लड़ाई देखने को मिलेगी। जहां जेएमएम का सभी विधायक,मंत्री के साथ साथ मुख्य मंत्री की प्रतिष्ठा दांव पर होगी। वही भाजपा से कोड़ा दंपति का विजय रथ पर सवार होकर लोकसभा में जाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। लोकसभा चुनाव में भाजपा का नैया पार लगाने के लिए गीता कोड़ा को अंतः भाजपा के शीर्ष नेताओं के सहमति के बाद शामिल होना पड़ा। कोड़ा दंपति के आने के बाद जिला में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। अचानक से जिला के राजनीतिक वातावरण बदल गया है। अब देखना है कि जगन्नाथपुर विधायक का रुख किया होगा।

### भाजपा की वाशिंग मशीन में धुल जायेंगे मधु कोड़ा : बन्ना गुप्ता



स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने गीता कोड़ा और मधु कोड़ा के भाजपा में शामिल होने पर प्रतिक्रिया देते खा कि मधु कोड़ा के ऊपर कई तरह के मामले कई सालों से चल रहे हैं, जिससे कोड़ा दंपति परेशान थे, अब भाजपा के वाशिंग मशीन में जाने से मधु कोड़ा साफ सुथरा हो जायेंगे। मंत्री ने कहा कि कोड़ा दंपति के जाने से कांग्रेस को ना तो कोल्हान में कोई नुकसान होगा और ना ही राज्य में किसी को रस्सी से बांध कर नहीं रखा जा सकता है।

### महागठबंधन को कोई नुकसान नहीं : सीता सोरेन



झामुमो विधायक सीता सोरेन ने कहा कि गीता कोड़ा के भाजपा में जाने से महागठबंधन को कोई नुकसान नहीं होगा। सीता सोरेन ने कहा कि गीता कोड़ा के भाजपा में जाने के बाद अब सिंहभूम सीट पर झामुमो दावा करेगी।

### मैं कांग्रेस में ही रहूंगा : सोनाराम सिंकू



जगनाथपुर के कांग्रेस विधायक और मधु कोड़ा के करीबी रिश्तेदार सोनाराम सिंकू ने कहा कि उन्हें गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल होने की जानकारी नहीं है। मधु कोड़ा और गीता कोड़ा के भाजपा में जाने का उन पर कोई असर नहीं होगा हालांकि यह जरुर स्वीकार किया कि कोड़ा दंपति के कांग्रेस छोड़ने से कोल्हान में पार्टी कमजोर होगी, उनकी खाली जगह को भरना आसान नहीं होगा। कांग्रेस विधायक ने कहा कि वे फिलहाल कांग्रेस में ही बने रहेंगे और कोल्हान में कांग्रेस को मजबूत करेंगे।

## सामान्य वर्ग के अभियंताओं को लाभ पहुंचाने को नियम किया दरकिनार : किशुन दास

**रांची।** झारखंड विधानसभा में झारखंड विधानसभा में विधायक किशुन कुमार दास ने जल संसाधन विभाग के अंतर्गत कनीय अभियंता से सहायक अभियंता के पद पर प्रोन्नति में नियमों की अनदेखी का मामला उठाया है। उन्होंने सरकार से पूछा है कि वरीयता सह पात्रता के प्रावधान के अंतर्गत प्रोन्नति प्रदान करने अथवा विचार करते समय मूल कोटि की वरीयता सूची में वरीयता क्रम में सामान्य वर्ग से ऊपर आने वाले अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सरकारी सेवकों को अनुरक्षित अनारक्षित रोस्टर बिंदु पर प्रोन्नति अनुमान्य होगी। लेकिन इस पत्र को दरकिनार कर सामान्य वर्ग के अभियंताओं को लाभ पहुंचाने हेतु विभाग में प्रोन्नति से संबंधित संचिका का आदेश उप स्थापित की गई है। उन्होंने सरकार से पूछा है कि अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सरकारी सेवकों को अनारक्षित रोस्टर क्लियर कर प्रोन्नति कब तक किया जायेगा। हालांकि इस मामले में राज्य सरकार ने सभी प्रश्नों का स्वीकारात्मक जबाव देते हुए मामले की कार्रवाई करने की बात कही है। गौरतलब है कि सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने अल्प सूचित प्रश्न संख्या 19 के तहत यह मामला उठाया था। इस मामल में सरकार ने जवाब दिया है कि कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग झारखंड राज्य के पत्र संख्या 14 /कोर्ट 02 /11 /2022 का 3463, दिनांक 30 जून 2022 कंडिका तीन में अंकित प्रावधान के तहत विभाग के अंतर्गत प्रोन्नति की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

## पेपर लीक मामले में चलाया जाएगा डिजिटल कैंपेन



**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से संचालित होने वाले जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी है। प्रश्न पत्र के लिक होने के 26 दिन से भी अधिक बित जाने के बाद भी अब तक प्रश्न पत्र गिरोह के मुख्य सरगना का खुलासा नहीं हो सका है। सरकार की ओर से जांच की वस्तु स्थिति की जानकारी नहीं दी जा रही है। इसके खिलाफ झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन की ओर से डिजिटल ट्यूटर (एक्स) कैंपेन शुरू किया गया है। देवेंद्र नाथ महतो ने मीडिया से बताया कि एक मार्च को डिजिटल ट्विटर (एक्स) कैंपियन चलाया जाएगा। देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि हम छात्रों का उम्र लगातार बढ़ती जा रही है लेकिन सरकार हम छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है।

## सरयू राय ने उठाया जमशेदपुर की 86 बस्तियों का मामला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से जमशेदपुर की बस्तियों को मालिकाना हक देने का मामला उठाया। जिस पर प्रभारी मंत्री डा. रामेश्वर उरांव ने ध्यानाकर्षण का उत्तर देते हुए स्वीकार किया कि टाटा लीज नवीकरण समझौता के शिड्यूल-5 में अवैध 86 बस्तियों को लीज भूमि से अलग किया है। तदनुसार 86 बस्तियों का सर्वेक्षण हुआ। सर्वेक्षण में आया कि 14,167 प्लाटों में निहित लगभग 1800 एकड़ भूमि लीज बाहर की गई है। इसमें 17,986 मकान बने हुए हैं, जिसका क्षेत्रफल करीब 1100 एकड़ है।

उन्होंने कहा कि रघुवर दास की सरकार ने एक निर्णय ले लिया कि 10 डिसमिल तक भूमि की बंदोबस्ती लीज पर की जायेगी, जो पूरे झारखण्ड के लिए है और जमशेदपुर में भी लागू है। सरयू राय ने पूरक प्रश्न में कहा कि सरकार मेरे ध्यानाकर्षण का सही उत्तर नहीं दे रही हैं। एक तो सरकार यह नहीं बता रही है कि क्षितिज चन्द्र बोस बनाम आयुक्त, राँची के मुकदमा में राँची नगर निगम की भूमि पर सर्वोच्च न्यायालय ने उनके प्रतिकुल कब्जा को मान्यता दिया है, क्योंकि यह प्रतिकुल कब्जा साबित हो गया है। उसी तरह जब 2005 में टाटा लीज नवीकरण समझौता के समय सर्वे हुआ और साबित हो गया कि करीब 1100 एकड़ भूमि पर 17986 मकान बसे हुए हैं यानी कि अपने मकानों पर आवासितों का प्रतिकुल कब्जा साबित हो गया तो सर्वोच्च न्यायालय के उपर्युक्त निर्णय के अनुसार इस भूमि पर आवासितों को मालिकाना उन्हें दे देना चाहिए।

## कांग्रेस में कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधियों की नहीं सुनी जाती है बात : गीता कोड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** कांग्रेस पार्टी से सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा ने सोमवार को बीजेपी का दामन थामने के बाद कांग्रेस पार्टी पर जमकर बरसीं। बाबूलाल मरांडी के सामने सदस्यता ग्रहण करने के बाद सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि आज देश का विकास पीएम मोदी के साथ ही किया जा सकता है। सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि जिस तरह से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की संस्कृति और सभ्यता को विश्व पटल पर स्थापित कर रहे हैं वह काबिल-ए-तारीफ है। आज उनके नेतृत्व में पूरा भारत तरक्की कर रहा है। जिसका लोहा पूरा विश्व मान रहा है इसलिए प्रधानमंत्री के कार्यों से प्रभावित होकर आज उन्होंने भाजपा का दामन थामा है। वहीं, उन्होंने कांग्रेस पार्टी के अंदर हो रहे विवादों पर कहा कि पिछले कुछ दिनों से जिस तरह से कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हो रही है उससे कहीं ना कहीं झारखंड के मूलवासियों और आदिवासियों को नुकसान हो रहा था। कांग्रेस पार्टी के इस व्यवहार को देखते हुए प्रदेश स्तर के कई नेताओं ने शीर्ष नेतृत्व को लिखित एवं मौखिक रूप से जानकारी एवं शिकायत भी की, लेकिन इस पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। पार्टी में जब कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों की बात नहीं सुनी जाए तो फिर निश्चित रूप से पार्टी में रहना मुश्किल हो जाता है। इन सभी परेशानियों को देखते हुए उन्होंने कांग्रेस का हाथ छोड़कर बीजेपी का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि किसी भी शर्त के साथ वह पार्टी में नहीं आई हैं। एक कार्यकर्ता के रूप में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी की तरफ से जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उसे ईमानदारी से निभाने का काम करेंगी।

वहीं, सिंहभूम से चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी जो भी निर्णय लेगी। उसका वह स्वागत करेंगी। वहीं गीता कोड़ा के भाजपा पार्टी में शामिल होने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने भी उनके फैसले का स्वागत किया। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोक कल्याणकारी कार्यों और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर चाईबासा की कर्मठ सांसद गीता कोड़ा जी ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा परिवार में आपका स्वागत एवं अभिनंदन है। सदस्यता ग्रहण करने के बाद गीता कोड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पश्चिम सिंहभूम जिलाध्यक्ष संजू पांडेय और पार्टी नेता संदीप वर्मा भी उपस्थित थे।

बता दें कि गीता कोड़ा सिंहभूम से सांसद हैं। वर्ष 2019 में वह कांग्रेस पार्टी से लोकसभा का चुनाव इस सीट से जीतीं थीं। वह पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी भी हैं। इसीलिए गीता कोड़ा का भारतीय जनता पार्टी में आना कहीं ना कहीं यह माना जा रहा है कि कोल्हान की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का पलड़ा और भी मजबूत हो गया है।

## झारखंड विधानसभा में जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक का मामला गूंजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदन में जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक का मामला गूंज उठा। भाजपा विधायक वेल में पहुंचकर जोरदार हंगामा करने लगे और पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। प्रश्नकाल में बिरंची नारायण ने भी जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक का मामला उठाया। भाजपा विधायक ने कहा कि 25 से 30 लाख रुपये में पेपर बेचा गया। आयोग के अध्यक्ष ने इस्तीफा दे दिया। यह पूरे राज्य को शर्मसार करने वाली घटना है। आखिर इस मामले का किंग पिन कौन है, राज्य की जनता यह जानना चाहती है। सरकार इस मामले की सीबीआई जांच कराये। इस पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि नौजवानों की जिंदगी से कोई खिलवाड़ नहीं होगा। एसआईटी का गठन किया गया है। यदि एसआईटी जांच सफल नहीं होती है तो आगे की कार्रवाई की जायेगी। इसके बाद सदन में भाजपा विधायकों के हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही 12:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति बनाए सरकार : लंबोदर महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति बनाने और विभाग की ओर से प्रश्न पत्र लीक मामले में अभ्यर्थियों के खिलाफ दर्ज केस को वापस लेने और इस मामले की सीबीआई जांच करने की मांग की है।

उन्होंने यह मांग सोमवार को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन शून्य काल में की। महतो ने सदन में राज्य सरकार का ध्यान इस बात की और आकृष्ट कराया कि झारखंड सरकार के द्वारा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के माध्यम से विभिन्न विभागों के रिक्त पदों के विरुद्ध नियुक्ति को लेकर गत 28 जनवरी को इसकी परीक्षा ली गई और परीक्षा के मात्र चार घंटे में प्रश्न पत्र लीक हो गया। जब इसका विरोध किया गया तो 15 नामजद एवं तीन से चार हजार अज्ञात अभ्यर्थियों के ऊपर केस कर दिया गया।

ऐसा होने से राज्य के अभ्यर्थियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में 3.59 लाख से ज्यादा नियमित सरकारी पदों की रिक्तियां हैं। उन्होंने राज्य सरकार से अभ्यर्थियों पर किए गए केस को वापस लेने और लीक प्रश्न पत्र की जांच सीबीआई से करने की वकालत की। उन्होंने इस विषय को लेकर सदन में कार्य स्थगन का प्रस्ताव भी लाया।

## उर्वशी पांडे ने रांची जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में पदभार संभाला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** उर्वशी पांडे ने आज जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, रांची के रूप में पदभार ग्रहण किया। डॉ प्रभात शंकर ने उन्हें पदभार सौंपा एवं भविष्य की शुभकामनाएं दी। उर्वशी पांडे झारखंड प्रशासनिक सेवा की चतुर्थ बैच की अधिकारी हैं। इससे पहले वे धनबाद में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थीं। उन्होंने कहा कि जिला में पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वय व सामंजस्य स्थापित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। इस दौरान जिला जनसम्पर्क कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## लोहड़िया जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करे सरकार : किशुन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड में लोहड़िया जाति की वर्तमान सामाजिक स्थिति को लेकर झारखंड विधानसभा में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने सवाल उठाया है।उन्होंने सदन के माध्यम से राज्य सरकार से जवाब मांगा है कि झारखंड में करीब 4500 लोहरिया जाति की आबादी वर्षों से पीढ़ी दर पीढ़ी रह रही है लेकिन राज्य सरकार ने जवाब में कहा है कि इस संबंध में कोई संपुष्ट आंकड़ा विभाग को उपलब्ध नहीं है।विधायक किशुन कुमार दास ने सरकार से जानना चाहा कि लोहड़िया जाति बिहार सरकार कल्याण विभाग के वेलफेयर मैन्युअल गजट के 1950 ई के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के सूची में दर्ज है जिसका क्रमांक 20 पर लोहडिया अंकित है जिसे सन 1956 के संशोधित मैन्युअल गजट लोहरिया के स्थान पर लोहरा/ लोहारा अंकित कर दिया गया जो टंकनीय नहीं है भूल है ।राज्य सरकार से लहरिया जाति के रहन-सहन रीति रिवाज भी अनुसूचित जनजाति में वर्णित जातियों की तरह है ।लेकिन लोहड़िया जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित करने के बिंदु पर डॉ रामदयाल मुंडा जनजाति कल्याण शोध संस्थान रांची से प्रतिवेदन की मांग की गई है लेकिन प्रतिवेदन अब तक अब अप्राप्त है।

## अमृत भारत स्टेशन योजना विकास की दिशा में व्यापक प्रतिबद्धता को दर्शाता है : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। पू सिंहभूम।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे नेटवर्क की दक्षता और बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में व्यापक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे नेटवर्क विश्व स्तर पर सबसे बड़ी और सबसे विकसित प्रणालियों में से एक है, जो देशभर में लोगों एवं वस्तुओं के आवागमन की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। राज्यपाल पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) टाटानगर रेलवे स्टेशन पर सोमवार को आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री झारखंड में रेलवे नेटवर्क विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। झारखंड में टाटानगर और अन्य रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास इसी दिशा में एक सार्थक कदम है। राज्यपाल ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना जैसी पहल विकसित भारत 2047 की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने विकसित भारत के लिए अन्य योजनाओं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की है। इससे लोगों को काफी सुविधा प्राप्त हो रही है। राज्यपाल ने इस अवसर पर साउथ ईस्टर्न रेलवे हाई स्कूल, टाटा में आयोजित 2047 का विकसित भारत विकसित रेल विषय पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। इस कार्यक्रम के बाद राज्यपाल ने अन्नामृत फॉउंडेशन में जाकर वहां की कार्यप्रणाली को देखा और पौधरोपण भी किया। अन्नामृत फॉउंडेशन के जरिए बच्चों को मिड-डे-मील उपलब्ध कराया जाता है।

### आम लोगों को सुविधा होगी : महुआ माजी

राज्यसभा सदस्य महुआ माजी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेलवे के अभूतपूर्व कार्यों के लिए सराहना करते हुए कहा कि अब आम लोगों को इससे काफी सुविधा मिलेगी। क्योंकि एयरलाइंस का जब से मोदी सरकार ने प्राइवेटाइजेशन किया है तब से हवाई जहाज की टिकटें काफी महंगे हो गए। रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि पीएम मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने उन स्टेशनों पर भी ध्यान दिया है जहां पर यात्रियों की संख्या काफी कम होती है। मेरी जितनी भी मांगें हैं, वह सभी पूरी हुई हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**कर्ज और सूद के बोझ...**
लेकिन भारी शोर शराबे के बीच आधे घंटे बाद ही दोपहर एक बजे फिर से सदन दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया, दो बजे के बाद सदन के शुरू होते ही भाजपा विधायक अनंत ओझा ने तृतीय अनुपूरक बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए हेमंत सोरेन और चम्पई सरकार के साथ कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा, अनंत ओझा के भाषण समाप्त होते ही सभी भाजपा विधायक बायकाट कर गए।

**झारखंड विधानसभा में झारखंड...**
सबसे कम प्रति व्यक्ति वाले राज्यों में से एक है। वर्ष 2000-01 में अस्तित्व में आने के साथ ही यह 28 राज्यों की सूची में 26वें स्थान पर था। केवल पड़ोसी राज्य बिहार और उत्तर प्रदेश ही इससे नीचे था। विगत दो दशकों में भी स्थिति में व्यापक परिवर्तन नहीं आया। वर्ष 2021-22 में भी एक स्थान के मामूली सुधार के साथ झारखंड इस सूची में 25वें स्थान पर था। केवल बिहार, उत्तर प्रदेश और मणिपुर ही झारखंड से पीछे थे। इससे पहले झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन सोमवार को 11 बजकर 06 मिनट पर सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सत्र शुरू होते ही सदन में जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक का मामला गूंज उठा। भाजपा विधायक वेल में पहुंचकर जोरदार हंगामा करने लगे और पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। झारखंड विधानसभा के दूसरे दिन भोजनावकाश के बाद 4981 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट पास हो गया। इस दौरान विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। विधेयक पास होने के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार 11:00 बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**झारखंड हाई कोर्ट का फैसला...**
सत्र काफी छोटा है। वर्चुअल मोड में सुनवाई में भाग लेते हुए ईडी की ओर से एएसजीआई एसवी राजू ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हेमंत के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले ईडी की विशेष अदालत ने 22 फरवरी को हेमंत सोरेन को बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी थी और हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी थी। इसके खिलाफ हेमंत सोरेन की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दायर कर विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी गई है। हेमंत सोरेन अभी ईडी की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद है। इससे पहले हेमंत सोरेन को विश्वास मत के दौरान सदन की कार्यवाही में शामिल होने की एक दिन अनुमति ईडी की विशेष अदालत से मिली थी।

**नये स्टेशन में लगेगा देवी मां...**
कार्यक्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद थे। वही हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। पलामू सांसद श्री राम ने कहा.कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य कराया जा रहा है। हैदरनगर रेलवे क्रासिंग पर जाम की स्थिति लगातार बनी रहती है। वे इसके निदान के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा। हैदर नगर का देवी मंदिर काफी प्रसिद्ध है वे रेलवे के पदाधिकारी से मांग करते हैं कि नया स्टेशन के निर्माण होने के बाद उसमें देवी मां का चित्र लगाया जाए। मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं बच्चों के बीच विकसित भारत ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसके विजेताओं को पलामू सांसद ने पुरस्कृत किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, राम प्रवेश सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, आलोक कुमार, शिव कुमार मिश्रा, मुख्य परियोजना प्रबंधक (सीपीएम) डीडीयू मंडल, प्रदीप कुमार, वरीय मंडल सिग्नल दूरसंचार अभियन्ता (सीनियर डीयसटीई), मो फैजान सहायक वाणिज्य प्रबंधक, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, संतोष सिंह, डॉ. अजय जायसवाल, मंडल अध्यक्ष उमेश चन्द्र शिव, अजय गुप्ता, अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान, नरेन्द्र सिंह नंदलाल गुप्ता, प्रदीप सिंह कुशुम देवी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**चाईबासा से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा...**
कहा कि भाजपा से जुड़कर जनहित के काम करती रहूंगी। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि कांग्रेस मुक्त भारत का संकल्प पूरा होता जा रहा है। कांग्रेस पार्टी अपने नेताओं का सम्मान नहीं करती। उन्होंने झारखंडी भावनाओं की कद्र नहीं की। केवल गीता कोड़ा ही नहीं, बल्कि कई अन्य दिग्गज नेताओं ने नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प पर भरोसा किया और पार्टी ज्वॉइन की है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गीता कोड़ा जनता की सेवा करती रही हैं। दो बार विधायक रहीं। वर्ष 2019 में सांसद बनीं। कांग्रेस पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष भी रहीं। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी की सरकार राज्य में है, उसे छोड़कर गीता कोड़ा ने भाजपा का दामन थामा। इससे अंदाजा लगाया जा सकता कि वहां काम करना कितना मुश्किल रहा होगा। साथ ही भरोसा जताया कि गीता कोड़ा के आने से पार्टी न केवल कोल्हान, बल्कि पूरे प्रदेश में और मजबूत होगी।

**ज्ञानवापी केस : मुस्लिम पक्ष को...**
जनवरी को तहखाना में पूजा शुरू कराए जाने का आदेश दिया था। जिला जज के आदेश पर उसी दिन देर रात तहखाने को खोलकर पूजा अर्चना शुरू करा दी गई थी। जिसके चलते जिला कोर्ट के आदेश के तहत व्यास जी तहखाने में पूजा अर्चना हो रही है। हाईकोर्ट के फैसले में यह तय हो गया है कि व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना जारी रहेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली।** आप के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ईडी के समक्ष सोमवार को भी पेश नहीं हुए। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सातवीं बार समन भेजकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। आम आदमी पार्टी ने इस समन पर भी सोमवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर नहीं जाएंगे। पार्टी ने कहा कि चूंकि अभी मामला अदालत में लंबित है। इसकी सुनवाई 16 मार्च को होनी है। ईडी समन भेजने के बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करे।

### इनेलो हरियाणा प्रमुख हत्याकांड में सात पर एफआईआर दर्ज



**चंडीगढ़।** आईएनएलडी के हरियाणा अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इसके अलावा, एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, इसमें वारदात से ठीक पहले हुंडई आई 10 में हमलावर दिखाई दे रहे हैं।

### भारतवंशी प्रो. अशोक वीरराघवन को टेक्सास में सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान



**टेक्सास।** टेक्सास एकेडमी ऑफ मेडिसिन, इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने भारतवंशी कंप्यूटर इंजीनियर प्रो. अशोक वीरराघवन को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 'एडिथ और पीटर ओ'डॉनेल' पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह टेक्सास में शोधकर्ताओं के लिए सर्वोच्च शैक्षणिक पुरस्कारों में से एक है। प्रो. वीरराघवन राइस यूनिवर्सिटी के जॉर्ज आरब्राउन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियर हैं। राइस यूनिवर्सिटी के मुखपत्र 'द राइस थ्रेसर' ने यह जानकारी दी। 'द राइस थ्रेसर' ने कहा कि प्रो. वीरराघवन को 'क्रांतिकारी इमेजिंग तकनीक' के लिए 2024 एडिथ और पीटर ओ'डॉनेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

# चांदी जैसा रंग... की रूमानियत बिखेरने वाले पंकज ने कहा गुडबॉय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास के निधन का जानकारी देते हुए उनकी बेटी नायाब उधास ने अपने पोस्ट में लिखा कि वो लंबे समय से बीमार थे। वह 72 साल के थे। अस्सी के दशक में उनके गजल लोगों की जुबान पर थे। 'रिश्ता तेरा मेरा', 'न कजरे की धार', 'चांदी जैसा रंग है तेरा', 'मत कर इतना गुरूर', 'जीए तो जीए कैसे' और 'आदमी खिलौना है' जैसे सुपरहिट गाने देने वाले पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के जेतपुर में हुआ था। सात साल की उम्र से ही पंकज उधास संगीत की दुनिया में जुड़ गए थे। उनके गाने के टैलेंट को उनके भाई मनहर उधास ने पहचाना था। वह बॉलीवुड के मशहूर प्लेबैक सिंगर हैं। 'तेरा नाम लिया', 'तू मेरा हीरो है', 'हम तुम्हें चाहते हैं ऐसे' समेत कई सुपरहिट गाने में उनकी आवाज सुनने को मिलती है। वह उन्हें अपने कार्यक्रम में ले जाते थे। पंकज उधास ने अपने भाई के साथ पहली बार कार्यक्रम में गाना गाया था, जिसमें उन्हें इनाम के तौर पर 51 रुपए दिए गए थे। इस कार्यक्रम में उन्होंने 'ऐ वतन के लोगों' गाना गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया था। इसके बाद पंकज ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह गायिकी और गजल की दुनिया में आगे बढ़ते चले गए। उन्हें 2006 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया था। जब पंकज उधास को पद्मश्री मिलने की घोषणा हुई तो उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं थी। जब उन्हें उनके दोस्त ने बधाई दी, तो उन्होंने अपने दोस्त से पूछा कि किस बात की बधाई? इस पर उनके दोस्त ने बताया कि आपको पद्मश्री से सम्मानित किए जाने की घोषणा हुई है। यह खबर सुनने के बाद पंकज काफी खुश हुए थे।





### पंकज उधास की फरीदा से शादी

पंकज ने 11 फरवरी 1982 को फरीदा से शादी की थी। उनके पड़ोसी ने पंकज की मुलाकात फरीदा से करवाई थी। फरीदा को देखते ही वे उनको दिल दे बैठे थे। उस वक्त पंकज ग्रेजुएशन कर रहे थे और फरीदा एयर होस्टेस थीं। दोनों में दोस्ती हुई और दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों शादी करना चाहते थे। जहां एक तरफ पंकज का परिवार शादी के लिए राजी था, लेकिन फरीदा के परिवार वालों को इस रिश्ते का ऐतराज था। वो दूसरे धर्म में अपनी लड़की की शादी नहीं कराना चाहते थे। लेकिन पंकज ने हार नहीं मानी और वह फरीदा के पिता से अपने रिश्ते की बात करने चले गए। फरीदा के पिता रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर थे, लेकिन उन्होंने अपनी बातों से उनका दिल जीत लिया। फरीदा के पिता दोनों की शादी के लिए मान गए, जिसके बाद दोनों की शादी हुई। दोनों की दो बेटियां नायाब और रेवा हैं।

# पीएम ने बिहार को दी कई सौगात

■ कार्यक्रम में पटना से शामिल हुए नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी

**एजेंसी। पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किए गए रेलवे से संबंधित योजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम में पटना से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रिमोट के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये की लागत से देश भर के 554 रेलवे स्टेशनों का तथा 1,500 रोड ओवर ब्रिज, अंडरपास का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। रेलवे परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम से जुड़े लोगों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बिहार को कई सौगातें दी। कार्यक्रम में बिहार के 33 रेलवे स्टेशनों बरौनी, सीवान, मुंगेर, थावे, अररिया कोर्ट, शिवनारायणपुर, दौरम मधेपुरा, डेहरी ऑन सोन, गुरारू, काढ़ागोला रोड, चौसा, लहेरियासराय, बांका, सिमरी बख्तियारपुर, सुपौल, नवादा, रक्सौल, मोतीपुर, लखीसराय, मशरख, रफीगंज, मैरवा, पीरो, बिक्रमगंज, लाभा, जनकपुर रोड, चकिया, नवीनगर रोड, घोड़ासहन, सालमारी, एकमा एवं शाहपुर पटोरी का पुनर्विकास कार्य एवं 68 रोड ओवरब्रिज, अंडरपास के निर्माण कार्य की शुरूआत की गई। रेलवे योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्य की शुरूआत होने से पहले दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) जयंत कुमार चौधरी ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान रेलवे की परियोजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अशोक चौधरी भी मौजूद रहे।





### प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से देशभर में रेलवे का हुआ कायाकल्प : नित्यानंद राय

**समस्तीपुर।** पीएम ने रविवार को 41 हजार करोड़ की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में नित्यानन्द राय ने कहा कि पीएम के प्रयास से देशभर में रेलवे का कायाकल्प हुआ है। राय ने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र उजियारपुर के अंतर्गत भी चार रेल परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है। इसमें दलसिंहसराय शहर के 32 नम्बर रेलवे गुमटी पर 47 करोड़ 31 लाख की लागत से बनने वाला ओवरब्रिज भी शामिल है। उन्होंने अपने लोस क्षेत्र की जनता की तरफ से मोदी को साधुवाद देते हुए कहा कि इन रेल परियोजनाओं को पूरा होने से रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

### मध्य प्रदेश के 33 रेलवे स्टेशनों का होगा पुनर्विकास, मोदी ने किया शिलान्यास

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर के 554 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की शुरूआत की। इनमें मध्यप्रदेश के 33 रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली से वर्चुअली जुड़े और भारतीय रेलवे के 41 हजार करोड़ रुपये की इन रेल परियोजनाओं का रिमोट के जरिए लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड़ ओवर ब्रिजों, अंडरपास का लोकार्पण-शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और पूरे करने के लिए दिनरात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत, विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है। दशकों तक रेलवे को स्वार्थ भरी राजनीति का शिकार होना पड़ा, लेकिन अब भारतीय रेलवे देशवासियों की यात्रा में आसानी कर रही है। आज रेलवे इज ऑफ ट्रैवलिंग का हिस्सा बन गई है।

### गाजियाबाद के कड़कड़ मॉडल अंडरपास का शिलान्यास

केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में रेलवे ने जनवरी 2019 में ही अपने ब्रॉड गेज ट्रैक नेटवर्क पर सभी मानवरहित लेवल क्रॉसिंग को खत्म कर दिया है। अब ओवरब्रिज या अंडरपास के माध्यम से मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को भी हटाने पर जोर दिया जा रहा है। डॉ. वीके सिंह सोमवार को गाजियाबाद के ग्राम कड़कड़ मॉडल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

तृणमूल कांग्रेस पर भाजपा हमलावर, कहा

# 'बम, विस्फोट, बलात्कारी बचाओ' की है सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा ने संदेशखाली मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार 'मां, माटी, मानुष' की सरकार नहीं बल्कि वह अब 'बम, विस्फोट, बलात्कारी बचाओ' की सरकार है। यह सरकार पीड़ितों पर उंगली उठाने से तनिक भी नहीं हिचकिचाती। आरोपित शाहजहां शेख को सजा की बजाय राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा संरक्षण और सुरक्षा दी जाती है। सोमवार को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार को वहां के हाई कोर्ट की तरफ से सख्त टिप्पणी करते हुए फटकार लगाई गई है। यह बम, विस्फोट, बलात्कारी बचाओ की सरकार है। यहां हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाते हुए शाहजहां को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है लेकिन राज्य सरकार उसे बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि शाहजहां शेख व्यवस्थित तरीके से शारीरिक शोषण का संस्थागत नेटवर्क चलाते हैं, जिसमें कम उम्र की अनुसूचित जाति की महिलाएं हैं। इसके बावजूद तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता पीड़ित महिलाओं पर ही ओछी टिप्पणियां कर रहे हैं। वो पीड़ित महिलाओं को आरएसएस की एजेंट बता रहे हैं। राज्य सरकार का यह तानाशाही और तालिबानी रवैया पीड़ित महिलाओं को डराने-धमकाने का प्रयास कर रहा है।

### संदेशखाली हिंसा मामले में अजीत मैति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने संदेशखाली हिंसा मामले में संलिप्त टीएमसी नेता अजीत मैति को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, मैति को रविवार को ही हिरासत में ले लिया गया था, लेकिन पुलिस ने उसे स्थानीय महिलाओं के आक्रोश से बचाने के लिए सुरक्षित रखा था। दरअसल, उस पर स्थानीय लोगों ने जबरन जमीन हथियाने का आरोप लगाया था। इस आरोप को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने उससे पूरी रात पूछताछ की। अब उसे सोमवार को जिला अदालत में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस उसकी हिरासत की मांग कर सकती है।

## रूस के आक्रमण के बाद से 31 हजार यूक्रेनी सैनिक मारे गए : जेलेंस्की

**एजेंसी। कीव**

राष्ट्रपति ब्लादिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि दो साल पहले रूस के आक्रमण करने के बाद से लगभग 31 हजार यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। राष्ट्रपति ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। बीबीसी ने जेलेंस्की के हवाले से कहा, इस युद्ध में 31 हजार यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि वह घायलों की संख्या नहीं बताएंगे, क्योंकि इससे रूसी सैन्य योजना को मदद मिलेगी। युद्ध में व्यापक नुकसान के बारे में यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के क्षेत्रों में हजारों नागरिक मारे गए, लेकिन सही संख्या अज्ञात है।



बीबीसी ने उनके हवाले से कहा, मुझे नहीं पता कि उनमें से कितने मरे, कितने मारे गए, कितनों की हत्या की गई, यातनाएं दी गईं, कितनों को निर्वासित किया गया। अमेरिकी अधिकारियों पिछले साल अगस्त में मारे गए यूक्रेनी सैनिकों की संख्या 70 हजार बताई थी।

### मरियम नवाज पाक की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा ने सोमवार को पीएमएल-एन की मरियम नवाज को प्रांत और पाकिस्तान की पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में चुना। यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों में दी गई। मरियम ने स्पष्ट किया, यह स्वाभाविक है कि जब लोग मेरी तरह उत्पीड़न का शिकार होते हैं, तो वे नफरत पालते हैं। मैं आज कहना चाहती हूं कि मैं बदला लेना नहीं चाहती, न ही मेरे मन में किसी के लिए नफरत है।

## 'लीकेज-घोटालों को रोकने से रेलवे के विस्तार को मिली दोगुनी गति'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2 हजार रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया। लीकेज और घोटालों को रोकने को अपनी सरकार की उपलब्धि के तौर पर गिनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बजटीय आवंटन अधिक होने पर भी लीकेज से विकास बाधित होता है। 2014 से पहले की तुलना में नई रेलवे लाइनें बिछाने की गति दोगुनी हो गई है। युवाओं को आधुनिक परियोजनाओं का शीर्ष लाभार्थी मानते हुए उन्होंने कहा कि इससे उनके लिए रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे। द्यविकसित भारत युवा आकांक्षाओं का भारत है। वे युवाओं से कहना चाहते हैं, उनकी आकांक्षाएं ही मेरा संकल्प हैं! मेरे संकल्प के साथ आपके सपने और कड़ी मेहनत ही 'विकसित भारत' की गारंटी है। आधुनिक ढांचागत सुविधाओं को निवेश के लिए जरूरी बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले 5 वर्षों में हजारों स्टेशनों के आधुनिक होने पर भारतीय रेल की क्षमता बढ़ेगी और निवेश की एक बहुत बड़ी क्रांति आएगी। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को नये भारत की कार्यशैली का प्रतीक बताया और कहा कि अब भारत अभूतपूर्व स्तर पर अभूतपूर्व गति से काम कर रहा है। छोटी-छोटी आकांक्षाओं से अलग होकर आज का भारत बड़े सपने देखने और उन सपनों को जल्द से जल्द साकार करने की ओर बढ़ चुका है।

लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज का 107वें वार्षिक दिवस और दीक्षांत समारोह

# डाक्टरों का प्राथमिक उद्देश्य 'स्वयं से पहले सेवा' होना चाहिए : राष्ट्रपति मुर्मू

### राष्ट्रीय मानव दूध बैंक व स्तनपान परामर्श केंद्र की स्थापना की गई है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को नई दिल्ली में लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएमसी) के 107वें वार्षिक दिवस और दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस मौके पर राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि आज चिकित्सा विज्ञान सिर्फ इलाज तक ही सीमित नहीं है। इसका दायरा बहुत व्यापक हो गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि गांधी जी ने भी चरित्र के बिना ज्ञान और मानवता के बिना विज्ञान को पाप बताया है। इसलिए डाक्टरों का प्राथमिक उद्देश्य पैसा कमाना नहीं बल्कि 'स्वयं से पहले सेवा' होना चाहिए। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि चौथी औद्योगिक क्रांति के कारण भौतिक, डिजिटल और जैविक क्षेत्रों के बीच का अंतर कम हो रहा है। सिंथेटिक बायोलॉजी में हो रहे नए प्रयोग और क्लस्टर्ड रेगुलर इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट (सीआरआईएसपीआर) जीन एडिटिंग जैसी नई तकनीकें सदियों से चली आ रही समस्याओं का समाधान ढूंढने में मददगार साबित हो रही हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि चिकित्सा बिरादरी अपने पेशेवर जीवन में नैतिकता और उच्च मूल्यों के अनुसार काम करेगी और वन हेल्थ' के एकीकृत दृष्टिकोण के साथ सभी समस्याओं को हल करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि लोग डॉक्टरों को भगवान मानते हैं, ऐसे में डॉक्टरों को इस नैतिक जिम्मेदारी को समझना चाहिए और उसके अनुरूप व्यवहार करना चाहिए। एलएचएमसी को अंग प्रत्यारोपण पुनर्प्राप्ति केंद्र के रूप में पंजीकृत किया गया है। रोगाणुरोधी प्रतिरोध की समस्या को हल करने के लिए व्यापक एंटीबायोटिक प्रबंधन कार्यक्रम शुरू किया गया है और अन्य संस्थानों के सहयोग से आईड्रोन पहल के तहत ब्लड बैग डिलीवरी पर भी काम कर रही है। नॉर्वे सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय मानव दूध बैंक और स्तनपान परामर्श केंद्र 'वात्सल्य - मातृ अमृत कोष' की स्थापना की गई है। इस मौके पर राष्ट्रपति ने विश्वास जताया कि यह केंद्र स्तनपान के बारे में जागरूकता पैदा करने और शिशु मृत्यु दर को कम करने में मददगार साबित होगा।




फिल्म जगत

## 'महारानी 3' में मेरा किरदार शांत लेकिन चुनौतीपूर्ण : अनुजा साठे



**मुंबई।** एक्ट्रेस अनुजा साठे स्ट्रीमिंग राजनीतिक ड्रामा शो 'महारानी' के अपकमिंग तीसरे सीजन की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। एक्ट्रेस ने शेयर किया है कि शो में कीर्ति सिंह का उनका किरदार चुनौतीपूर्ण है। एक्ट्रेस ने कहा कि शुरूआत में उनके लिए बिहारी लहजा बोलना थोड़ा मुश्किल था, लेकिन उनके डायलेक्ट कोच ने उन्हें भाषा की बारीकियों और उच्चारण में मदद की। इस पर विस्तार से बताते हुए, अनुजा ने कहा, "कीर्ति का किरदार शांत लेकिन संतुलित व्यक्ति के जैसा है, जबकि मैं व्यक्तिगत रूप से एक ऐसी व्यक्ति हूं जो सीधी-सादी है और अपने मन की बात खुलकर कहना पसंद करती है। यह काफी विरोधाभासी किरदार रहा है, मुझे खुशी है कि मैंने इस चुनौती को चुना। सुभाष सर के मार्गदर्शन से, मैं कीर्ति के किरदार को जीवंत बनाने में कामयाब रही। हालांकि, मैं अपने डायलेक्ट कोच को भी श्रेय देना चाहूंगी, जिन्होंने मुझे बिहारी लहजा सीखने में मदद की, जो शुरू में मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था।" एक्ट्रेस ने आगे कहा, "कीर्ति की यात्रा के बारे में दिलचस्प बात यह है कि वह अच्छे और बुरे के बीच की रेखा को कैसे पार करती है। न तो वह नायक है और न ही खलनायक, वह दोनों का मिश्रण है, जो उसके किरदार को और भी ज्यादा आकर्षक बनाता है। कीर्ति की कहानी को जीवंत करना चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद दोनों रहा है, और मैं हमारी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।